CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 19 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 232 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 30 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एसआईआर प्रक्रिया असवैधानिक और लोकतंत्र का मखौल: एसवाई कुरैशी पेज 2



दिल्ली ने बेंगलुरु को रोमांचक मुकाबले में हराया खेल टाइम्स



अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप, हमले के डर से रास्ता बदला पेज 11



रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग बॉलीवुड

# ट्रम्प की धमकी के बाद ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज स्ट्रेट

## सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट, अब फिर से पुरानी स्थिति, सख्त ईरानी सैन्य नियंत्रण में वापस आया

तेहरान, वार्ता

**ईरान ने शनिवार** को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज स्ट्रेट अब फिर से पुरानी स्थिति यानी सख्त सैन्य नियंत्रण में वापस आ गया है। ईरान ने यह फैसला अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की लगातार की जा रही घेराबंदी के जवाब में लिया है।

तेहरान ने पहले इस जलमार्ग को फिर से खोलने की घोषणा की थी। ईरानी सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने इस संबंध में जानकारी दी है। ईरान के सेंट्रल हेडक्वार्टर ऑफ द होली प्राफेट के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि तेहरान ने पहले सद्भावना दिखाते हुए बातचीत के बाद तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों को इस रास्ते से सीमित और प्रबंधित तरीके से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई थी। हालांकि, प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका घेराबंदी लागू करने के बहाने समुद्री डकैती और लूटपाट जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है।



■ आईआरआईबी ने कहा: अमेरिका ने अपने वादों को बार-बार तोड़ा

### अमेरिका-ईरान युद्धविराम आगे नहीं बढ़ाया जा सकता: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम को लेकर बड़ा संकेत दिया है। उन्होंने कहा है कि मौजूदा युद्धविराम को आगे बढ़ाया भी जा सकता है और नहीं भी, यह पूरी तरह हालात पर निर्भर करेगा। एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से ट्रम्प ने कहा कि अगर तय समय तक कोई समझौता नहीं होता है, तो युद्धविराम को आगे बढ़ाने की संभावना कम हो सकती है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि हालात बिगड़ने पर सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू हो सकती है। ट्रम्प ने कहा कि शायद मैं इसे आगे न बढ़ाऊं, लेकिन नाकाबंदी जारी रहेगी। अगर समझौता नहीं हुआ तो हमें फिर से कार्रवाई करनी पड़ सकती है।

### होर्मुज में भारतीय जहाजों पर IRGC की गोलीबारी

**काहिरा/नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान की ओर से कथित गोलीबारी के बाद भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर लौटना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले इस अहम समुद्री मार्ग को अस्थायी रूप से खोला गया था। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक तेल सप्लाई, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, दो भारतीय जहाज जग अर्नव और सन्मार हेराल्ड इस घटना में शामिल थे। इनमें से जग अर्नव, जो लगभग 20 लाख बैरल इराकी कच्चा तेल लेकर जा रहा था, पर फायरिंग की गई। दूसरा जहाज पास में मौजूद था, लेकिन उसे निशाना नहीं बनाया गया। घटना के बाद दोनों जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट से वापस लौटने का फैसला लिया। मामले में भारत ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, इस घटना को लेकर भारत ने ईरान के राजदूत को तलब किया है और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

■ भारतीय जहाजों को अपना रास्ता बदलकर वापस लौटना पड़ा, भारत में ईरानी राजदूत को तलब किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### एआई से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में एआई का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे एआई से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें। यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे।

### सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा: संविधान सबसे ऊपर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों का फैसला करते समय, संविधान को व्यक्तिगत धार्मिक मान्यताओं से ऊपर रखना चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में मन की स्वतंत्रता और संवैधानिक ढांचे द्वारा निर्देशित होना जरूरी है। अदालत में चल रही यह बहस इस बिंदु पर केंद्रित रही कि क्या धर्म के मामलों में न्यायपालिका का दखल उचित है। पीठ ने संकेत दिया कि जब मुद्दा संवैधानिक अधिकारों का हो, तो केवल 'धर्म' की दुहाई देकर उसे न्यायिक समीक्षा से बाहर नहीं रखा जा सकता। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने तर्क दिया था कि अंतरात्मा का अधिकार बहुत व्यापक है और यह किसी भी व्यवस्था या धर्म पर सम्मानपूर्वक सवाल उठाने की स्वतंत्रता देता है। बेंच अब इस संदर्भ में धर्म, अंतरात्मा और अनुच्छेद 25 व 26 के परस्पर संबंधों की व्याख्या कर रही है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है।

# महिला आरक्षण बिल पर माफी मांगता हूं: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिला आरक्षण पर देश को 30 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन नहीं हो पाया। मैं सभी माताओं-बहनों से माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए देशहित सर्वोपरि है, जब कुछ लोगों के लिए दल हित सबकुछ हो जाता है, दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है, तो नारी शक्ति को ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।

पीएम ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके जैसे विपक्षी दल इस भ्रूणहत्या के गुनहगार हैं। ये देश के संविधान के अपराधी हैं। नारी शक्ति के अपराधी हैं। जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी। लोकसभा में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान (131वां संशोधन) बिल पास नहीं हो सका था। पीएम ने कहा कि विपक्ष ने जश्न मनाया, मेजें थपथपाईं, महिलाओं के सपने को कुचल दिया, आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे भारत की नारी शक्ति की उड़ान को रोक दिया गया। उनके सपनों को बेरहमी से कुचल दिया गया। कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और समाजवादी पार्टी जैसे दलों की स्वार्थी राजनीति का नुकसान देश की नारी शक्ति को उठाना पड़ा है। कल देश की करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी। देश की नारी शक्ति देख रही थी। मुझे भी ये देखकर बहुत दुख हुआ कि जब ये नारी हित का प्रस्ताव गिरा तो कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थीं। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। कल विपक्ष ने जो भी किया वह केवल टेबल पर थाप नहीं थी। वह नारी के स्वाभिमान पर उसके आत्म सम्मान पर चोट थी। और नारी सब भूल जाती है, अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस के उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक, हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। देश की नारी जब भी अपने क्षेत्र में इन नेताओं को देखेगी, तो वह याद करेगी कि इन्हीं लोगों ने संसद में महिला आरक्षण को रोकने का जश्न मनाया था, खुशियां मनाईं थीं। कल नारी शक्ति वंदन विधेयक का जिन लोगों ने विरोध किया है, उनसे मैं दो टूक कहूंगा कि ये लोग नारी शक्ति को फार ग्रांटेड ले रहे हैं। वे ये भूल रहे हैं कि 21वीं सदी की नारी देश की हर घटना पर नजर रख रही है। वह उनकी मंशा भांप रही है और सच्चाई भी भली-भांति जान चुकी -शेष पृष्ठ दो पर




■ प्रधानमंत्री ने कहा: जिन लोगों ने आधी आबादी का अधिकार छीना, उन्हें इस पाप की सजा मिलेगी

■ नारी अपमान नहीं भूलती, परिवारवादी पार्टियां डर गईं, करोड़ों महिलाओं की नजर संसद पर थी

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक जनवरी 2026 से अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ाने कीमंजूरी प्रदान कर दी।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगा। सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों को पेंशन में मिलने वाली महंगाई राहत भी 58 फीसदी से बढ़ाकर 60 फीसदी कर दी गई है। इससे सरकारी खजाने पर हर साल तकरीबन 6,791.24 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस फैसले से लगभग 50.46 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.27 लाख पेंशनभोगी लाभांवित होंगे। आधिकारिक जानकारी में बताया गया है कि महंगाई भत्ते में यह वृद्धि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप की गई है।




# इतिहास की गवाही देता कब्रिस्तान

## संरक्षण को तरसती जिम कॉर्बेट की यादें, लोगों ने की संरक्षण की मांग

अफ़ज़ल हुसैन फौजी

**नैनीताल।** उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में बसा नैनीताल सिर्फ अपनी झीलों, पहाड़ों और सुहावने मौसम के लिए ही नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपे इतिहास के अनमोल खजाने के लिए भी जाना जाता है।

इन्हीं ऐतिहासिक धरोहरों में शामिल है सूखाताल क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन कब्रिस्तान, जो आज भी ब्रिटिश काल की कहानियों को अपने भीतर संजोए हुए है। घने पेड़ों और सन्नाटे के बीच मौजूद यह स्थान एक अलग ही अनुभूति कराता है, यहां की हर कब्र अतीत की एक कहानी कहती है। इस कब्रिस्तान की सबसे खास बात यह है कि यहां प्रसिद्ध शिकारी, लेखक और प्रकृतिविद् जिम कार्बेट के माता-पिता, मैरी जिम कार्बेट और क्रिस्टोफर विलियम कार्बेट की कब्रें मौजूद हैं। क्रिस्टोफर कार्बेट उस समय नैनीताल में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत थे। इन कब्रों के माध्यम से न केवल एक परिवार का इतिहास सामने आता है, बल्कि उस दौर की झलक भी मिलती है, जब नैनीताल अंग्रेजों के लिए एक प्रमुख हिल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा था।

### जिम कॉर्बेट के माता-पिता की कब्रें

नैनीताल निवासी प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं कि, यह कब्रिस्तान केवल एक दफन स्थल नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय विरासत का हिस्सा है. इसका संबंध सेंट जान्स इन द विल्डरेंस चर्च से भी जुड़ा हुआ है, जिसे कुमाऊं का पहला प्रोटेस्टेंट चर्च माना जाता है। वर्ष 1845 में स्थापित यह चर्च ब्रिटिश काल में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करता था। यहीं पर बपतिस्मा, विवाह और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते थे। इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत बताते हैं कि आज भी कई विदेशी परिवार अपने पूर्वजों की याद में नैनीताल आते हैं और इस कब्रिस्तान व चर्च में स्थित कब्रों को देखने पहुंचते हैं। यह परंपरा इस बात का प्रमाण है कि नैनीताल केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। हालांकि विडंबना यह है कि -शेष पृष्ठ दो पर

### 1880 के भूस्खलन से जुड़ा है इतिहास

इस कब्रिस्तान में कुमाऊं के पूर्व ब्रिटिश कमिश्नर जॉर्ज थामस ल्यूसिंगटन की कब्र भी स्थित है, जिन्हें नैनीताल के नगरीकरण की शुरुआत करने का श्रेय दिया जाता है। इसके अलावा, वर्ष 1880 में आए भीषण भूखलन के पीड़ितों को भी यहीं दफनाया गया था। यह घटना आज भी नैनीताल के इतिहास में एक दर्दनाक अध्याय के रूप में दर्ज है और इस कब्रिस्तान की गंभीरता को और बढ़ा देती है। इतिहास की इतनी परतें अपने भीतर समेटे यह कब्रिस्तान आज जर्जर हालत में है। कई कब्रों पर लिखे नाम मिट चुके हैं, पत्थर -शेष पृष्ठ दो पर

# शादी-पार्टियों में गहनों पर लगी सीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** तहसील चकराता के खत काण्डोई भरम क्षेत्र में बढ़ती महंगाई और सामाजिक सादगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अहम निर्णय लिया गया है। जुबड़धार स्थित गांव खुन्द नाणसेऊ में आयोजित सामूहिक बैठक में शादी-पार्टियों एवं मेले-उत्सवों में महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले आभूषणों की सीमा तय कर दी गई।

बैठक की अध्यक्षता खत के सदर स्याणा महेंद्र सिंह चौहान ने की, जिसमें क्षेत्र के सातों गांवों के स्याणा एवं ग्रामवासी शामिल हुए। बैठक में सदर स्याणा ने वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए शादी समारोहों में अधिक गहने पहनने की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया।



■ महिलाएं केवल तीन आभूषण ही धारण कर सकेंगी
■ उल्लंघन करने पर लगेगा 51 हजार का जुर्माना

**तीन आभूषणों तक ही सीमित रहेगा पहनावा** सामूहिक निर्णय के अनुसार अब खत काण्डोई भरम के सभी गांवों में आयोजित होने वाली शादी-पार्टियों एवं मेले-उत्सवों में महिलाएं केवल तीन आभूषण ही धारण करेंगी। इनमें नाक की फूली, कान के कनफूल और गले में एक मंगलसूत्र शामिल हैं।

**उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना**

निर्णय का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, परिवार या गांव पर 51 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। यह नियम खत काण्डोई भरम के अंतर्गत आने वाले सभी सात गांवों में समान रूप से लागू होगा। बैठक में उपस्थित सभी ग्रामवासियों और स्याणा गण ने इस निर्णय पर अपनी पूर्ण सहमति जताई और इसे सामाजिक हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस दौरान रूप सिंह चौहान (काण्डोई भरम), पुरचंद सिंह सारस्वत (ठारटा), रतन सिंह परमार (पुनिग), इंदर सिंह तोमर (पिंगवा), मदन सिंह चौहान (कुनवा), पुराण सिंह चौहान (गोरछा) और रतिराम सिंह तोमर (कावाखेड़ा) सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किशोरियों को स्वास्थ्य व जागरूकता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरछा में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं जागरूकता को लेकर एडोलोसेंस (किशोरावस्था) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एएनएम शिखा चौहान ने किशोरियों को मासिक धर्म, स्वच्छता एवं किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं आशा कार्यकर्त्री उजला चौहान ने भी किशोरियों को मानसिक एवं शारीरिक बदलावों के प्रति सजग रहने और सही जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए किशोरावस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सोनिया ने प्रथम, काजल ने द्वितीय तथा मन्नु जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




■ गोरछा विद्यालय में एडोलोसेंस कार्यक्रम आयोजित

विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह तोमर ने कार्यक्रम में आमंत्रित एएनएम एवं आशा कार्यकत्री को सम्मानित किया तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों को समझने और उनसे संबंधित समस्याओं का सामना करने के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक युद्धवीर सिंह राय, जगत सिंह तोमर, चेतन प्रसाद सेमवाल एवं मनोज कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई परशुराम जयंती

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज बाबूगढ विकासनगर में परशुराम जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कालीराम भट्ट, बाज सिंह, छत्रपाल सिंह, पंकज नौटियाल तथा अन्य भैया बहनों के द्वारा माँ सरस्वती व भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय की छात्रा नंदनी तथा आचार्य अनीता गोयल ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम जयंती, जो हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है।

# सेपियंस स्कूल में बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में डॉ. निशा गैरा (एमबीबीएस, एमएस देहरादून, 30 वर्षीय अनुभव, सीनियर प्रसूति विशेषज्ञ) द्वारा कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों के बारे में जागरूक करना था। डॉ. निशा गैरा ने कई जागरूकता कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है, जिससे बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। विद्यालय निदेशिका ने इस कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए



कहा कि उनका यह प्रयास बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करने के लिए सराहनीय है। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, स्कूल निदेशिका रश्मि गोयल, रशिता सपरा, नंदी बिष्ट, बेबी राठौर, सुमालती, नेहा सिंह, प्रीति, मानसी, प्रियंका, मोनिका, दीक्षा, पूजा ठाकुर शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# ब्राइट एंजेल्स स्कूल में विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में सीबीएसई के अंतर्गत कक्षा 10वी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के अभिभावकों को विशेष रूप बुलाया गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा बारहवीं के छात्र प्रसून गुप्ता, चारू, अतिक्षा द्वारा की गई, जिन्होंने गुरूजनों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश करते हुए अपने माता पिता एवं गुरूओं को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने कहा कि गुरूजनों को भी वही सम्मान मिलना चाहिए जो माता पिता



■ गुरू ही बच्चों को ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है: विद्यार्थी

को दिया जाता है क्योंकि वे ही बच्चों को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते है।

विद्यालय के निदेशक कर्नल कादिर हुसैन ने बताया कि जीवन में सही मार्गदर्शन का कितना महत्व होता है और कैसे गुरू अपने समय और प्रयास से विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाते हैं।

कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर अरीबा, दिव्या अग्रवाल, डा. बीना अरोड़ा, मनीष रावत, प्रशांत गुप्ता, संगीता सैनी, संगीता बाली, सुंदला चौहान, सपना भारद्वाज, तबस्सुम खान, प्रीति नेगी, लतिका मल्होत्रा, प्रदीप, विनय गुप्ता, अलाउद्दीन अहमद, जावेद, शिवानी, अनुप्रिया, शीतल, पंजाब सिंह, राधा जैन आदि मौजूद रहे।

# विश्व धरोहर दिवस पर द दून ग्लोकल स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** द दून ग्लोकल स्कूल, जमनपुर सेलाकुई में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर पावर पॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में रेड हाउस (चौलेंजर्स) की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि येलो हाउस (मोटिवेटर्स) द्वितीय स्थान पर रहा। ब्लू और ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।



विद्यालय के डायरेक्टर अनस ने कहा कि विश्व धरोहर दिवस हमें अपनी संस्कृति, इतिहास और विरासत को सहेजने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि धरोहर हमारी पहचान है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन इमरान खान, प्रधानाचार्य जूही खान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# चारधाम यात्रा : लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : महाराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह सख्त नजर आ रही है। पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने साफ कहा है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग की सभी सड़कों का आंकलन करने और 13 वैकल्पिक मार्गों को पूरी तरह तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को यमुना कॉलोनी स्थित लोक निर्माण विभाग सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने सड़क, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग पर स्थायी और अस्थायी



शौचालयों की साफ-सफाई बेहतर हो, साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पेट्रोल पंपों और होटलों में निःशुल्क शौचालय और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मंत्री ने कहा कि मंदिरों के कपाट खुलने पर सबसे पहले विश्व शांति के लिए प्रार्थना की जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाना है। बैठक में नदियों में बढ़ते सिल्ट के कारण सड़कों पर पड़ रहे प्रभाव पर भी चर्चा हुई। भटवाड़ी, डबराड़ी और चडेथी जैसे क्षेत्रों में नदी स्तर बढ़ने की समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग को समय पर नदी चौनलाइजेशन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

■ लोक निर्माण मंत्री ने व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए सख्त निर्देश

मंत्री ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान, संवेदनशील स्थानों की मैपिंग और प्राथमिकता तय करने को कहा। साथ ही जीपीएस आधारित मशीनरी ट्रैकिंग, एकल मार्ग प्रणाली, डायवर्जन योजना, सड़क संकेतक, रिफ्लेक्टर और क्रैश बैरियर की स्थिति सुधारने के निर्देश भी दिए।

पर्यटन विभाग को निर्देश दिए गए कि सड़क किनारे संकेत पट्टों के माध्यम से पेट्रोल पंप, अस्पताल और भोजनालयों की दूरी स्पष्ट रूप से दर्शाई जाए। साथ ही सभी भोजनालयों में निःशुल्क पश्चिमी कमोड शौचालय की उपलब्धता का संकेत भी लगाया जाए। होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के लिए दस्ताने पहनना अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा सैनिटाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने और रैथल, द्वारा, रोडीताल और खोड़ाताल के खराब ट्रैक मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सचिव डॉ पंकज कुमार पांडे, गंगोत्री विधायक सुरेश सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में 9000 से अधिक कृषक कर रहे मधुमक्खी पालन : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास में शहद उत्पादन के लिए स्थापित किए गए मधुमक्खी के बक्सों से शहद निकाला। उन्होंने जानकारी दी कि 30 बक्सों से लगभग 60 किलोग्राम शहद निकाला गया। उन्होंने इस कार्य के तकनीकी विशेषज्ञों से शहद उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में 9000 से अधिक कृषक



मधुमक्खी पालन व्यवसायिक रूप से कर रहे हैं, जिससे लगभग 3300 एमटी का उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त कई कृषक छोटे स्केल पर भी मधुमक्खी पालन कर रहे हैं।

■ तीस बक्सों से निकला साठ किलोग्राम से अधिक शहद, कृषि मंत्री ने अपने शासकीय आवास में निकाला शहद

कृषिको द्वारा मुख्यत: इन्डिका और मेलिफेरा प्रजातियों से शहद का उत्पादन किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने हर जिले में एक मधुग्राम और जनपद चम्पावत व देहरादून में दो मधुग्राम भी चयनित किये गये हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि मधुमक्खी उत्पादन से कृषक अपने आय को बढ़ा सकते हैं और यह उन कृषकों के लिए अत्यधिक लाभदायक है जिनके पास भूमि उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में शहद के प्रसंस्करण के लिए 13 मधु प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित हैं, इस अवसर पर बागवानी मिशन के निदेशक महेन्द्र पाल, मुख्य उद्यान अधिकारी डा डीके तिवारी, पिंकी स्वयं सहायता समूह से पिंकी, किरन आदि सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने मातृशक्ति संग सुना प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन, कांग्रेस पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने विधानसभा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं के साथ सुना। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें महिला विरोधी बताया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ में इसका विरोध किया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय और नारीशक्ति का अपमान बताया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी नकारात्मक सोच उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दोहरा रवैया अब देश के सामने है और पहले भी वह महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में बाधा बनती रही है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां इस अपमान को कभी नहीं भूलेंगी और समय आने पर इसका जवाब देंगी।

इस दौरान राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, सरकार में दायित्वधारी विनय रोहिला, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवींद्र कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता डंड्रियाल, भावना चौधरी, उमा सहित सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# शिक्षा में सुधार के साथ संस्कार भी जरूरी : देवेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना बेहद आवश्यक है। यह बात एंजल हेवन स्कूल खंदूखाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं माध्यमिक वर्ग बालिका/महिला क्रिकेट के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने कही।

कहा कि नौनिहालों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों के बीच बेहतर समन्वय होना जरूरी है। विद्यालय प्रबंधन को चाहिए कि वह अभिभावकों की शिकायतों का निष्पक्ष समाधान करे, वहीं अभिभावकों को भी सकारात्मक सोच के साथ सहयोग करना चाहिए। देवेन्द्र गौड़ ने अभिभावकों से अपील की कि वे केवल अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों की ओर आकर्षित न हों, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता, संस्कारों और पारंपरिक मूल्यों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा वही है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध बनाए। कार्यक्रम में गांव की बात रेडियो से जुड़ी सदस्य अमृता बहुगुणा ने विद्यालय के विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और शिष्टाचार की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों में जो आत्मविश्वास और अनुशासन देखने को मिला, वह प्रशंसनीय है। यही कारण है कि उन्होंने बड़े शहरों की चकाचौंध छोड़कर पहाड़ में शिक्षा ग्रहण करने का निर्णय लिया, जो एक सकारात्मक सोच का प्रतीक है। विद्यालय की प्रधानाचार्या विभा भट्ट ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि देवेन्द्र गौड़ द्वारा मातृशक्ति एवं बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयास प्रेरणादायक हैं और भविष्य में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

इस अवसर पर कांता भंडारी, विद्यालय प्रबंधक आरपी भट्ट, विवेक कुमार, शुभाष चंद्र, शशि कला, कमला नेगी, गीता नेगी और पूनम सहित कई अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समाज सुधार में अपनी जिम्मेदारी निभाए बुद्धिजीवी वर्ग : रहमानी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हालात कैसे भी हो घबराने की जरूरत नहीं है, कानून के दायरे में रहकर अपनी सामाजिक, धार्मिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना ही सबसे बेहतर रास्ता है।

यह बात शनिवार को भारूवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से खुसूसी फिक्री व इस्लाही बैठक में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कही। यूसीसी (समान नागरिक संहिता) के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट कहा इस संबंध में बोर्ड अदालत का दरवाजा खटखटा चुका है। उन्होंने समाज के हर तबकेख़बुद्धिजीवियों, आधुनिक




■ दहेज प्रथा, फिजूलखर्ची, नशाखोरी और मोबाइल की लत से बचने की नसीहत

शिक्षित वर्ग और उलमाख़से अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और निभाने की अपील की। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, फिजूलखर्ची, नशाखोरी और मोबाइल की लत से बचने की नसीहत दी। उन्होंने मां-बाप, पत्नी, बच्चों और पड़ोसियों के अधिकारों की हिफाजत पर भी जोर दिया।

राष्ट्रीय सचिव मौलाना उमरैन महफूज रहमानी ने कहा कि हर मुसलमान को शरीयत के बताए रास्ते पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि बोर्ड लगातार जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहा है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

वहीं, राष्ट्रीय प्रवक्ता सैय्यद कासिम रसूल इलियास ने संस्थागत पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि सभी शिक्षण और धार्मिक संस्थानों, मस्जिदों व मदरसों के दस्तावेज दुरुस्त रखने चाहिए और वित्तीय लेनदेन पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए।

इस अवसर पर बोर्ड के उत्तराखंड सदस्य मुफ्ती सलीम अहमद कासमी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. एस फारूख, जमीयत के प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत, जिलाध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान, इमाम संगठन अध्यक्ष मुफ्ती रईस कासमी, मुफ्ती तौफीक इलाही, मुफ्ती अयाज अहमद, मौलाना एजाज, मौलाना गुलशेर, मौलाना रागिब, मास्टर अब्दुल सत्तार, हाफिज शाहनजर, मोहम्मद युसुफ, गुलजार अहमद, मो. हसन, कारी नईम, कारी फरहान, अनवर कमाल, मास्टर मुस्तकीम, शमीम अंसारी व तौसीफ खान आदि मौजूद रहे।

CMYK



# चारधाम यात्रा: सीएम ने बसों को दिखाई हरी झण्डी, श्रद्धालुओं से मिले



■ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी किया स्थलीय निरीक्षण, सुगम, सुरक्षित, सुव्यवस्थित यात्रा सरकार का संकल्प, धार्मिक स्थलों एवं यात्रा मार्ग में स्वच्छता बनाए रखने का मुख्यमंत्री ने किया आग्रह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ऋषिकेश में संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति द्वारा आयोजित चारधाम यात्रा-2026 के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चार धाम जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए स्थापित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने देश भर से आए श्रद्धालुओं का उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा - आस्था, साधना और आत्मा को जोड़ने का मार्ग है। यह यात्रा हर कठिनाई को पार करने की शक्ति देती है। उन्होंने कहा सरकार का संकल्प है कि यात्रा सुगम, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दिव्य हो। चारधाम यात्रा करोड़ों श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा माँ गंगा के आशीर्वाद से यात्रा हर साल नया कीर्तिमान रच रही है। उन्होंने कहा राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए दृढ़ संकल्पित है, वे स्वयं लगातार यात्रा की तैयारियों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य, हर श्रद्धालु को सुरक्षा, सम्मान और दिव्य अनुभव प्रदान कराना है। हर श्रद्धालु देवभूमि में बिताए गए पलों की स्वर्णिम स्मृतियाँ अपने साथ लेकर जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से धार्मिक स्थलों एवं यात्रा मार्ग में विशेष स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड के कण-कण में भगवान का वास है, इस पवित्रता को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने इस वर्ष ग्रीन चारधाम यात्रा और प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ धाम का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार द्वारा यात्रा मार्गों पर नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी वाहनों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा जैसे हम अपने घर के मंदिर को साफ और पवित्र रखते हैं, वैसे ही देवभूमि को भी स्वच्छ और पवित्र बनाए रखना है। उन्होंने यात्रियों से अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने का भी आवाहन किया। इस अवसर पर पूर्व

## यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं : सुबोध उनियाल

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार, यात्रियों की सुविधा, सुगमता और स्वास्थ्य को लेकर पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। उन्होंने यात्रियों से निवेदन करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी का अवलोकन अवश्य करें। आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य जांच करने के बाद ही यात्रा में आए। उन्होंने बताया केदारनाथ में मेडिकल अस्पताल तैयार हो गया है। बद्रीनाथ में 50 बेड का अस्पताल जून तक तैयार हो जाएगा। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है।

## परिवहन विभाग लगातार कर रहा आगामी यात्रा की तैयारी : प्रदीप बत्रा

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि परिवहन विभाग लगातार आगामी यात्रा की तैयारी कर रहा है। हमारा कर्तव्य है कि प्रदेश में आने वाले हर श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो। उन्होंने बताया इस वर्ष यात्रा मार्ग में सिंगल लेन सड़कों, लैंडस्लाइड जोन, जैसे स्थानों पर शटल सर्विस की शुरुवात की गई है। इसके साथ मूवेबल शटल सर्विस के लिए हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध करवाया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर एल.ई.डी लगाकर लोगों को जानकारियां




श्री पुष्कर सिंह धामी
मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

उत्तराखण्ड राज्य

# पॉलीटेक्निक चलो अभियान – 2026
## संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)
## प्राविधिक शिक्षा विभाग उत्तराखंड
पॉलीटेक्निक से स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम
रोजगार के व्यापक अवसर



डॉ. धन सिंह रावत
मा. मंत्री, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखंड



**Group (ग्रुप)**
E- Engineering/Technology, P-Pharmacy
A- Lateral Entry
**Application Date (आवेदन की तिथि)**
15 जनवरी 2026 से 15 मई 2026 तक



- प्रदेश में प्रवेश के लिए कुल 71 राजकीय, 1 अनुदानित, एवं 85 निजी क्षेत्र की डिप्लोमा स्तरीय संस्थाएँ स्थापित है।
- महिलाओं के लिए प्रत्येक वर्ग में 30% आरक्षण की व्यवस्था है।
- अधिकांश राजकीय, अनुदानित पॉलीटेक्निक में महिला छात्रावास अलग से उपलब्ध है।
- 12वीं/आई. टी. आई. उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए द्वितीय वर्ष में प्रवेश की सुविधा है।
- शासनादेश के अनुसार वर्गवार, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14%, अनुसूचित जाति के लिए 19% व अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 4% EWS अभ्यर्थियों के लिए 10% आरक्षण की व्यवस्था है।
- प्रत्येक वर्ग में सैनिक आश्रितों हेतु 5%, दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु 4% व स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों हेतु 2% आरक्षण की व्यवस्था है।
- डिप्लोमा स्तरीय 40 पाठ्यक्रम उपलब्ध है।
- प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म की व्यवस्था है।
- पॉलीटेक्निक संस्थानों से डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों के लिये प्रतिवर्ष रोजगार मेलों का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें अधिकांश छात्रों को प्रतिष्ठित उद्योगों में आकर्षक वेतन पर सेवायोजन प्राप्त होता है तथा पीएसयू की सभी कम्पनियों में भी सेवायोजन के अच्छे अवसर प्राप्त होते हैं।
- पॉलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को बीटेक पाठ्यक्रम में लैटरल ऐन्ट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्रदान किया जाता है।
- पॉलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों को उत्तराखंड शासन द्वारा इंटरमीडिएट की समकक्षता प्रदान की गई है।









| पाठ्यक्रम | अवधि / अर्हता | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|
| केमिकल इंजीनियरिंग, केमिकल टेक्नोलाजी (पेन्ट) | तीन वर्ष / 10वीं | केमिकल निर्माण उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, डिस्टिलरी उद्योग में, शुगर मिल्स में, विभिन्न सरकारी उद्योगों में, शैक्षिक संस्थाओं में, दवा उद्योगों में, विभिन्न उत्पादक उद्योगों में तथा स्वरोजगार। |
| इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग | तीन वर्ष / 10वीं | एच0ए0एल0, टी0वी0 निर्माण कम्पनी, आकाशवाणी, एअरपोर्ट अथॉरिटी, नागरिक उड्डयन, डाक एवं तार विभाग, दूरसंचार, बी.ई.एल., बी.एच.ई.एल. विद्युत परिषद्, इलेक्ट्रानिक्स निर्माण उद्योग। |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | तीन वर्ष / 10वीं | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में पावर सिस्टम इंजीनियर,, प्लांट इंजीनियर आदि के रूप में रोजगार के अवसर। |
| कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलाजी | तीन वर्ष / 10वीं | कम्प्यूटर निर्माण उद्योग/प्रतिष्ठान एवं कार्यालय, अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य, साफ्टवेयर निर्माण उद्योग में। |
| फार्मेसी | दो वर्ष / 12वीं | सरकारी/गैर सरकारी दवा स्टोर रूम में, शिक्षण संस्थाओं में तथा दवा निर्माण कम्पनी में। |
| सिविल इंजीनियरिंग | तीन वर्ष / 10वीं | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में रियल स्टेट से सम्बन्धित सभी प्रकार के कार्य। |
| मेकेनिकल इंजीनियरिंग | तीन वर्ष / 10वीं | सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में निजी प्रतिष्ठानों में एवं अन्य उद्योगों में मशीनों की बनावट निर्माण आदि के कार्य। |
| ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग | तीन वर्ष / 10वीं | वाहनों तथा उससे सम्बन्धित मशीनों से सम्बन्धित कार्य। |
| ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स | तीन वर्ष / 10वीं | गेम प्रोग्रामर, मेडिकल डॉयगनोसिस तथा विभिन्न ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स से जुड़े क्षेत्रों में विशेषज्ञ के रूप में रोजगार के अवसर। |
| ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स | तीन वर्ष / 10वीं | ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स इंजीनियरिंग करने वाले कैंडिडेट रोबोट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट, रोबोट मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग, क्वालिटी कंट्रोल के सेक्टर में कार्य कर सकते हैं। |
| कम्युनिकेशन एंड कंप्यूटर नेटवर्किंग | तीन वर्ष / 10वीं | इसमें आप नेटवर्क के एनालिसिस, इंस्टॉलेशन एंड कंफिगरेशन के साथ नेटवर्क परफॉर्मेंस मॉनिटरिंग, ट्रबलशूटिंग और नेटवर्क स्क्रूटनी की जिम्मेदारी भी निभा सकते हैं। |

प्रवेश परीक्षा सम्बंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट: www.ubter.in, www.ubterjeep.co.in अथवा नजदीकी राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान से प्राप्त की जा सकती है

**ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट : www.ubterjeep.co.in**

विज्ञापन सं0 38/जीप–2026/प्रवेश सूचना/2026–27 दिनांक – 13/04/2026 सचिव




NO PAIN NO GAIN
SHIVALIK ACADEMY DEHRADUN
Estd.1992

# SHIVALIK ACADEMY
Co-Ed | Senior Secondary | Day School | Affiliated To C.B.S.E.

**SINCE 1992 | 34 YEARS OF EXCELLENCE**

# HEARTIEST CONGRATULATIONS
## TO OUR STUDENTS ON THEIR CLASS 10TH BOARD RESULT

Your remarkable performance is a reflection of your perseverance and commitment. Keep shining!




**ADMISSIONS OPEN | SESSION 2026-27**

Shivalik Academy, Rajawala Road, Selakui, Dehradun
Admissions Enquiry +91-7217217788/99/66


CMYK

# कालाढूंगी क्षेत्र में बाघ का आतंक, बकरी को बनाया शिकार

## ग्रामीणों में दहशत, एक माह पहले भी इसी जगह पर मारा था एक बकरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी क्षेत्र के छोटी हल्द्वानी गांव में बाघ के हमले से एक बार फिर दहशत फैल गई है। गांव के समीप स्थित जंगल में एक बाघ ने एक बकरी पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर एक के निवासी बलवंत सिंह कार्की अपनी बकरियों को जंगल में चराने ले गए थे, जब अचानक बाघ ने घात लगाकर एक बकरी को अपना शिकार बना लिया। यह घटना लगभग एक महीने पहले



हुई उसी स्थान की है, जब बाघ ने एक और बकरी को मार डाला था। घटना के बाद, वार्ड सभासद रोहित बुधलाकोटी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लगातार हो रहे हमलों के कारण अब ग्रामीणों का जंगल में जाना मुश्किल हो गया है। लोग जलौनी लकड़ी लेने के लिए भी जंगल में जाने से डर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बोर नदी के जंगलों से अक्सर वन्यजीव आबादी के इलाकों में आ जाते हैं। कभी हाथियों के झुंड खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर देते हैं, तो कभी बाघ और तेंदुआ जैसे शिकारी जानवर पशुओं और ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, इस इलाके में कई पशुओं और कुछ ग्रामीणों की जान भी जा चुकी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा दीवार बनाने और गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह के हमलों से बचाव किया जा सके। फिलहाल, वन विभाग की टीम इलाके में निगरानी कर रही है, लेकिन अभी भी ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है।

# महापौर दीपक बाली हाथ में झाड़ू लेकर उतरे सड़क पर

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली दिन निकलते ही अपने पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों, सहयोगियों एवं पर्यावरण मित्रों के साथ मिलकर हाथ में झाड़ू लेकर सड़क पर उतर गए और उन्होंने मुरादाबाद रोड पर ढेला नदी के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने हेतु अभियान छेड़ दिया।



महापौर ने ने सिर्फ सड़क पर झाड़ू लगाई बल्कि ढेला नदी के आसपास पड़ी गंदगी को पॉलिथीन बैगों में भरा और जहां-जहां सफाई की गई वहां-वहां पानी के तेज बहाव वाले पाइप से धुलाई भी की। अभियान के दौरान कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया। महापौर ने कहा कि काशीपुर की जनता में सफाई के प्रति जागरूकता आई है लेकिन अभी भी बहुत कमी है। जिस दिन कूड़ा फेंकने वाले हाथों से अधिक उन हाथों को रोकने वाले हो जाएंगे उसी दिन काशीपुर साफ स्वच्छ और सुंदर हो जाएगा। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, पार्षद पुष्कर बिस्ट, अब्दुल कादिर, अशोक सैनी, सतीश कुमार, प्रिंस बाली, संजय शर्मा के अलावा मुकेश चावला, ईश्वर चंद गुप्ता, राजीव अरोरा बच्चू अवनीश चौहान, देव प्रजापति, चौधरी समरपाल सिंह, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, मोहित भारद्वाज, अशोक सैनी एवं पर्यावरण मित्रों सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर घायल

**बागेश्वर।** काम से लौट रहे एक युवक पर घात लगाकर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। लहूलुहान हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही घायल की पत्नी मंजू देवी बेहोश हो गईं, जिन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 44 वर्षीय संजय कुमार पुत्र ईश्वर प्रसाद, निवासी लोभ, शुक्रवार देर शाम मजदूरी कर घर लौट रहे थे। काफलीगैर तहसील के भटगरी के पास पहले से घात लगाए बैठे नागर निवासी दीपक मेहता ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में संजय कुमार बुरी तरह घायल हो गए। घायल संजय कुमार ने मामले की तहरीर कोतवाली में दे दी है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं, जिनका भरण-पोषण वह मजदूरी कर करते हैं।

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने राजेश रौतेला

**बागेश्वर।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गए। विभिन्न पदों के लिए हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अध्यक्ष पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में राजेश रौतेला ने 44 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी गोविंद भंडारी को 27 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र कोरंगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 63 मत हासिल कर जीत अपने नाम की। उनके मुकाबले में चंदन सिंह रौतेला को 8 मत प्राप्त हुए। अन्य पदों पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। सचिव पद पर पंकज धपोला, सह सचिव के रूप में अनिल भाकुनी के विरुद्ध किसने नामांकन नहीं किया महिला उपाध्यक्ष के रूप में भगवती धपोला और महिला सचिव के रूप में कुमारी रंजना सिंह का चयन हुआ। कोषाध्यक्ष पद पर हरीश चंद्र आर्या तथा पुस्तकालय अध्यक्ष के रूप में धीरेंद्र सिंह परिहार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनोद भट्ट, सुरेंद्र नेगी, मयंक चौबे, कैलाश चंद्र और अजेंद्र सिंह कोरंगा को भी निर्विरोध चुना गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी मनोज जोशी व मनोज कुमार जोशी द्वारा किया गया, जबकि पर्यवेक्षक मेहरमान सिंह को. रंगा की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### सुनौली में सोबन सिंह जीना को दी श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा।** स्व. सोबन सिंह जीना की जन्मस्थली सुनौली में शनिवार को दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलखवाल ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा मंडल ताकुला के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पिलखवाल ने कहा कि शोबन सिंह जीना हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर पार्टी को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर लाभार्थी तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है।

### विश्लेषण कर खामियों को सुधारने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** एडीएम युक्ता मिश्र ने जनपद स्तरीय समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पिछले तीन माह के दौरान न्यायालय द्वारा निस्तारित मामलों की समीक्षा की। साथ ही न्यायालय में मामलों की पैरवी की जानकारी ली। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विवेचना को मजबूत बनाएं तथा साक्ष्यों के संकलन में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में मामलों की प्रभावी पैरवी के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए। जिससे आरोपियों के बरी होने की घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके अलावा इस दौरान प्रकरणवार समीक्षा करते हुए साक्ष्य संकलन, विवेचना की गुणवत्ता तथा न्यायालय में प्रस्तुतिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से उन प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें आरोपियों को बरी किया गया है। यहां बैठक में प्रोग्राम ऑफिसर सुनीता भट्ट, डीजीसी क्रिमिनल तथा क्षेत्राधिकारी बलवंत रावत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### चैती मेले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**काशीपुर।** चैती मेला क्षेत्र में आज दोपहर पुलिस को एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची कोतवाली आईटीआई पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आईटीआई कोतवाल प्रभारी रवि सैनी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की उम्र लगभग 60 वर्ष होगी। शव की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

### साइबर ठगों ने लगाया साढ़े चार लाख का चूना

**काशीपुर।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन टेंडिंग के नाम पर कमाई का लालच देकर एक व्यक्ति के खाते से साढ़े चार लाख रूपये सफ़ कर दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाजपुर रोड सांडखेड़ा निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र राम लाल ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बाजपुर रोड पर बालाजी ल्यूबिकेटस की दुकान है।

# रेखा आर्या ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सोमेश्वर के रामलीला मैदान में शनिवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 43 शिकायते प्राप्त हुई। जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया।

इस मौके पर उन्होंने लोगों को समस्याओं को सुना और अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा स्पष्ट है, जिसमें लोगों की समस्याओं का समुचित समाधान और उनको योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता में है। ऐसे शिविरों का उद्देश्य लोगों को एक स्थान पर सभी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा उनकी समस्याओं को सुनकर उनका स्थाई समाधान करना है। कहा कि शिविर में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता है। उनका उद्देश्य मात्र शिकायतों का ढेर इकठा करना नहीं है, बल्कि उन शिकायतों का परीक्षण कर उनका ठोस समाधान निकालना है। शिविर में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए हुए कहा कि यहां प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता से उनका समाधान किया जाए। इस दौरान बहुउद्देशीय शिविर के दौरान माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

## 95 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली काशीपुर द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा विगत दिवस चैकिंग के दौरान पोस्टमार्टम हाउस कब्रिस्तान के पास काली बस्ती पर फरीद खां उर्फ बाबू पुत्र फारुख खां निवासी मझरा अंसार मेडिकल के पास कोतवाली काशीपुर को स्कूटी नंबर यूके 06 वाई- 4156 में अवैध रूप से चरस ले जाते हुए गिरफ्तार कर लिया किया गया तथा मौके पर अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक की पन्नी में 95 ग्राम चरस बरामद हुई। उसके विरुद्ध धारा 8/20 /60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र मेहता, उप

# बार एसोसिएशन में विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा परिवार न्यायाधीश मोनिका मित्तल, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर सिविल जज दीप्ति पंत के स्थानांतरण के उपलक्ष में विदाई समारोह आयोजित किया गया।




इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व सचिव यशवंत सिंह चौहान ने कहा कि इन न्यायिक अधिकारियों ने अपने न्यायिक कार्यों से न्याय की गरिमा को विभूषित किया है। कार्यक्रम में प्रथम अपर जिला जज मनोज गर्ब्याल, एसीजेएम सचिन कुमार, सिविल जज धर्मेंद्र शाह, सिविल जज पूनम तोड़ी, सिविल जज, सृष्टि बनियाल सहित उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उपसचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, आय व्यय निरीक्षक गौरव मेहरोत्रा, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश प्रजापति व कार्यकारिणी सदस्य प्रीति कश्यप, पंकुल गुप्ता, शुभम उपाध्याय, नरगिस, रणजीत सिंह, कैलाश कुमार, केदार सिंह, प्रीति शर्मा, बार काउंसिल सदस्य हरीश नेगी एडवोकेट, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, अब्दुल सलीम एडवोकेट, आनंद रस्तोगी एडवोकेट, ऋषि कुमार अग्रवाल, नरेश कश्यप एडवोकेट, सनत कुमार, कश्मीर सिंह एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, भास्कर त्यागी एडवोकेट, अंकित त्यागी एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट व मुजीब अहमद एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

# रानीखेत में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** नगर के सदर बाजार स्थित जोशी कॉम्प्लेक्स, डोलिया पहाड़ी के समीप कांग्रेस पार्टी के



नए कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को विधि- विधान एवं पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठान से हुई, जिसके उपरांत मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी को आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सक्रिय रहना होगा और नए कार्यालय के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों एवं रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई। अंत में आयोजकों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि नया कार्यालय क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को और अधिक सशक्त करेगा। उद्घाटन समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष अगस्त लाल साह, अंबेडकर समारोह समिति के अध्यक्ष गुसाई राम, चिलियानौला अध्यक्ष कमलेश बोरा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भगवंत नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, गोविंद बिष्ट, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, पूर्व व्यापार मंडल उपाध्यक्ष दीपक पंत, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरकार कर रही भ्रम फैलाने की राजनीति: महरा

**रानीखेत।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य करन माहरा ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने देश की आधी आबादी, मातृशक्ति के साथ विश्वासघात किया है और अब राजनीतिक स्वार्थों के लिए भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। माहरा ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पक्षधर रही है और वर्ष 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन भी कांग्रेस ने किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस कानून को लागू करने के बजाय जनगणना और परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं में उलझाकर जानबूझकर टालने की रणनीति अपनाई है।

## अजय कंबोज की सीएम से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** ओबीसी मोर्चे के जिला मीडिया प्रभारी अजय कंबोज ने शनिवार को देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तराखण्ड के लोकप्रिय और यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की।



इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अजय कंबोज ने मुख्यमंत्री को कालाढूंगी क्षेत्र की कुछ महत्पूर्ण समस्याओं से भी अवगत कराया, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने शीघ्र समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। कंबोज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य लगातार विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। कंबोज ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में होने वाले विकास कार्यों की सराहना की और कहा कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड और भी समृद्ध होगा।

# दमुवाढूंगा में स्त्री रोग परामर्श शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में शनिवार को पूर्व विधायक जोगाराम टम्टा के सौजन्य से नि:शुल्क स्त्री रोग परामर्श शिविर और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में लैपटोस हेल्थ केयर लखनऊ से डा. अंजलि सोमानी ने महिलाओं और बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का उद्घाटन जोगाराम टम्टा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने मेयर गजराज सिंह बिष्ट और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग का भी आभार व्यक्त किया। डा. अंजलि सोमानी ने बताया कि शिविर में महिलाओं



में एनीमिया, शुगर, हीमोग्लोबिन, थायराइड जैसी समस्याओं की पहचान कर उचित उपचार व सलाह दी गयी। शिविर में कई महिलाओं में एनीमिया, कैल्शियम और विटामिन डी की कमी के लक्षण पाए गए।

डा. सोमानी ने ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर और न्यूट्रिशन डाइट के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड और हीमोग्लोबिन की नि:शुल्क जांच की गई, साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को कैल्शियम, आयरन और विटामिन की दवाओं का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। कैंप के सफल आयोजन में अनुपात टम्टा, डा. ज्योति टम्टा, मिथुन जायसवाल, गीता देवी, राधा देवी, किरन, नीरज और अन्य सहयोगियों का अहम योगदान रहा।

# आधी आबादी के सम्मान के साथ अन्याय: दीपा

**शांतिपुरी।** पूर्व प्रधान संघ रुद्रपुर ब्लाक दीपा कांडपाल ने महिला आरक्षण बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महिला आरक्षण संशोधन बिल के पारित न होने पर क्षेत्र में नाराजगी देखने को मिल रही है।



सदन में बिल का अटकना देश की आधी आबादी के सम्मान के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई थी, लेकिन विपक्ष की राजनीति के चलते यह प्रयास सफल नहीं हो सका। उनका कहना है कि यदि पर्याप्त मत समर्थन मिल जाता, तो यह बिल पारित होकर महिलाओं के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होता दीपा कांडपाल ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के कारण महिलाओं के अधिकारों को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देना लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और इसे राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आज देश की महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हैं और अब उन्हें नजरअंदाज करना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किन कारणों से इस महत्वपूर्ण बिल का विरोध किया जा रहा है।

# सरकार की गलत मंशा का परिणाम है महिला आरक्षण विधेयक का गिरना

## महिला आरक्षण की प्रबल समर्थक रही है कांग्रेस: उपाध्याय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संसद में महिला आरक्षण विधेयक के गिरने को लेकर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने बयान जारी किया। उन्होंने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ नहीं, बल्कि सरकार की भ्रामक और असंवैधानिक मंशा के खिलाफ मतदान कर रही है। डा. गणेश उपाध्याय ने कहा हमारी पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण की प्रबल समर्थक रही है



और महिलाओं को बिना किसी शर्त और देरी के तत्काल आरक्षण देने के पक्ष में है। महिला आरक्षण किसी राजनीतिक गणित का हिस्सा नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2023 में पारित ऐतिहासिक आरक्षण बिल को केवल जनगणना और परिसीमन के बाद लागू करना था, लेकिन सरकार इसे लागू करने में विलंब कर रही है। कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है और विपक्षी नेता राहुल गांधी ने भी इस बिल को लागू करने की बात कही थी। कांग्रेस प्रवक्ता ने जोर देते हुए कहा हमारी लड़ाई महिलाओं के अधिकारों के लिए है और हम इसे किसी भी राजनीतिक सौदेबाजी का हिस्सा नहीं बनने देंगे।

# हरीश ऐठानी ने केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागेश्वर।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर पत्रकार वार्ता की। वार्ता में उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में कुछ राज्यों को डेमोग्राफिकल पनिशमेंट देने की साजिश रची जा रही थी, जिसे कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने किल कर दिया। ऐठानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार इस विधेयक को लेकर देश को स्पष्ट जानकारी देने में असफल रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में यह विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो चुका था, लेकिन इसके बाद सरकार की ओर से इसे लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश के कई राज्यों में चुनावी माहौल बन रहा है, तब महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर लोकसभा सीटों के परिसीमन और सांसदों की संख्या बढ़ाने की चर्चा क्यों की जा रही है।

## ईई का घेराव तालाबंदी की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** नगर निगम पार्षद वैभव पांडे ने प्रेस को दिए एक बयान में कहा कि जिले की जर्जर सड़कों को लेकर हाल ही में उनकी ओर से सोशल मीडिया के माध्यम से मुद्दा उठाया गया था। जिसमें जिला मुख्यालय की सड़कों की बदहाल स्थिति, जगह-जगह गड्ढों और टूटी सतह का गंभीर विषय प्रमुखता से रखा गया। कहा कि यह अत्यंत खेदजनक है कि जब तक जनप्रतिनिधि या आम जनता आवाज नहीं उठाती, तब तक व्यवस्था सक्रिय होती दिखाई नहीं देती। जबकि पूर्व में समस्त टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में कार्य में देरी से विभाग की मंशा पर सवाल उठ रहे है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो जनहित में अधिशासी अभियंता का घिराव एवं तालाबंदी जैसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# ट्राउट फार्मिंग को मिलेगा विस्तार: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शनिवार को कपकोट तहसील के जगथाना स्थित मत्स्य जीवी समिति द्वारा संचालित ट्राउट मछली पालन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्लस्टर फार्मिंग मॉडल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं के लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि मत्स्य पालन अब क्षेत्र में कृषि के साथ आय का एक प्रमुख स्रोत बनता जा रहा है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को इस गतिविधि से जोड़ने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए



और क्लस्टर आधारित मॉडल का विस्तार किया जाए। मत्स्य अधिकारी मनोज मियां ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान में 20 समितियां मत्स्य पालन से जुड़ी हुई हैं, जो सामूहिक रूप से लगभग 70 लाख रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जगथाना समिति अकेले ही प्रतिवर्ष करीब 12 लाख रुपये का लाभ कमा रही है, जबकि यहां तीन समितियों के माध्यम से 30 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। ट्राउट मछली की बाजार में उच्च मांग के चलते यह लगभग 500 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रही है, जिससे ग्रामीणों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उत्पादन बढ़ने के साथ ही बागेश्वर की ट्राउट मछली का विपणन अब अन्य जनपदों और प्रदेशों में भी किया जा रहा है, जिससे जिले को नई पहचान मिल रही है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आफताब आलम भीम आर्मी के नगर महासचिव मनोनीत

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने हल्द्वानी में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया है। जनाब आफताब आलम को हल्द्वानी महानगर का



महासचिव नियुक्त किया गया है। आफताब आलम, जो पहले भाजपा में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं और आरटीआई कार्यकर्ता के रूप में भी जाने जाते हैं, सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। संगठन नेतृत्व को उम्मीद है कि वह अपने अनुभव से संगठन को मजबूती देंगे। उनके पदभार संभालने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं ने आफताब आलम को शुभकामनाएं दीं, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल, सिराज अहमद, जीतराम, रितिक कांत, पीआर टम्टा, प्रेम राम टम्टा, आकाश भारती और अन्य प्रमुख नेता शामिल थे।

# ऑटो चालक के पास से 16 लाख की स्मैक बरामद

## नशे के खिलाफ अभियान को मिली एक और बड़ी सफलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वाहन चैकिंग के दौरान काठगोदाम पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक ऑटो चालक को 16 लाख 44 हजार रूपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। शनिवार को बहुद्देशीय भवन में स्मैक तस्करी कर खुलासा करते हुए सीओ अमित कुमार ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत काठगोदाम पुलिस थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में कुंवरपुर बाईपास के पास चैकिंग कर रही थी तभी गौलानदी के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जिसे रोककर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 54.80 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी



कीमत बाजार क्षेत्र में 16 लाख 44 हजार की आंकी जा रही है। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम दिलशाद पुत्र हामिद निवासी इन्द्रानगर काबुल का गेट वार्ड नंबर 33 बनभूलपुरा बताया। पूछताछ के दौरान तस्कर ने बताया कि वह कक्षा 4 तक पढ़ा है वर्तमान में बनभूलपुरा क्षेत्र में टैम्पो चलाता है। तस्कर ने बताया कि वह स्मैक को वह इज्जतनगर बरेली से खरीदकर लाता है और यहां पुड़िया बनाकर उसे मंहगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है। टीम में काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुँवर, कांस्टेबल प्रेम प्रकाश, अशोक रावत शामिल रहे।

### जनवरी से अब तक 4.15 करोड की ड्रग्स जब्त, 25 तस्कर सलाखों के पीछे

एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने जनवरी माह से अब तक जनपद में 20 मामलों में कार्रवाई करते हुए 25 तस्करों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। पकड़े गए तस्करों के पास से पुलिस ने अब तक कुल 1 किलो 385 ग्राम 366 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ 15 लाख 60 हजार 80 रुपये है। एसपी सिटी ने जनता से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

## फल-सब्जी की फुटकर दुकानों पर मंडी अध्यक्ष का छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू ने शनिवार को सचल दल के साथ तल्ला बमोरी, मल्ला बमोरी व कलावती कॉलोनी क्षेत्र में फल-सब्जी के फुटकर व्यापारियों की दुकानों पर आकस्मिक छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मंडी से खरीदे गए माल के बिल, प्रपत्र-9 आर की कीमत और उपभोक्ताओं को बेचे जा रहे दामों के बीच अंतर का रियलिटी चेक किया गया। जांच में सामने आया कि कई फुटकर व्यापारी मंडी से खरीद के बाद 15 से 20 प्रतिशत तक अतिरिक्त वसूली कर रहे थे। इस पर अध्यक्ष ने व्यापारियों को कड़ी फटकार लगाई और मौके पर ही उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार कारोबार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी से दूरी के आधार पर अधिकतम 10 से 15 प्रतिशत तक ही लाभांश जोड़कर बिक्री की जाए। उन्होंने सचल दल को क्षेत्र के सभी फुटकर व्यापारियों के लाइसेंस बनाने के निर्देश भी दिए। इस पर टीम ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अभियान चलाकर करीब दो दर्जन व्यापारियों के लाइसेंस बनाए। उधर, मंडी सचिव दिग्विजय देव के निर्देशन में सचल दल की दूसरी टीम ने पश्चिमी हल्द्वानी क्षेत्र में भी छापेमारी कर फल-सब्जी के दामों की जांच की और अनियमितताओं पर अंकुश लगाया। टीम ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि बिना लाइसेंस कारोबार न करें और निर्धारित मुनाफे के भीतर ही बिक्री करें। मंडी सचिव ने कहा कि उपभोक्ताओं से मनमाने दाम वसूलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सचल दल लगातार निगरानी बनाए हुए है। अभियान के तहत मंगल पड़ाव, पुरानी मंडी, जगदंबा नगर, कलावती कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा और रामपुर रोड क्षेत्र में कुल मिलाकर चार दर्जन से अधिक फुटकर लाइसेंस जारी किए गए।

# बिन्दुखत्ता में तेज़ रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। काररोड मुख्य बाजार में हुए इस हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के खतरे को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार इंद्रानगर द्वितीय, बिंदुखत्ता निवासी कुंवर सिंह गड़िया सब्जी खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार डंपर (संख्या यूए 01-1728) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर दूर तक घिसट गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत उन्हें हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की



खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्रों को छोड़ गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सूचना मिलने पर लालकुआं पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने बाजार क्षेत्र में बेलगाम दौड़ते वाहनों और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था पर गहरा आक्रोश जताया है। लोगों ने प्रशासन से मुख्य बाजार में स्पीड ब्रेकर लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## पुलिसकर्मी को टक्कर मारने वाले डंपर चालक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड बेलबाबा मंदिर के पास पुलिस कर्मी को टक्कर मारने वाले डंपर चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। वहीं घायल पुलिस कर्मी की हालत अब भी गंभीर बताई जा रही है। शनिवार को मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले भगवत सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका भाई पुष्कर सिंह रौतेला बिठौरिया में अपने परिवार के साथ रहते है और टीपीनगर पुलिस चौकी में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि उनका भाई बीते गुरूवार की सुबह वह रुद्रपुर की फारेंसिक साइंस लैब से रिपोर्ट लेने गए थे। देर शाम वह अपनी बाइक से रिपोर्ट लेकर रूद्रपुर से वापस हल्द्वानी लौट रहे थे जैसे ही वह बेलबाबा मंदिर के पास पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे एक डंपर ने ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही बाइक पर टक्कर मार दी। जिसमें पुलिस कर्मी पुष्कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जमीन में खून से लथपथ पड़े पुलिस कर्मी को आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने घायल पुलिस कर्मी के छोटे भाई भगवत सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## आरपीएफ की कार्रवाई, सात वाहन सीज़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सख्त कार्रवाई की। निरीक्षक तरुण वर्मा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत सात दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के हेड कांस्टेबल दीवान चंद, कांस्टेबल सोनू दुहन, कांस्टेबल पारस नाथ और जीआरपी स्टाफ दीपक के साथ स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने आबिद पान शॉप के पास पहुंची। इस दौरान सात दोपहिया वाहन नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए गए। टीम ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर संबंधित चालक नवल सिंह, हेमंत जोशी, गौतम बिष्ट, शमशाद अली, असरद अहमद, फैजान अली और हर्षित सिंह के खिलाफ कार्रवाई कार्रवाई की गई। जिसके बाद आरपीएफ ने सभी वाहन चालकों पर नियमानुसार जमानत पर रिहा कर दिया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों और वाहन चालकों से स्टेशन परिसर में यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है, अन्यथा आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## छेड़छाड़ के मामले पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते बुधवार को पनचक्की के पास एक पार्लर संचालिका की चलती स्कूटी पर लात मार उसके साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित महिला और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने तीन युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, और कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़िता शनिवार को अपनी बच्ची व समाजसेवी विशाल वर्मा के साथ एसएसपी दफ्तर पहुंची। जानकारी के अनुसार पनचक्की-जमरानी रोड क्षेत्र में एक पार्लर संचालिका अपनी बच्ची के साथ बीते 15 अप्रैल को अपनी स्कूटी से घर को जा रही थी तभी तीन युवकों ने स्कूटी में लात मारकर गिरा दिया। जिसके चलते वह अपनी बच्ची व स्कूटी सहित गिर गई। पीड़िता का आरोप है कि तीनों युवकों ने महिला के साथ मारपीट, छेड़खानी और जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप है कि युवकों ने महिला को धमकाया कि यदि उसने उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की तो उसे और उसकी बेटी को जान से मार देंगे। घटना से महिला, उसकी मां और पांच वर्षीय बच्ची में भय का माहौल बना हुआ है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पीड़ित महिला और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को पीड़िता समाज सेवी विशाल वर्मा व पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा के साथ एसएसपी दफ्तर पहुंचे। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर जायेगी।



## राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती कथित असामाजिक और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में देश की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में सुनियोजित तरीके से ऐसी गतिविधियां बढ़ रही हैं, जो सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित कर रही हैं।


फॉर्म न 22
[ विनियम 36(1) देख ]
बिक्री उद्घोषणा
कार्यालय, वसूली अधिकारी

ऋण वसूली न्यायाधिकरण, देहरादून, द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, यूके 248171

**आर.सी. संख्या 231 / 2019** **दिनांक: 27.02.2026**

ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अंतर्गत बिक्री की घोषणा

**केनरा बैंक बनाम दिव्या ट्रेडर्स एवं अन्य**

सेवा में,

**सीडी. 1: मैसर्स दिव्या ट्रेडर्स,** पंजीकृत कार्यालय, 503 ए, खड़कपुर, श्यामपुर कॉलोनी, देवीपुरा, बाजपुर रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड, **अपने भागीदार श्रीमती रीना देवी और नरेंद्रपाल सिंह के माध्यम से।**

**फैक्टरी का पता:** मैसर्स दिव्या ट्रेडर्स, 76/2 कंचन गुसाईं, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड।

**सीडी. 2: श्रीमती रीना देवी पत्नी श्री नरेंद्रपाल सिंह,** निवासी मकान नंबर 503ए, खड़कपुर, श्यामपुर कॉलोनी, देवीपुरा, बाजपुर रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड।

**सीडी.3: नरेंद्रपाल सिंह पुत्र श्री धर्मपाल सिंह,** निवासी मकान नंबर 503ए, खड़कपुर, श्यामपुर कॉलोनी, देवीपुरा, बाजपुर रोड, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड।

चूंकि, वर्तमान मामले में पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण, देहरादून द्वारा जारी **ओ.ए. मामला संख्या 236/2018 में वसूली प्रमाण पत्र के संबंध में 1,11,04,231.99 रुपये (एक करोड़ ग्यारह लाख चार हजार दो सौ इकतीस रुपये और निन्यानवे पैसे मात्र)** की राशि ओ.ए. दर्ज करवाने की तिथि अर्थात **01.09.2018** से वूसली तक घटती शेष राशि पर बकाया और भविष्य में 11.50% प्रति वर्ष की साधारण दर से ब्याज और **2,03,000** रुपये की लागत का भुगतान सीडी के प्रति किया जाता है।

और चूंकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाणपत्र की संतुष्टि न होने पर नीचे अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

चूँकि (सी.डी.) **प्रमाणपत्र संख्या आर.सी. संख्या 231/2019** के संबंध में (सी.डी.) द्वारा देय **01.09.2018** तक **1,11,04,231.99 रुपये (एक करोड़ ग्यारह लाख चार हजार दो सौ इकतीस रुपये और निन्यानवे पैसे मात्र)** की बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहा है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी भी स्थगन आदेश के अभाव में, उक्त संपत्ति **21.05.2026** को **पूर्वा. 11:00 बजे से दोपहर 12:00 के बीच** (यदि आवश्यक हो तो दोपहर 12:00 के बाद 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ) ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी और बोली मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की वेबसाइट **https://drt.auctiontiger.net** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" के माध्यम से होगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री वैभव, सीएच बैंक, केनरा बैंक के अधिकारी (मोबाइल नंबर 9811237992)।**

विक्री ऊपर नामित प्रतिवादी की संपत्ति की होगी जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित है और उक्त संपत्ति से जुड़ी देनदारियों और दावे, जहाँ तक उनका पता लगाया गया है, प्रत्येक लॉट के विरुद्ध अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताए गए हैं, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

1. आरक्षित मूल्य, जिसके नीचे संपत्ति नहीं बेची जाएगी, **54,00,000/- रुपये** है।
2. बोली की राशि में **1,00,000/- रुपये** की वृद्धि की जाएगी। बोली की राशि या बोली लगाने वाले के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में, लॉट को तुरंत फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा।
3. उच्चतम बोलीदाता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा, बशर्ते कि उसके द्वारा बोली गई राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। जब प्रस्तावित मूल्य इतना अपर्याप्त प्रतीत हो कि ऐसा करना अनुचित हो, तो उच्चतम बोली को अस्वीकार/स्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी के विवेक पर निर्भर होगा।
4. इसके लिए **5,40,000 रुपये** की ईएमडी **18.05.2026** तक वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पक्ष में डीडी के माध्यम से वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पास जमा करनी होगी और संपत्ति का विवरण, पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण और पहचान प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर और कंपनी के मामले में या कंपनी के प्रतिनिधित्व/वकील की पुष्टि करने वाला कोई अन्य दस्तावेज और भौतिक रूप में ऐसी जमा राशि की रसीद/काउंटर फाइल अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी। ईएमडी की अंतिम तिथि के बाद जमा की गई ईएमडी और आवश्यक दस्तावेजों को नीलामी में भाग लेने के लिए नहीं माना जाएगा।
5. सफल बोलीदाता को उक्त **खाता संख्या: 7360878086,** खाता नामः वसूली अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण देहरादून, जिसका **IFSC** कोड संख्या: **IDIB000D557** में अगली तिथि अर्थात **22.05.2026** को अप. 3:00 बजे तक ईएमडी के समायोजन के बाद बिक्री आय का 25% भुगतान करना होग या वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पास जमा करें। यदि अगला दिन अवकाश या रविवार है, तो अगले प्रथम कार्यदिवस पर जमा करें।
6. क्रेता को बिक्री आय का शेष 75% संपत्ति की बिक्री की तारीख से 15 वें दिन या उससे पहले जमा करना होगा, उस दिन को छोड़कर, या यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश है, तो 15वें दिन के बाद पहले कार्यालय दिवस पर निर्धारित मोड द्वारा आरटीजीएस/एनईएफटी/सीधे **खाता संख्या: 7360878086,** खाता नामः वसूली अधिकारी, ऋण वसूली न्यायाधिकरण देहरादून जिसका आईएफएससी कोड संख्या **IDIB000D557** है या वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पास जमा करना होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त क्रेता को वसूली अधिकारी, डीआरटी देहरादून के पास 1,000/- रुपये तक 2% की दर से पाउंडेज शुल्क और 1,000/- रुपये की उक्त राशि से अधिक का 1% डीडी के माध्यम से रजिस्ट्रार, डीआरटी देहरादून के पक्ष में जमा करना होगा।

निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान न करने की स्थिति में, यदि अधोहस्ताक्षरी उचित समझे, तो बिक्री के खर्चों का भुगतान करने के बाद जमा राशि सरकार को जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता संपत्ति या उस राशि के किसी भी हिस्से पर सभी दावों से वंचित हो जाएगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है। बिक्री की राई घोषणा जारी होने के बाद, संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा।

संपत्ति **"जैसे है जहाँ है"** आधार पर बेची जा रही है।

**इस विक्री पर संबंधित कानूनों के अनुसार स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि लागू होंगे। सभी खर्च और आकस्मिक शुल्क नीलामी क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।**

अधोहस्ताक्षरी अनुचित पाए जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| लॉट सं. | अन्य सह स्वामियों के साथ बेची जाने वाली संपत्ति का विवरण जहां संपत्ति चूककर्ता एवं सह स्वामी के तौर पर कोई अन्य व्यक्ति की है। | संपत्ति अथवा उसके किसी भी भाग पर मूल्यांकित राजस्व | अन्य ऋणभारों का विवरण जिस हेतु संपत्ति उत्तरदायी है | दावे अगर कोई हैय जो कि इसकी प्रकृति एवं मूल्य पर संपत्ति एवं कोई अन्य ज्ञात विवरण हेतु आगे रखे गए हैं। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | गांव कंचल गुंसाई, तहसील काशीपुर, जिला ऊधमसिंह नगर में खाता नं. 136 खसरा नं. 76/2 मिन एरिया माप 0.058 हैक्टेयर अर्थात 580.85 वर्ग मी. की कमर्शियल संपत्ति का सभी भाग एवं अंश। हदबंदी व चौहद्दी निम्नानुसार : **पूर्व** : रोड 20 फुट चौड़ी, **पश्चिम** : रास्ता 20 फुट चौड़ा, **उत्तर** : श्रीमती नीलम देवी की भूमि एवं अन्य संपत्ति, **दक्षिण**: श्रीमती मीना जोशी व श्रीमती लीला देवी जोशी की भूमि। | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के तहत 27.02.2026 को दी गई। वसूली अधिकारी, डीआरटी, देहरादून


## सिंथिया स्कूल के कैडेट्स ने जू-जित्सू में रचा इतिहास, जीते 6 गोल्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तीन एनसीसी कैडेट्स ने अंतरराष्ट्रीय जू-जित्सू चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल छह गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया। श्रीलंका के कोलंबो में 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित दक्षिण एशिया



जू-जित्सु चौम्पियनशिप में सात देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। भारत से 68 खिलाड़ी शामिल हुए, जबकि उत्तराखंड से गए सात खिलाड़ियों में से तीन सिंथिया स्कूल के छात्रों ने छह स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। सीनियर विंग कैडेट रिधिमा नेगी ने 45 किलोग्राम वर्ग में नेवाजा और फाइटिंग दोनों श्रेणियों में एक-एक स्वर्ण पदक जीता। वहीं जूनियर डिवीजन कैडेट नमन मेहरा ने अंडर-18 के 60 किलोग्राम वर्ग और अविघ्न नेगी ने अंडर-16 के 40 किलोग्राम वर्ग में नेवाजा व फाइटिंग श्रेणी में एक-एक गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में तीनों विजेता कैडेट्स को 5101 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने इसे विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि छात्रों को अपनी प्रतिभा पहचान कर आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी बीबी जोशी ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आधुनिक ऑर्गेनिक वेस्ट प्रोसेसिंग मशीन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जाम फैक्ट्री परिसर राजपुरा में एक अत्यंत उपयोगी और स्वचालित ऑर्गेनिक वेस्ट प्रोसेसिंग मशीन का शनिवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने फीता काट कर शुभारंभ



किया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने बताया कि इस मशीन का संचालन रिमोट के माध्यम से किया जा सकता है, और यह गीले जैविक कचरे को उच्च गुणवत्ता वाली कंपोस्ट खाद में बदलने का कार्य करती है। उन्होंने बताया यह मशीन मात्र 24 घंटे में गीले बायोडिग्रेडेबल कचरे को उच्च गुणवत्ता वाली खाद में बदल देती है। इसके अलावा यह मशीन खुले में पड़े गीले कचरे से उत्पन्न होने वाली हानिकारक मिथेन गैस को नियंत्रित करती है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने इस पहल को शहर के कचरा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि, नगर निगम हल्द्वानी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। इस प्रकार की आधुनिक मशीनों के उपयोग से कचरा प्रबंधन की समस्या का प्रभावी समाधान संभव है और यह शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस मौके पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा, स्वच्छ अधिकार इंडिया के प्रबंध निदेशक प्रकाश उपाध्याय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मेयर के प्रस्तावों पर मंत्री की सहमति

## महानगर के विभिन्न विकास कार्यों को गजराज ने प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने शनिवार को निगम कार्यालय में जिले के प्रभारी मंत्री खजान दास का स्वागत किया। इस दौरान पार्षद, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान नगर के विकास और जन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए मेयर ने मंत्री के समक्ष कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।

इनमें अनुसूचित जाति बहुल वार्ड संख्या 27 व 14 में सामुदायिक केंद्र निर्माण, वार्ड 36 स्थित अंबेडकर पार्क भवन के प्रथम तल पर अत्याधुनिक सभागार निर्माण तथा पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए 100 क्षमता वाले आधुनिक छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव शामिल रहा। मंत्री खजान दास ने प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए छात्रावास निर्माण को अत्यंत आवश्यक पहल बताया। उन्होंने इस पर सैद्धांतिक सहमति देते हुए शीघ्र शिलान्यास कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए छात्रावास उनकी शिक्षा और भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। अन्य प्रस्तावों पर भी विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। मेयर बिष्ट ने कहा कि नगर के संतुलित विकास के लिए सभी वर्गों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं के लिए छात्रावास सुविधा शिक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगी। वही सामुदायिक केंद्र और सभागार जैसे ढांचों के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। अंत में मेयर ने मंत्री खजान दास का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से नगर के विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इधर जिले के प्रभारी मंत्री खजान दास के प्रथम आगमन पर भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## कालाढुंगी दुग्ध केंद्र में खजान दास का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं/कालाढूंगी।** नैनीताल आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अवशीतन दुग्ध केंद्र कालाढुंगी में समाज कल्याण मंत्री खजान दास के आगमन पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंत्री का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री खजान दास ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व डायरेक्टर शेखर चंद्र जोशी, प्रशासन/विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी, सुभाष बाबू, शांति कोरंगा, मीना रौतेला, बलवंत सिंह भगत, हेमंत पाल, विपिन तिवाड़ी, भगवान सिंह कुमटिया सहित कई दुग्ध उत्पादक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



## खेल कोचों ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला नैनीताल के समस्त कोचों ने कैबिनेट मंत्री खजान दास को अपने वेतन और खेल से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कोचों ने वेतन में वृद्धि और खेल की सुविधाओं में सुधार की मांग की। इस दौरान मंत्री खजान दास ने ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए कोचों की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में त्रिलोक जीना, श्याम मनु भट्ट, महेश बिष्ट, गोविंद लटवाल, अंकुश रौतेला, निलेश गुप्ता, रितिका जोशी, पूनम शिरोल, भागवत मेरे, सुनील कुमार, तनुजा आर्य और काव्य ठाकुर सहित कई प्रमुख कोच और खेल संगठन के सदस्य मौजूद रहे।



**स्वराज्य आश्रम में यूथ कांग्रेस पदाधिकारियों का भव्य स्वागत: हल्द्वानी।** कांग्रेस मुख्यालय स्वराज्य आश्रम में शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी उच्च शिक्षित, ऊर्जावान और समाज के लिए कुछ करने के जज्बे से ओत-प्रोत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी और भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने में युवा अहम योगदान देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश के युवाओं का उत्पीड़न हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस में शामिल होकर अपना भविष्य सुरक्षित देख रहे हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, सुहैल सिद्दीकी, मनोज शर्मा, दीप पाठक, जगमोहन चिलवाल, विजय लटवाल, प्रकाश पांडे, गणेश उपाध्याय, मलय बिष्ट, गीता बहुगुणा, प्रकाश पाठक, रवि गुरुरानी, संजय उप्रेती, बहादुर सिंह बिष्ट, सुमित लोहनी, स्वेता जोशी, नईम अहमद, इंजीनियर सुमित कुमार मौजूद रहे।

# हीरानगर में तीन दिनी टैलेंट हंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित उत्थान मंच में नारायणी सेना के तत्वावधान में 15, 16 और 17 अप्रैल को आयोजित तीन दिवसीय टैलेंट हंट 2026 एवं क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। नारायणी सेना के अध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह बिष्ट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट के तहत डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंट प्ले, ड्राइंग, झांकी और रेस जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डांस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सोलो (5-8 आयु वर्ग) में प्रत्युषा उनियाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 9-13 वर्ग में गुंजन आर्या और 14-18 वर्ग में तनीष्क सक्सेना विजेता रहे। वहीं डुओ और ग्रुप डांस में भी प्रतिभागियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सिंगिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रथम और वंश द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि इंस्ट्रूमेंट प्ले में हृदयांश ने बाजी मारी। ड्राइंग में तनुज प्रथम और नमन बिष्ट द्वितीय स्थान पर रहे। झांकी प्रतियोगिता में शानवी सिंह और भाविका भट्ट ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। फाइनल मुकाबले में टीम हीरानगर कप्तान आयुष आर्य ने कप्तान थप्पा की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी, कमलेश पांडे, शैलेन्द्र बोरा, प्रकाश पाठक, गोपू खोलिया और बिज्जी लटवाल मौजूद रहे। आयोजन मंडल में नारायणी सेवा समिति के अध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष युवराज सिंह संधू, सक्षम खाती, कौशिक कुमार आर्य, शोभा बिष्ट, लता बिष्ट, मयंक, काव्या सिंह नेगी, आयुष कनौजिया, कृष्णा राठौर मौजूद रहे।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अवैध धार्मिक संरचनाओं पर चला प्रशासन का पीला पंजा

■ सिंचाई विभाग ने जिला प्रशासन और भारी पुलिस बल के साथ की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला प्रशासन ने सरक. ारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के अभियान को और गति देते हुए गूलरभोज दिनेशपुर क्षेत्र में एक साथ कई धार्मिक संरचनाओं को आज भोर होते ही ध्वस्त कर दिया।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, संबंधित भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। करीब तीन माह पूर्व जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे कराया गया था, जिसमें पाया गया कि कुछ लोगों ने बिना अनुमति के सरकारी जमीन पर धार्मिक संरचनाएं खड़ी कर दी हैं। इसके बाद संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर भूमि स्वामित्व और निर्माण संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि, निर्धारित समयावधि के भीतर कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इस बीच कुछ कब्जाधारियों ने न्यायालय की शरण ली, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। बताया जा रहा है कि ठंडा नाला क्षेत्र में अन्य अतिक्रमणकारियों को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां से कुछ मामलों में स्थगन आदेश मिला, लेकिन जिन धार्मिक संरचनाओं पर कार्रवाई की गई, वे इस आदेश के दायरे में नहीं थीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि संबंधित तीनों धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए न तो कोई प्रशास. निक अनुमति ली गई थी और न ही भूमि स्वामित्व के कोई दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अवैध कब्जों को हटाना आवश्यक था।

कार्रवाई के दौरान मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस और सिंचाई विभाग की टीम मौजूद रही। सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। प्रशासन का कहना है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा।

# वेतन वृद्धि को लेकर गरजे फैक्ट्री कर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** वेतन वृद्धि को लेकर उत्तर प्रदेश के नोयडा में श्रमिकों के बढ़ रहे भारी आक्रोश की चिंगारी अब यहां पंतनगर सिडकुल क्षेत्र में भी पहुंच गई है। हांलाकि यहां वेतन को लेकर मजदूर संगठनों के बैनर तले पिछले काफी समय से श्रमिक अपनी आवाज उठाते रहे हैं। परंतु उनकी आवाज हमेशा दबा दी गई।

लगातार फैक्ट्री श्रमिकों की दबाई जा रही आवाज का गुबार आज उस समय देखने को मिला जब सिडकुल की कम्पनी के सैकड़ों महिला पुरूष श्रमिक वेतन वृद्धि सहित अन्य कई मांगों और कम्पनी प्रबंधन के उत्पीड़न के विरोध में सड़क पर उतर आए और कम्पनी गेट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए कम्पनी प्रबंधक पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उनका आरोप था कि वह कम्पनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं, परंतु उनका अपेक्षित वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। बार-बार सिर्फ आश्वासन ही दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कम्पनी में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता निम्न स्तर की होती है। कई बार कहने के बावजूद भी इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। श्रमिकों का आरोप है कि प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय से अधिक कार्य लिया जाता है और कोई ओवर टाईम नहीं दिया जाता। कुछ कहने पर कम्पनी से निकाल देने की धमकी दे जाती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई में उनके वेतन में वृद्धि न होने से उनके समक्ष लगातार आर्थिक परेशानियां आ रही हैं। बच्चों की फीस, दो वक्त का भोजन, कपड़ा, घर का दैनिक उपयोग का सामान खरीदने, कमरे का किराया, टेम्पो खर्चा आदि के लिए पैसे जुटाना मुश्किल हो गया है। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जो कम्पनी गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, जो रोषित श्रमिकों को शांत करते दिखाई दिया।

## एक नजर

# विभिन्न अपराधों में शामिल तीन अराजक तत्व पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**जसपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर के निर्देशन मे अराजक तत्वों/माहौल खराब करने वाले/शांति व्यवस्था खराब विभिन्न अपराधों में शामिल तीन अराजक तत्वों मो. आरफीन पुत्र शरीफ अहमद निवासी मोहल्ला डेहरिया कोतवाली जसपुर, शादाब पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मोहल्ला नई बस्ती कोतवाली जसपुर और जमील अहमद पुत्र बाबू निवासी परसोपुरा टांडा जिला रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 BNSS में गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु उपजिलाधिकारी जसपुर के समक्ष पेश किया गया। एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि आगे भी इस तरह के व्यक्ति को पकड़ने का अभियान जारी रहेगा।



# फल एवं सब्जी के मनमाने रेटों पर लगेगा अंकुश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** कृषि उत्पादन मंडी समिति अब थोक एवं फुटकर बाजार पर नियंत्रण रखेगी। इसके नियंत्रण के लिए दो कमेटियां गठित की गई हैं।



कृषि उत्पादन मंडी समिति सचिव ललित मोहन पांडे ने बताया कि एक कमेटी थोक भाव तथा दूसरी कमेटी फुटकर भाव पर नजर रखेंगी । उन्होंने बताया कि प्रतिदिन मंडी स्थल में आने वाले हर प्रकार की सब्जी एवं फलों की थोक खरीद और बाजार में फुटकर व्यापारियों द्वारा फल एवं सब्जियों के भाव को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी। मंडी समिति सचिव पांडे ने बताया कि त्योहार सहित विशेष अवसरों पर सब्जियां एवं फलों के दाम आसमान छूने लगते हैं । आम आमतौर पर थोक और फुटकर रेट में काफी अंतर मिलता है। इस पर नियंत्रण के लिए गठित टीमें अपनी रिपोर्ट देंगे, ताकि आम उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके।

**कृषि उत्पादन मंडी समिति ने थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के लिए गठित की टीमें**

# सिक्स सिग्मा में NAAC जागरूकता सत्रा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के तत्वावधान में एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छ।।ब के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं संस्थान में गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करना था।



ज्योति कॉलेज, बरेली की आंत. रिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) प्रमुख डॉ. चारु त्रिपाठी इस अतिथि व्याख्यान की मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने NAAC जागरूकताष् विषय पर विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी प्रदान की। अपने वक्तव्य में उन्होंने NAAC प्रत्यायन की प्रक्रिया, गुणवत्ता सुधार के विभिन्न मापदंडों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने संकाय सदस्यों को NAAC से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों, प्रलेखन प्रक्रिया एवं मूल्यांकन प्रणाली के बारे में भी विस्तारपूर्वक अवगत कराया। यह व्याख्यान सभी शिक्षकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के समन्वयक साहिल छाबड़ा (IQAC प्रमुख), रजत धवन (T&P प्रमुख) एवं उनकी टीम, शिल्पा विश्वकर्मा, अंशिका बत्रा, प्रियरंजन तिवारी, अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। यह सत्र लगभग 240 मिनट तक संचा. लित हुआ, जिसमें सभी संकाय सदस्यों की शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रही।

इस कार्यक्रम पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, संस्थानाध्यक्ष ललित सिंह बिष्ट, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुक. ेश कुमार, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला, कार्तिक हालदार, शिवम शर्मा, डा. सुप्रीत कौर, सोनिया नारंग, डा. अक्षिता बांगा, मिली मंडल, कुमारी दिव्या एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पानी की टंकी के पीछे रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 14.46 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वंशज मखीजा पुत्र स्व. प्रमोद मखीजा निवासी आवास विकास, ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना पंतनगर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत चार लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप बिष्ट के साथ उपनिरीक्षक अनिल मेहता और कांस्टेबल नितिन कुमार शामिल रहे।

वहीं दूसरी कार्रवाई में शुक्रवार शाम उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट पुलिस टीम के साथ रम्पुरा चौकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण हेतु गश्त पर थे। इस दौरान दूधियानगर तिराहे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए पीछा कर उसे रामलीला ग्राउंड के पास ईंटों के ढेर के पास दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजा राजपूत पुत्र दाताराम, निवासी वार्ड नंबर 13, दूधियानगर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पारदर्शी पन्नी में मटमैला डलीदार पदार्थ और कागज की पुड़िया बरामद हुई।



ड्रग डिटेक्शन किट से जांच करने पर पदार्थ के स्मैक होने की पुष्टि हुई। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर स्मैक का कुल शुद्ध वजन 3.57 ग्राम पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह स्मैक लालपुर क्षेत्र से किसी युवक से लेकर आया था और इसे बेचने का काम करता है। पुलिस ने उसके पास से स्मैक बेचकर कमाए गए 400 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह बिष्ट के साथ कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, महेश राम और मोहन खाती शामिल रहे। पुलिस अब स्मैक के मुख्य स्रोत का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मुख्य चौक से थारू विकास भवन तक मार्ग का होगा व्यापक सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के अनुरोध का संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खटीमा क्षेत्र के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहितकारी सौगात प्रदान की गई है।



इस योजना के अंतर्गत खटीमा चौराहे से थारू विकास भवन तक के मार्ग का व्यापक रूप से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही पूरे मार्ग पर अत्याधुनिक एवं सुदृढ़ प्रकाश व्यवस्था स्थापित की जाएगी। जिससे न केवल शहर की सुंदरता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, बल्कि आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा भी प्राप्त होगी। यह पहल खटीमा को एक विकसित, व्यवस्थित और आकर्षक शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। सभी क्षेत्रवासियों इस सराहनीय पहल के लिए मुख्यमंत्री का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

# PC-PNDT सेल, जनपद-उधम सिंह नगर PC-PNDT एक्ट उल्लंघन पर चलेगा प्रशासन का हंटर

■ रुद्रपुर में चार अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं 01 IVF केंद्र पर CMO के आदेश पर किया गया निरीक्षण
गलती मिली तो सीधे FIR, रजिस्ट्रेशन रद्द और मशीन जब्त होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 का उल्लंघन करने वालों को अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं समुचित प्राधिकारी डा. केके अग्रवाल के अत्यंत कड़े एवं स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में आज शनिवार को रुद्रपुर ब्लॉक के चार पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों एवं 01 IVF केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की PC-PNDT टीम ने निरीक्षण की कार्रवाई की।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी (PC-PNDT) डा. एसपी सिंह के नेतृत्व में केंद्रों पर निरीक्षण में अधिनियम की धारा 4, 5, 6, 18, 20, 22, 23 एवं नियम 9, 10 के अंतर्गत एक-एक दस्तावेज को खंगाला। निरीक्षण वाले केंद्र फुटेला हॉस्पिटल, फुटेला आईवीएफ सेंटर, बीडी पाठक हॉस्पिटल, जीवनदीप डायग्नोस्टिक सेंटर एवं न्यूरो अल्ट्रासाउंड सेंटर। टीम सदस्य डॉ. एसपी सिंह (ACMO/DNO), डॉ. नम्रता सिंह, प्रदीप महर (जिला समन्वयक PC-PNDT सेल) तथा गोपाल आर्य (अधिशासी सहायक) रहे। टीम ने फॉर्म-F में छोटी से छोटी गलती, मरीजों के अभिलेखों में ओवरराइटिंग, बिना रेफरल स्लिप के USG, रजिस्टर में कटिंग, मशीनों का भौतिक सत्यापन तथा धारा 22 के तहत अनिवार्य चेतावनी बोर्ड लिंग परीक्षण कराना एवं करवाना कानूनी अपराध है, जेल होगी की गहन जांच की। सभी संचालकों को अंतिम चेतावनी देते हुए साफ कर दिया गया कि PCP-NDT एक्ट की धारा 23(1) के तहत पहली गलती पर 3 साल की सश्रम कैद + 50 हजार जुर्माना और धारा 23(2) के तहत दोबारा पकड़े जाने पर 5 साल की सश्रम कैद + 1 लाख जुर्माना होगा।



साथ ही धारा 20 के तहत रजिस्ट्रेशन तत्काल निलंबित/रद्द कर धारा 30 के तहत मशीनें जब्त कर ली जाएंगी। लिंग बताने वाले डॉक्टर का मेडिकल लाइसेंस भी रद्द करवाया जाएगा।

डा. एसपी सिंह ने दो टूक कहा, अब केवल निरीक्षण नहीं, सीधी कार्रवाई होगी। यह रिपोर्ट धारा 17(4) के तहत आज ही राज्य समुचित प्राधिकारी को भेजी जा रही है। जिले में लिंगानुपात बिगाड़ने वालों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस, जीरो मर्सी की नीति लागू है।जनता के लिए खुली चेतावनी: यदि कोई डॉक्टर, दलाल, आशा, ANM या रिश्तेदार लिंग परीक्षण के लिए उकसाता है या पैसे मांगता है तो उसकी वीडियो/ऑडियो बनाकर CMO कार्यालय या PC-PNDT सेल को दें। सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा व नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा।

# दियोहारी नमूना गांव में आग से हड़कंप, दो उपलों के बटोरे जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शनिवार को क्षेत्र के दियोहारी नमूना गांव में अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। अज्ञात कारणों के चलते लगी इस आग में दो उपलों के बटोरे जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी।

सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत पर इंडेन गैस गोदाम में हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम पर गैस सिलेंडर की कमी को लेकर उपभोक्ताओं ने जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से गैस की गाड़ी नहीं पहुंची थी, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश था। जैसे ही गैस गाड़ी आने की सूचना मिली, बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए गोदाम पर पहुंच गए और भीड़ एकत्र हो गई। स्थिति बिगड़ते देख सूचना पर एसएसआई विक्रम धामी और एसआई सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और व्यवस्था बनवाई।

प्रशासन की ओर से बेरिया दौलत क्षेत्र के लिए गैस सिलेंडरों से भरी एक पिकअप वाहन भेजी गई। वहीं शहर में होम डिलीवरी के लिए रिक्शों के माध्यम से भी सिलेंडर वितरण कराया गया। इसके अलावा गोदाम पर भी उपभोक्ताओं को लाइन में लगाकर व्यवस्थित तरीके से गैस सिलेंडर वित. रित किए गए। गैस एजेंसी के प्रबंधक बाबूराम ने बताया कि वर्तमान में 30 मार्च की गैस बुकिंग के अनुसार वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी क्षेत्रों में गैस आपूर्ति सुचारू होते ही होम डिलीवरी भी नियमित रूप से की जाएगी।

# नारी शक्ति के अपमान का खामियाजा भुगतेगी कांग्रेसः कमल जिंदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में मतदान करने वाले विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि वे महिला सशक्तीकरण के धुर विरोधी हैं।



कमल जिंदल ने कहा यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस विधेयक के पक्ष में 298 वोट पड़े, उसे कांग्रेस, सपा और डीएमके जैसे दलों ने तकनीकी आधार पर गिरा दिया। भाजपा सरकार पूर्ण निष्ठा के साथ महिलाओं को नेतृत्व सौंपना चाहती थी, लेकिन विपक्ष ने एकजुट होकर इस राह में कांटे बिछा दिए। राहुल गांधी और उनके साथी किस मुंह से महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, जब उन्होंने संसद में महिला अधिकारों के खिलाफ खड़े होकर वोट दिया। उन्होंने विपक्ष को चेता. वनी देते हुए कहा कांग्रेस ने अपने पैर पर खुद कुल्हाड़ी मारी है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिलाओं के सम्मान के लिए जो चक्रव्यूह रचा था, उसमें विपक्ष बुरी तरह फंस गया है। अब हम गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता को बताएंगे कि मोदी जी आरक्षण देना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने इसे रोक दिया। यह कांग्रेस के राजनीतिक पतन की शुरुआत है। आने वाले समय में भाजपा पूरे जनपद और प्रदेश में इस विश्वासघात के खिलाफ जन-आंदोलन खड़ा करेगी। कांग्रेस ने जो काला टीका अपने माथे पर लगाया है, वह अब कभी नहीं धुलेगा।

# आश्रित गौवंश को प्रदान की गई छप्पन भोग की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** श्री हरिशरणम सेवा समिति के गौसेवा समिति के अंतर्गत विगत 4 वर्षों से चल रही साप्ताहिक गौसेवा में श्री कामधेनु गोविंद गौधाम ग्राम पुछड़ी में आश्रित गौवंश को छप्पन भोग की सेवा प्रदान की गई, जिसमें गौमाता को विभिन्न प्रकार के ताजे फल, सब्जी, अनाज, चारा, पशु आहार,मिठाई,मेवा ,रोटी आदि का भोग लागया गया।

कार्यक्रम में श्री हरिशरणम सेवा समिति के संयोजक एवं ख्यातिप्राप्त कथा वाचक शशांक जी महाराज ने गौसेवा को महिमा का व्याख्यान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ सेवकों ने उपस्थित होकर गौमाता की सेवा का लाभ लिया। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, हरिशरणम सेवा समिति के सचिव शलभ मित्तल,कोषाध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल,गौसेवा संयोजक संजीव मित्तल,प्रखर मित्तल,यश मित्तल, अमित अग्रवाल, सुनील देवल, विपिन अग्रवाल,विवेक अग्रवाल, नीरज देवल, बिशन दत्त, प्रदीप मेहरोत्रा, श्री कामधेनु गोविंद गौधाम के अध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, ईशान अग्रवाल,रामभरोसे लाल आदि मौजूद रहे।

# हाई स्कूल में 92.4 प्रतिशत अंक लाकर सोमाक्ष श्रीवास्तव ने दादा का सपना साकार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर प्रणय श्रीवास्तव के पुत्र सोमाक्ष श्रीवास्तव के द्वारा सीबीएसई बोर्ड से हाईस्कूल की परीक्षा 92. 4 प्रतिशत अंको साथ उत्तीर्ण करके अपने परिजनों व स्कूल के शिक्षकों का नाम रोशन किया है।



बता दें कि सोमाक्ष श्रीवास्तव के दादा स्व क े बी ए ल श्रीवास्तव ने बर्ष 1970 में रामनगर में एमपी इंटर कॉलेज में बतौर मनोविज्ञान प्रवक्ता के रूप में शुरुआत की।

40 वर्ष अपनी सेवाएं दी और प्रिंसिपल पद से रिटायर्ड हुये।रामनगर में इंग्लिश मीडियम एजुकेशन व नाटक व रंगारंग कार्यक्रमो का जनक माना जाता है। स्व. श्रीवास्तव के द्वारा पम्पापुरी में वर्ष 1987 में हैप्पी होम के नाम से रामनगर में पहले इंग्लिश मीडियम स्कूल की नींव रखकर क्षेत्रवासियों को इंग्लिश मीडियम पढ़ाई की सौगात दी थी बाद में हैप्पी होम स्कूल का नाम ग्रेट मिशन रखा गया जिसकी नर्सरी से क्लास आठ तक पम्पापुरी मे में संचालित है जिसका संचालन उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रणय श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी आलोकिता श्रीवास्तव के द्वारा किया जाता है। जबकि काशीपुर रोड स्थित दूसरी ब्रांच जो कि इंटर तक कि शिक्षा देती है। छोटे पुत्र डा. प्रसून श्रीवास्तव व उनकी धर्मपत्नी डॉ नलिनी श्रीवास्तव के द्वारा किया जाता है। हाईस्कूल टॉपर बनकर सोमाक्ष ने अपने स्व. दादा केबीएल श्रीवास्तव व स्व. दादी मंजुला श्रीवास्तव, पिता प्रणय श्रीवास्तव, माता आलोकिता श्रीवास्तव, स्कूल डायरेक्टर व चाचा डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, स्कूल प्रिंसिपल व चाची डॉ नलिनी श्रीवास्तव,स्कूल के टीचर्स व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# महेशपुरा में श्री श्याम चतुर्थ संकीर्तन महोत्सव, भजनों पर झूमे हजारों श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम महेशपुरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम चतुर्थ संकीर्तन महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया तथा ज्योत प्रज्वलित कर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भजनों का आनंद लिया।

श्री श्याम सेवक कमेटी, ग्राम महेशपुरा के तत्वावधान में शुक्रवार रात्रि बड़ा शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत शाम करीब 7 बजे श्री श्याम आरती से हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरा वातावरण "श्याम बाबा के जयकारों" से भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गायक आकाश अरोरा, गायिका वंशिका गुप्ता और हिमांशु राणा ने श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्री श्याम सेवक कमेटी द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में बाबा के शीश पर चांदी का छत्र भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम में बड़ा शिव मंदिर के पुजारी गौतम गिरी महाराज, राजेश कुमार, यशपाल राजहंस, राकेश गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, सोनू कश्यप, सौरभ राणा, अमन चंद्रा, रूपचंद सैनी, रोहित कश्यप, गोविंदा, जय प्रकाश, रामचंद्र पासी, गगन चंद्रा, चंद्रपाल सैनी, रोहित सैनी, हरबंस चंद्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती पर विद्या मंदिर इंकॉ में अनेक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में परशुराम जयंती श्रद्धा एवं उत्साह से मनाई गई। बंदना सत्र के बाद परशुराम जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ भगत सिंह बोरा ने परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य त्रिलोक जोशी ने अपने उद्घोष में भगवान परशुराम के जीवन, आदर्श , त्याग, पराक्रम एवं धर्म निष्ठा की जानकारी दी। संचालन कार्यक्रम प्रमुख आचार्य चंद्रपाल ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कविता, भाषण एवं परशुराम - लक्ष्मण संवाद आदि नाटक प्रस्तुत किए। इस दौरान बस्ता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रधानाचार्य डॉ बोरा ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया।



# गंगा जी की डोली मुखवा से गंगोत्री धाम के लिए रवाना, आज खुलेंगे कपाट



■ **गंगोत्री धाम में कल से शुरू होंगे दर्शन, सीएम धामी होंगे मुख्य अतिथि**

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी :** मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखवा से गंगा जी की डोली शनिवार दोपहर 12.15 बजे मंदिर पूजा-अर्चना के बाद गंगोत्री धाम के लिए रवाना हो गई है।

मां गंगा जी की उत्सव डोली रात्रि विश्राम भैरवघाटी के भैरव मंदिर में पहुंचेगी। भैरव मंदिर से रविवार को गंगा की डोली गंगोत्री के लिए रवाना होगी। रविवार को परंपरा अनुसार पूजा अर्चना के बाद दोपहर 12:15 बजे मां गंगा जी की भोग मूर्ती मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए गंगोत्री के कपाट खुल जायेंगे। उधर रविवार को ही यमुनोत्री धाम के कपाट भी श्रद्धालुओं के लिए खुल जायेंगे।

वहीं मंदिर समिति सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले यमुनोत्री धाम और उस के बाद गंगोत्री धाम के कपाट उद्घाटन के बतौर मुख्य अतिथि पहुंच सकते हैं।

मुखवा में शनिवार सुबह से ही मंदिर में पूजा अर्चना शुरू हुई। जिसके बाद मुखवा, धराली, हर्षिल के ग्रामीणों के साथ यात्री भी जुटने शुरू हुए। दोपहर तक मुखवा गांव में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर में मां गंगा की भोग मूर्ति का श्रृंगार किया गया। दोपहर ठीक 12.15 बजे अमृत बेला पर एक बजे गंगा की डोली मंदिर से बाहर निकाली गई। 12.35 बजे आर्मी बैंड तथा ढोल-रणसिंगों की अगुआई में गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा में स्थानीय लोगों के साथ ही देश-विदेश के श्रद्धालु भी शामिल हुए। मुखवा से गंगा की डोली को स्थानीय महिलाएं व अन्य लोगों ने परंपरानुसार विदा किया। डोली यात्रा में स्थानीय श्रद्धालुओं, पुजारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा है कि प्रशासन द्वारा यात्रा को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यातायात, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस मौके पर श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष पं० धर्मानन्द सेमवाल, अरूण सेमवाल उपाध्यक्ष, सचिव सुरेश सेमवाल सचिव,,सुशील सेमवाल, अभिषेक सेमवाल, चण्डीप्रसाद सेमवाल संयोजक, जयकिशन सेमवाल प्रेम प्रकाश सेमवाल , हरीश सेमवाल, राजेश सेमवाल प्रदीप सेमवाल ,सुनील सेमवाल , सन्तोष सेमवाल, सतीश सेमवाल, सतेंद्र सेमवाल, समेत समस्त तीर्थपुरोहित और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे है।

## मुखवा गांव से गंगोत्री धाम के लिए मां गंगा की भावुक विदाई

■ **मुखवा गांव से बेटी की तरह विदा होती है गंगा जी**

**मुखवा/उत्तरकाशी:** जनपद के मुखवा गांव में शनिवार को आस्था, परंपरा और भावनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला, जब शीतकालीन प्रवास स्थल से मां गंगा की भोगमूर्ति को डोली में सवार होकर गंगोत्री धाम के लिए विधिवत रवाना किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मां गंगा की उत्सव डोली को बेटी की तरह विदा किया, वहीं गांव की महिलाएं भावुक होकर अश्रुपूर्ण नेत्रों से इस पावन क्षण की साक्षी बनीं। प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था से सराबोर मुखवा गांव एक बार फिर भक्ति भाव में डूबा नजर आया।

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर गंगोत्री हाईवे पर स्थित हर्षिल गांव से महज दो किलोमीटर की दूरी पर बसा मुखवा गांव है। मां गांव के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा गांव में गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहितों सहित करीब साढ़े चार सौ परिवार रहते हैं। यहां परंपरागत शिल्प से तैयार लकड़ी के मकान और ठंडी आबोहवा के बीच हरे-भरे जंगल और पहाडी चांदी जैसे मुट पहने अपनी खूबसूरती बिखेरते हैं। गांव के मध्य में गंगा का मंदिर है, जिसमें गंगोत्री धाम के कपाट बंद हो जाने के बाद शीतकाल के दौरान मां गंगा की भोग मूर्ति छह माह के लिए स्थापित रहती है। शीतकाल में इसी मंदिर में मां गंगा के दर्शन किए जा सकते हैं। इन छह महीनों में मुखवा गांव का माहौल खुशियों भरा रहता है, जबकि, कपाट खुलने पर पूरा गांव भव्य विदाई कार्यक्रम के साथ गंगा की भोगमूर्ति को लेकर गंगोत्री पहुंचते हैं। इसके लिए एक माह पहले से ही मुखवा में तैयारी चलती है। शनिवार को जब मुखवा से गंगा की डोली रवाना हुई, तो इन तैयारियों का नजारा दिखा। मुखवा निवासी और रावल वरिष्ठ अधिवक्ता रवीन्द्र सेमवाल और राजेश सेमवाल,ने बताया कि वर्षों पूर्व तक ग्रामीण दाल के पकोड़े, चीणा के भुगेला, चूड़ा, बुखणा बनाते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे पौराणिक कलेऊ की परंपरा भी समाप्त हो रही है। गंगा की डोली के साथ देव कंडा जाता है, जिसमें मां गंगा के आभूषण आदि रहते हैं।

# यात्रा से पहले पुलिस सख्त : यमुनोत्री मार्ग के ग्राउंड जीरो पर उतरीं एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** चारधाम यात्रा के शुभारंभ से ठीक एक दिन पूर्व पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। शनिवार को उत्तरकाशी की पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने यमुनोत्री धाम यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण सुरक्षा और व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेने ग्राउंड जीरो पर उतरी ।

निरीक्षण के दौरान यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर संवेदनशील भू-स्खलन क्षेत्रों का बारीकी से आकलन किया गया। एसपी ने मौके पर तैनात पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा "सेवा, सुविधा और सम्मान" की भावना के अनुरूप सुरक्षित और सुगम होनी चाहिए। जानकीचट्टी तक पहुंचकर उन्होंने यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त रखने, भीड़ बढ़ने पर होल्डिंग प्वाइंट लागू करने और संकरे मार्गों पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



■ **एसपी ने सुरक्षा व व्यवस्थाओं को लेकर दिए कड़े निर्देश**

यात्रा से जुड़े कारोबारियों, डंडी-कंडी संचालकों और घोड़ा-खच्चर मालिकों के साथ बैठक में एसपी ने सख्त संदेश दियाख्रतीर्थयात्रियों से सौम्य व्यवहार करें और किसी भी प्रकार की जबरन वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, संचालन को व्यवस्थित रखने के लिए रोटेशन प्रणाली लागू करने पर जोर दिया गया।

पुलिस चौकी, पार्किंग और हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी निगरानी, त्वरित शिकायत निस्तारण और आपातक. ालीन प्रतिक्रिया को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। खरसाली हेलीपैड पर हवाई सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था भी जांची गई।

पैदल मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस और एसडीआरएफ को सतर्क रहने को कहा गया है। सुरक्षा कारणों से शाम के बाद यात्रियों को मंदिर की ओर न भेजने का निर्णय भी दोहराया गया। पूरे यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए निगरानी, संदिग्धों की जांच और मंदिर परिसर में सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के अंत में एसपी ने खरसाली पहुंचकर मां यमुना के दर्शन किए और सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना की। साथ ही तीर्थ पुरोहितों और मंदिर समिति के साथ बैठक कर यात्रा को और बेहतर बनाने पर चर्चा की गई।

## ग्राम पंचायत योजनाओं में बाधा पर भड़के प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** विकासखंड मोरी में ग्राम पंचायतों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों को लेकर प्रधान संगठन ने आवाज बुलंद की। प्रधान संगठन के अध्यक्ष कैलाश डिमरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों के प्रति. निधिमंडल ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी से मुलाकात कर समस्याओं को विस्तार से रखा।

प्रधानों ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन ऑनलाइन पोर्टल के सुचारू रूप से कार्य न करने के कारण बाधित हो रहा है। विशेष रूप से राज्य वित्त एवं अन्य विकास योजनाओं की ऑनलाइन साइटें नहीं चल पाने से पंचायत स्तर पर कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों में रुकावट आ रही है।

■ **ऑनलाइन पोर्टल ठप, मोरी के प्रधानों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सभी ग्राम प्रधान एवं पंचायत प्रतिनिधि आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

जिलाधिकारी ने प्रधान संगठन की मांगों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द ही योजनाओं के संचालन में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक

**कोटद्वार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दिनांक 09 मई 2026 (शनिवार) को जिला न्यायालय, पौड़ी गढ़वाल सहित जनपद के समस्त बाह्य न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक वादों के निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करते हुए उन्हें निस्तारण हेतु प्रस्तुत किया जाए, ताकि लंबित मामलों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके।

## वर्षाकाल में जल भराव वाले स्थानों का करें स्थलीय निरीक्षण

**नई टिहरी:** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार जनपद के समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कक्र्न्फेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है की अपने-अपने क्षेत्रतर्गत आगामी वर्षा ;तु में जिन स्थानों पर जल भराव की समस्याएं उत्पन्न होती है या संभावित स्थानों पर जल भराव की स्थिति हो सकती है का धरातलीय निरीक्षण एवं आपस में समन्वय बनाते हुए एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट डिटेल उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। ताकि शासन को आवश्यक कार्रवाई हेतु वस्तु स्थिति

## सीए पैन्यूली ने कांग्रेस के धारना-प्रदर्शन को बताया नौटंकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक सीए राजेश्वर पैन्यूली ने नई टिहरी जिला मुख्यालय में कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन को महज नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार प्रतापनगर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जबकि स्थानीय विधायक चार वर्षों तक विकास के मुद्दों पर मौन रहे और अब चुनाव नजदीक आते ही जनता को गुमराह करने के लिए आंदोलन का सहारा ले रहे हैं।

पैन्यूली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का यह आंदोलन जनहित से नहीं, बल्कि पाटद्ध के भीतर व्याप्त निराशा, हताशा और कुंठा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आम जनता की समस्याओं से कोई वास्तविक जुड़ाव नहीं है, जबकि भाजपा सरकार जमीनी स्तर पर काम कर रही है, जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। कहा कि कांग्रेस अपने आंतरिक कलह को छिपाने के लिए आंदोलनों को जन आक्रोश का नाम दे रही है। जबकि धामी सरकार सेम-मुखेम, खैट पर्वत, दिन्याली देवी, कोटेश्वर और ओणेश्वर जैसे धार्मिक स्थलों के लिए सड़क व आधारभूत सुविधाओं का विकास कर रही है। जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। भाजपा सरकार ने मदन नेगी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में कार्य किया है।

## मेले को लेकर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने रखे सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** नगर पंचायत गजा में आगामी 25 अप्रैल को लगने वाले थौल द्धमेलाक्ष की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में विभागीय अधिका. रियों और जनप्रतिनिधियों ने मेले को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अपने सुझाव रखे। पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष नेगी ने कहा कि मेले के दिन अतिरिद्र पुलिस व्यवस्था की जाएगी और वाहनों को पार्किंग व्यवस्था के लिए पहले ही सूचित कर दिया जाएगा। अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान ने कहा कि मेले के स्रुल आयोजन के लिए सभी विभागों, व्यापार सभा, टैक्सी यूनियन का



आयोजित बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी।

■ **25 अप्रैल को नगर पंचायत गजा में आयोजित होगा मेला**

सहयोग जरूरी है। ताकि मेले का आयोजन भव्यता के साथ शांति पूर्ण ढंग से समपन्न हो सके। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. अनिषा मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आपातकालीन सेवा उपलब्ध रहेगी। जल संस्थान व बिजली विभाग की ओर से भी पेयजल व विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने की बात कही गई। इस मौके पर जल संस्थान के अवर अभियंता मुनेंद्र सुरियाल, विद्युत विभाग के अवर अभियंता बलबीर सिंह चौहान, सभासद राजेंद्र सिंह चौहान, जसवंत सिंह, रंजना चौहान, कुशाला लाल, पूरण सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह सजवाण, स्वच्छता अभियान ब्रांड एम्बेसडर दिनेश प्रसाद उनियाल आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को एआई एवं साइबर सिक्योरिटी की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कालेज कीर्तिनगर में ग्रीन पहाड़ी फाउंडेशन द्वारा एआई एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूकॉस्ट द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कपिल पंवार एवं डॉ. अंकित उछोली ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर डॉ. कपिल पंवार ने छात्रों को नई तकनीकियों के बारे में जागरूक रहने को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. अंकित उछोली ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों की कौशल क्षमता भी बढ़ेगी व साथ ही छात्र नई तकनीकियों से रूबरू होंगे। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग

■ **राइंका कीर्तिनगर में ग्रीन पहाड़ी फाउंडेशन के ओर से कार्यशाला आयोजित**

की शोधार्थी लूसी ने विद्यालय के छात्रों को साइबर सिक्योरिटी विषय पर छात्रों को व्याख्यान दिया।

उन्होंने छात्रों को नई एआई तकनीकियों के बारे में जागरूक रहने को कहा। दूसरे सत्र में प्रीति ने छात्रों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानक. ारी देते हुए छात्रों को साइबर रूप से सुरक्षित रहने के लिए कहा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में छात्रों को बताया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक कमलेश जोशी, शोध छात्र साहबान, अरुणेश मिश्रा, युवराज सहित आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने अपनी भूमि व परिसंपत्तियों के सर्वे पर जताई आपत्ति

■ **कोटीकालोनी, जाख, डोबरा पर्यटन सडक का मामला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटीकालोनी, जाख, डोबरा पर्यटन सड़क निर्माण से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम जाख, तिवाड़गांव और पलास के ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी भूमि व अन्य



पर्यटन सडक निर्माण की बैठक लेती डीएम।

परिसंपत्तियों के सर्वे को लेकर विभिन्न आपत्तियां दर्ज कराईं।

ग्रामीणों ने कहा कि सर्वे टीम द्वारा उनकी भूमि और संपत्तियों का सही आकलन नहीं किया गया है, जिससे उन्हें उचित मुआवजा मिलने में समस्या आ सकती है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण की बात विस्तार से सुनी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लोगों को अपने भूमि या संपत्ति के आकलन पर आपत्ति है, वे अपनी शिकायतें लिखित रूप में प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान कुल 14 लिखित आपत्तियां दर्ज की गईं। इन शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पुन: सर्वे करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों को न्यायोचित समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी प्रभावित व्यद्रि के साथ अन्याय न हो और सभी को पारदशद्ध एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत उचित लाभ मिले। साथ ही संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सर्वे कार्य में पूर्ण पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग केएस नेगी, एसडीएम टिहरी कमलेश मेहता, अधिशासी अभियंता पीएमजीएस अविनाश सैनी, बीना सेमवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और संबंधित गांवों के काश्तकार उपस्थित रहे।

## वानिकी विवि भरसार में प्रवेश को ऑनलाइन आवेदन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी:** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी ब्विवविद्यालय, भरसार के वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। विवि के विभिन्न पाठ्ड्क्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवे. दन की तिथि 16 अप्रैल से 20 मई तक है। शैक्षणिक सत्र2026-27 में स्नातक के लिए चार, स्नातकोत्तर में 17 और पीएचडी में 11 पाठ्ड्क्रम विवि के विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित हैं। इच्छुक अभ्यथद्ध स्नातक, परास्नातक व पीएचडी में प्रवेश के लिए विवि की वेबसाइट पर लाग इन कर आनलाइन आवेदन सकते हैं। ब्विवविद्यालय के कुलपति प्रो. परविन्दर कौशल ने बताया कि विवि में प्राध्यापकों की नियुद्रि और भारतीय ख्रषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से मान्यता के बाद विवि अपने चौमुखी विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने यह छात्रें से अपील की गई है कि छात्र अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें और ख्रषि, औद्यानिकी व वानिकी विषयों में पढ़ाई करने अपना भविष्य उज्जवल बनाए। विवि के समन्वयक प्रवेश परीक्षा प्रो. वीपी खण्डूड़ी ने बताया कि विवि में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 से वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी में बीएससी वानिकी, बीएससी ख्रषि, एमएससी द्धवानिकीक्ष सिल्वीकल्चर व ख्रषि वानिकी, एमएससी द्धवानिकीक्ष वन उत्पाद एवं उपयोगिता, एमएससी द्धवानिकीक्ष ग्रेस्ट बायोलोजी एवं ट्री इम्प्रूवमेन्ट, एमएससी द्धवानिकीक्ष वन संसाधन प्रबन्धन, एमएससी पर्यावरण विज्ञान, पीएचडी द्धवानिकीक्ष सिल्वीकल्चर एवं ख्रषि वानिकी,

## उत्तराखंड की संस्कृति विषय पर आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन ।** जयहरीखाल महाविद्यालय परिसर में शनिवार को उत्तराखंड की संस्कृति विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता का प्रारंभ कार्यक्रम संयोजक डॉ शिप्रा द्वारा किया गया। प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से उत्तराखंड की पारंपरिक लोककलाओं, त्योहारों, वेशभूषा, और प्राकृतिक सौंदर्य को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कुछ विद्यार्थियों ने पर्वत श्रृंखला, यहां की पवित्र नदियों और पहाड़ी लोकनृत्यों को अपनी रंगोली में उकेरा। निर्णायक मंडल में भौतिक विज्ञान से विभाग प्रभारी डॉ कमल कुमार एवं भू विज्ञान की विभाग प्रभारी डॉ गुंजन आर्य द्वारा रचनात्मकता, रंगों के संयोजन और विषय की प्रस्तुति के आधार पर विज. ेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ए सलोनी रावत एवं मालती बीए चतुर्थ सेम, द्वितीय स्थान टीम एफ अमीषा रावत, प्रिया ,कशिश बीए द्वितीय सेम और तृतीय स्थान टीम बी अक्षिता एवं सोनम बीए चतुर्थ सेम ने प्राप्त किया । कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की संरक्षक प्राचार्य एलआर राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों और संस्कृति से भी जोड़ते हैं। इस उपलक्ष पर हिंदी विभाग प्रभारी डॉ उमेश ध्यानी, डॉ सुमन कुकरेती, राजनीति विज्ञान से डॉ अजय रावत एवं डॉ वदंना ध्यानी बहुगुणा, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ नेहा शर्मा एवं डॉ दुर्गा रजक, अंग्रेजी विभाग प्रभारी डॉ मानसी वत्स, इतिहास विभाग प्रभारी डॉ अभिषेक कुकरेती, एवं भुगोल विभाग से डॉ वसीम अहमद एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## मोरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का धरना 17वें दिन भी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी :** विकासखंड मोरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं का धरना-प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी रहा। शनिवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्त्रियां तहसील परिसर मोरी में एकत्रित हुई और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

आंगनबाड़ी संघ की मोरी ब्लॉक अध्यक्ष मेनका चौहान ने कहा कि कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को उनके कार्य के अनुरूप उचित मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उनके सामने जीवन यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मांगों में मासिक मानदेय को बढ़ाकर 18,000 रुपये किए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा राज्य सरकार से 190 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि तथा केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने की भी मांग उठाई गई। कार्यकर्त्रियों ने यह भी मांग की कि सेवानिवृत्ति के समय किसी प्रकार की अनावश्यक कटौती न की जाए तथा खातों से 300 रुपये की कटौती तुरंत बंद की जाए। साथ ही बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से न जोड़ने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने स्थानीय विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। धरने में मेनका चौहान के नेतृत्व में शुभा चौहान, बीना चौहान, सुमित्रा, मीना, सुषमा, तारा, सुलोचना, रीना सहित कई कार्यकर्त्रियां मौजूद रहीं।

## पत्रकार मनोज उनियाल के निधन पर जताया शोक

**श्रीनगर।** वरिष्ठ पत्रकार मनोज उनियाल एवं पार्षद पंकज सती के पिताजी के निधन से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलकिशोर, भाजपा के जिला महामंत्री गणेश भट्ट, भाजपा श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमिला भंडारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जगमोहन नेगी, महामंत्री दिनेश पटवाल, शुभम प्रभाकर आदि ने शोक जताया है।

# राज्य चुनाव आयोग को तीन दिन की मोहलत

## सीट आरक्षण मामले में हाई कोर्ट ने मांगा जवाब



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से अब तक रुद्रप्रयाग विधान सभा सीट को आरक्षित न करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने 3 दिन के भीतर राज्य चुनाव आयोग से स्थित स्पष्ट करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई तीन दिन बाद की तिथि नियत की है। शनिवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती रविंद्र मैथाणी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में हुई। मामले के अनुसार रुद्रप्रयाग जिले के समाजिक कार्यकर्ता और सेना से सेवानिवृत विजय लाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य को बने 26 साल होने को हैं। अगले साल विधान सभा का चुनाव भी होना है। जब से राज्य बना है तब से अब तक रुद्रप्रयाग में विधान सभा की सीट आरक्षित नहीं हुई है। राज्य बनने से अब तक यह सीट जनरल ही घोषित की गई है जबकि वहाँ पर एसटी तथा एससी और ओबीसी जाती के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं। विधान सभा सीट की आरक्षित करने के लिए उनके द्वारा राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को कई प्रत्यावेदन भी दिए जिस पर राज्य चुनाव आयोग ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग से कहा कि इसपर निर्णय लें लेकिन अभी तक जिलाधिकारी ने उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जनहित याचिका मे कोर्ट से अनुरोध किया है कि अब के विधान सभा चुनाव में उनके वहां आरक्षित सीट घोषित की जाए। उनके साथ अन्याय हो रहा है जिसपर कोर्ट की खण्डपीठ ने राज्य चुनाव आयोग से तीन दिन के भीतर स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

### राज्य सरकार को 20 तक की मोहलत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के लामाचौड़ श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित कई अन्य कॉपरेटिव समितिओं का चुनाव नहीं कराए जाने के खिलाफ दायर विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले कि सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा है कि चुनाव की वर्तमान स्थिति से सोमवार तक कोर्ट को अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई आने वाले सोमवार की तिथि नियत की है। बता दें शनिवार को सरकार की तरु से कहा गया कि इनको नोटिस दिया गया है जिसकी जांच चल रही है इसलिए इनका चुनाव प्रोग्राम की तिथि घोषित नही की गई। अभी तक चुनाव की जो भी प्रक्रिया चल रही है। आने वाली तिथि तक वैसे ही रहेगी। उस पर कोई आगे की कार्यवाही नहीं होगी जिसपर कोर्ट ने सरकार से वर्तमान स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन कारावास

## द्वितीय अपर सेशन जज कुलदीप शर्मा की अदालत ने सुनाया फैसला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** द्वितीय अपर सेशन जज कुलदीप शर्मा की अदालत ने दिसंबर 2021 में नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में हुई नवीन चन्द्र आर्या की हत्या के मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मामले के तीनों मुख्य अभियुक्तों (मोहित कुमार आर्या, आकाश सिंह और नीलेश कुमार आर्या) को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया, जिसे न चुकाने पर उन्हें तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार यह घटना 20-21 दिसंबर 2021 की रात तिरछाखेत मार्ग पर नैनी बैण्ड के पास हुई थी। मृतक के भाई राजेन्द्र प्रसाद ने थाना भवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें आपसी शत्रुता के चलते मोहित और उसके साथियों पर संदेह जताया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए



तीनों अभियुक्तों को 21 दिसंबर 2021 को गिरफ्तार कर लिया था और तब से वे जेल में ही निरुद्ध थे। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) राम सिंह रौतेला ने मजबूत पैरवी करते हुए 13 गवाह कोर्ट में परीक्षित कराए जिसमें सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य मोहित के सगे संबंधी राहुल आर्या की गवाही रही। राहुल ने अदालत को बताया कि घटना की रात करीब 1.30 बजे ये तीनों उसके घर पहुंचे थे और उनके कपड़ों व जूतों पर खून के निशान थे। इतना ही नहीं अभियुक्त आकाश ने राहुल को अपने मोबाइल पर एक वीडियोग्राफ भी दिखाया था जिसमें तीन लोग एक व्यक्ति को बेरहमी से पीट रहे थे। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट ने भी पुष्टि की कि अभियुक्तों के कपड़ों पर वही खून था जो घटनास्थल से बरामद मिट्टी पर मिला था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस द्वारा की गई बरामदगी प्रक्रिया में कुछ विसंगतियां भी पाईं। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि अभियुक्तों के जरिए मृतक का पर्स बरामद किया गया लेकिन अदालत ने पाया कि वह पर्स पहले ही शव के पंचनामे में दर्ज था। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के तहत ऐसी बरामदगी को सिद्ध नहीं माना जा सकता क्योंकि वस्तुओं के बारे में सूचना बरामदगी से पहले दर्ज नहीं की गई थी हालांकि बरामदगी की प्रक्रिया में खामियां थीं लेकिन राहुल आर्या की विश्वसनीय गवाही तथा घटना के तुरंत बाद अभियुक्तों का आचरण और एफएसएल रिपोर्ट जैसे वैज्ञानिक साक्ष्यों ने अभियोजन के पक्ष को मजबूत किया। अदालत ने माना कि मोहित और उसके साथियों ने सामान्य आशय के साथ नवीन की हत्या की थी। सभी पक्षों को सुनने के बादए अदालत ने दोषियों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 और 34 के तहत दंडित करते हुए अपना निर्णय सुनाया।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## ऑटो-कार भिड़ंत में एक ही परिवार के 8 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने बेतरतीब कट एक बार फिर बड़े हादसे की वजह बन गए। शनिवार सुबह हल्द्वानी से लालकुआं की ओर जा रहा एक ऑटो गुमटी स्थित कट पर नेक्सॉन कार से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गफूर बस्ती हल्द्वानी निवासी शोएब अपने भाई शाहरुख और अन्य परिजनों के साथ ऑटो संख्या यूके04टीबी2641 से लालकुआं जा रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो गुमटी के पास हाईवे पर बने कट को पार कर रहा था, तभी



सामने से आ रही नेक्सॉन कार संख्या यूके04 एएन4247 से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पलट गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि ऑटो में चार बच्चों समेत कुल नौ लोग सवार थे। हादसे में गफूर बस्ती निवासी रोजी, पत्नी शाहरुख, की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शाहरुख, उनके चार बच्चे अरहान, अर्श, उजैर और मन्नत के साथ ही शोएब, मुकद्दस और मेहरू बी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर नयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत हल्द्वानी के अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया और उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अव्यवस्थित कटों को लगातार हो रहे हादसों की बड़ी वजह बताते हुए प्रशासन से इन्हें व्यवस्थित करने की मांग की है।

### वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटकों से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** देश के मैदानी क्षेत्रों में हो रही गर्मी से निजात पाने के लिए इन दिनों पर्यटकों का रुझान नैनीताल को होने लगा है। खासकर वीकेंड के दिनों में पर्यटकों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में अधिक नजर आ रही है। वीकेंड पर पहुंचे पर्यटकों की वजह से नगर में अन्य दिनों की तुलना में काफी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। नैनीताल के अलावा समीपवर्ती भवाली, भीमताल, नौकुचियाताल, गागर, मुक्तेश्वर, घोड़ाखाल, रामगढ़ समेत पंगूट, किलबरी समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में भी वीकेंड के चलते पर्यटकों की भीड़ नजर आयी। संभावना जतायी जा रही है कि रविवार आज पर्यटकों की संख्या में और अधिक इजाफा होगा।

## एक नजर....

### बैंकों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**नैनीताल।** फायर स्टेशन नैनीताल की ओर से अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के क्रम में अग्निशमन अधिकारी नैनीताल देवेंद्र सिंह नेगी द्वारा नैनीताल क्षेत्रअंतर्गत बैंकों में उपस्थित स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग एवं संचालन की जानकारी तथा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान नेगी ने कहा कि बैंकों में सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरुरी है। आग लगने से बचने के लिए आग बुझाने वाले उपकरणों की जांच भी बेहद जरूरी है।

### उद्यमिता योजना के तहत ओरिएंटेशन कार्यशाला

**नैनीताल।** जिले के राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित भारतीय उद्यमिता संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नगेंद्र द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्वरोजगार की दिशा में सकारात्मक विचारों के साथ-साथ स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की बात कही और बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं इस उद्देश्य के लिए मिल का पत्थर सिद्ध होती है। मुख्य वक्ता भूपेंद्र सिंह मेहरा (प्रोजेक्ट ऑफिसर एक्सपर्ट भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद) और नोडल अधिकारी डा. हरीश चन्द्र जोशी ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उद्यमिता हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में भूपेंद्र मेहरा के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास की अपार संभावनाएं हैं और यहां के छात्र-छात्राएं इस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकते हैं। आवश्यकता है उनको एक सही दिशा तथा मार्गदर्शन प्रदान करने की जिसके लिए वह सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में डा. माया शुकला, डा. संध्या गड़कोटी, डा. निर्मला रावत, डा. नीमा पन्त, डा हरेश राम, कविंद्र प्रसाद, दीप्ति, गणेश , कमलेश एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जबकि प्रतिभागियों में मोहिता, माही, रोशनी, यमुना, सचिन, निशा, मयंक, दीपशिखा, नित्या तथा तनुजा आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### पर्यावरण मित्रों का धरना यथावत

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की ओर से पर्यावरण मित्रों की लंबित मांगों के निस्तारण को लेकर शनिवार को पांचवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा इस दौरान गुस्साएं पर्यावरण मित्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। दूसरी ओर संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक तथा महासचिव सोनू सहदेव ने शनिवार को पालिका के ईओ के माध्यम से पालिकाध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने मांगों के पूरा न होने की दशा में अब 20 अप्रैल को पालिका कार्यालय में ताला. बंदी और 22 अप्रैल से भूख हड़ताल पर जाने की धमकी दी है। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से किरायेदारी का शीघ्र निपटारा, प्रतीक्षा सूची और एसीपी का लाभ समय पर देना तथा कर्मचारियों को सफाई उपकरण मुहैया करवाने समेत कुल 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन से लगातार वार्ता कर रहे हैं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। बार-बार की बातचीत के बावजूद प्रशासन की तरफ से इन मुद्दों पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस दौरान संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, महासचिव सोनू सहदेव, उपाध्यक्ष कमल कुमार, दिनेश पवार, संजय सौदा, सुमन कैसले, अरविंद भारती, अमन टांक, रवि कुमार तथा मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### नैनीताल में श्रम कार्ड बनाने हेतु वार्डवार सर्वे शुरु

**नैनीताल।** सन्निर्माणकार बोर्ड श्रम विभाग की ओर से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का पंजीकृत मजदूरों का पंजीकरण कराया जा रहा है जिसमें उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी सिलसिले में शनिवार को नैनीताल में श्रम विभाग की ओर से नैनीताल में असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रमिकों का सर्वे शुरू किया गया। उत्कर्ष सेवा सोसायटी के अभिषेक गंगवार ने बताया कि श्रम विभाग की ओर से सोसायटी को जिले के श्रमिकों का सर्वे किया जा रहा है जिसमें उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी और उसके लाभ बताए जा रहे हैं, जिसमें उन्होंने श्रमिकों को विवाह सहायता योजना, सामूहिक कन्या विवाह सहायता योजना, शिक्षा, प्रसूति सहायता आदि की जानकारी दी। बताया कि शनिवार को नैनीताल के सात वार्डों में शिविर लगाकर सर्वे किया गया है शेष वार्डों का सर्वे पखवाडे भर में पूरा किया जाएगा। इस दौरान सभासद मनोज जोशी, रुचि साह, पंकज टंडन आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घायल युवती ने तोड़ दम

**हल्द्वानी।** बीते गुरूवार को बेलबाबा मंदिर के पास सड़क पार कर रही एक गाय से टकराने के बाद घायल हुई युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार कमलुवागांजा हिम्मतपुर तल्ली निवासी 24 वर्षीय श्रेया रूद्रपुर सिडकुल में ड्यूटी करती थी। बताया जा रहा कि श्रेया रोजना की तरह बीते गुरूवार की रात स्कूटी से वापस घर को आ रही थी तभी बेल. बाबा मंदिर के पास वह सड़क पार कर रही एक गाय से टकरा गई। स्कूटी का संतुलन बिगड़ने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में युवती को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां देर रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि युवती की स्कूटी सड़क पर गाय से टकरा गई थी। स्कूटी के आगे गाय के बाल भी लगे मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला गाय से टकराने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# महिला बिल का समर्थन न करने पर कांग्रेस को घेरा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में शनिवार को भाजपा ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिल

### अल्मोड़ा में भाजपा का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

का समर्थन नहीं करने पर कांग्रेस को घेरा। कांग्रेस को महिला विरोधी बताया। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या मौजूद रही। उन्होंने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सदैव महिलाओं



को सशक्त बनाने के लिए ठोस और ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत स्तर पर महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया और अब पार्टी की मंशा विधानसभा एवं लोकसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की है। कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन कांग्रेस द्वारा इसका विरोध किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के विपरीत बताते हुए कहा कि यह कदम देश की आधी आबादी की आकांक्षाओं के खिलाफ है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे रोकने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा किरन पंत, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पाल. ावाल, कमला तिवारी, संदीप श्रीवास्तव, कविता साह, विनीत बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक, दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, अर्जुन बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, मनीष जोशी, देवेंद्र भट्ट, पारू उप्रेती, दीपा पांडे, ललिता पंचपाल, विमला देवी, रुबीना, मोहिनी कनवाल, हंसी मेहरा, माया मेहरा, निशा बिष्ट, ममता कनवाल, ममता साह, कोमल जोशी, प्रीति रस्तोगी, दीपिका बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस पार्टी की राजनीति पर तीखी प्रतिक्रिया

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी की राजनीति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने तथा महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली मानसिकता अपनाने का आरोप लगाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास महिलाओं के सशक्तिकरण को रोकने और नारी शक्ति को आगे बढ़ने से रोकने वाली सोच से भरा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस की मानसिकता महिलाओं को उनका उचित सममान और अधिकार देने के बजाय उन्हें पीछे रखने की रही है। महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमिता साह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिक. ारों के पक्ष में नहीं है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश की महिलाएं इस सोच का उचित जवाब देंगी। इस अवसर पर मंडल कार्यालय मंत्री भारत सिंह मेहरा, पंकज बरगली, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितुल कुमार, मंडल महामंत्री युवराज सिंह करायत, मंडल उपाध्यक्ष आद्या जायसवाल, आईटी संयोजक पायल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मयंक पंत, कमल जोशी, राहुल जोशी, वैभव अग्रवाल, फाइजल, मनोज कुमार, विजय कुमार, विनय कुमार, मीरा बिष्ट, हेमलता पांडे, कविता त्रिपाठी, रश्मि सिराला, रेनू सिराला आदि थे।

# न्यायिक अधिकारियों को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** तीन वर्षो का कार्यकाल पूर्ण करने के बाद जिला न्यायालय नैनीताल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश शुक्ला, सिविल जज

### स्थानांतरण पर जिला बार एसोसिएशन ने कार्यकाल को सराहा

(सीडि) हर्ष यादव व प्रथम अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचिका गोयल का तबादला हो गया। इसी सिलसिले में जिला बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा उनके स्थानान्तरण को लेकर विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में जिला जज प्रशांत जोशी ने कहा कि तीनों न्यायिक अधिकारियों



के साथ उनका अल्प साथ रहा हो लेकिन तीनों के कार्य करने के जज्बे से पता चलता है कि तीनों न्यायिक अधिकारी कितने प्रतिभाशाली हैं। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने कहा कि पिछले तीन वर्षो से बार और बेंच के बीच जो तालमेल देखने को मिला वह काबिले तारीफ रहा। तीनों ही न्यायिक अधिकारियों ने प्रत्येक अधिवक्ता को सहयोग किया वहीं अपने वक्तव्य में पूर्व अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी, नीरज साह तथा पूर्व सचिव दीपक रुवाली, डीजीसी सिविल पंकज बिष्ट व पंकज कुमार ने तीनों ही न्यायिक अधिकारियों के साथ खट्टे मीठे अनुभव साझा किये व कोर्ट रूम में बहस व निर्णय के पश्चात् मिलने वाले निर्णय स्वरूप न्याय की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम के अंत में तीनों न्यायिक अधिकारियों को बार एसोसिएशन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए वहीं अपने कार्यकाल के दौरान बार एसोसिएशन से मिले सहयोग को भी तीनों न्यायिक अधिकारियों ने सराहा। संचालन जिला बार एसोसिएशन के सचिव संजय सुयाल ने किया। इस अवसर पर अपर जिला जज प्रथम, अपर जिला जज (द्वितीय) कुलदीप शर्मा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) स्नेहा नारंग व न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) उर्वशी रावत समेत जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कमल चिलवाल, उप सचिव नीरज गोस्वामी समेत कार्यकारिणी सदस्य निर्मल कुमार, बिलाल अहमद, तारा आर्या, प्रेमा आर्या, सरिता बिष्ट, गंगा सिंह बोहरा, उमेश कांडपाल सहित वरिष्ठ अधिवक्ता शरत चंद्र साह, नीरज साह, ज्योति प्रकाश बोरा, गिरीश जोशी, तरुण चंद्रा, जगदीश मौलेखी, मनीष कांडपाल, भरत भट्ट, मोहन नाथ गोस्वामी, राजेश चंदोला, सोहन तिवारी, प्रीति साह, आरती, पूजा साह, कमला अधिकारी, भारती, संतोष आगरी तथा गौरव भट्ट समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। अंत में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने सभी का आभार जताया।

# मां बाराही की दिव्य बग्वाल प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मकसद संस्था उत्तराखंड रंगमंडल ग्रुप की ओर से शनिवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के सभागार में एक अत्यंत भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति आयोजित की गई। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड की प्राचीन एवं प्रसिद्ध लोक परंपरा देव. ीधुरा का बागवाल को कलाकारों ने युद्ध शैली और मनमोहक लोकनृत्य के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें माँ वाराही की आराधना का अद्भुत भाव देखने को मिला। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मकसद संस्था की सचिव हेमा बिष्ट ने प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगणों को सम्मानित कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाया।देवीधुरा



बागवाल की इस प्रभावशाली प्रस्तुति का निर्देशन हेमा बिष्ट द्वारा किया गया। कलाकारों में लवी बिष्ट, चंदन मेहरा, महेश आर्या, सौरव जोशी, ज्योति उपरेती, गंगा रावत, पंकज कुमार, नीलम, सचिन कुमार, गौरव, नितिन नेगी, अंजलि और ज्योति गुंजन सहित सभी प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला से दर्शकों का मन मोह लिया। मकसद संस्था की यह प्रस्तुति आस्था, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम रही जिसने देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। देवीधुरा का बग्वाल हमें सिखाता है कि परंपरागत आस्था में ही हमारी पहचान और शक्ति निहित है। भक्ति, एकता और संस्कृति ही समाज को सशक्त और जीवंत बनाए रखती है। कार्यक्रम के अंत में हेमा बिष्ट ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं विद्यालय प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### बांसुरी वादिका गायत्री को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति में चयन

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान की मध्यमा द्वितीय वर्ष की बांसुरी वादिका गायत्री रिखाड़ी ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उनका चयन भारत सरकार के संस्कृति संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र सीसीआरटी की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति 2025-26 के लिए हुआ है। गायत्री इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है। उन्होंने स्वर संगम की स्व. निधि स्मृति संगीत प्रतियोगिता-2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बहेला फाउंडेशन कोलकाता द्वारा आयोजित बांग्ला नव वर्ष राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता-2025 में द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा क्लासिकल वॉइस ऑफ इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। गायत्री की इस उपलब्धि पर संस्थान के आचार्य हरीश चंद्र पंत सहित सभी संगीताचार्यों ने हर्ष जताया है।

# जो भाजपा को हराएगा, ब्राह्मण उसके साथः स्वामी आनंद स्वरूप

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर एकजुट हुआ ब्राह्मण समाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर

### विशाल महासम्मेलन में कई दिग्गज भाजपा नेता भी मंच पर रहे मौजूद

आनंदम बैंकट हॉल, हल्द्वानी में एक भव्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कुमाऊं के विभिन्न शहरों काशीपुर, रुद्रपुर, रामनगर, दिनेशपुर, हल्द्वानी और सितारगंज से भारी संख्या में ब्राह्मण




समाज के लोग एकत्रित हुए और ब्राह्मण एकता का प्रतीक बने। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक पंडित विशाल शर्मा और राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में धर्म धुरंधर स्वामी आनंद स्वरूप, जो हरिद्वार से आए थे ने सभा को संबो. धित किया। स्वामी जी ने सरकार पर निशाना साधते हुए ब्राह्मणों की उपेक्षा और उन पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो भाजपा सरकार को हराएगा, ब्राह्मण समाज उसके साथ खड़ा होगा। स्वामी आनंद स्वरूप जी महाराज का हल्द्वानी में यह पहला आगमन था और यहां के ब्राह्मणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ब्राह्मण समाज उनके बताए मार्ग पर चलेगा। सम्मेलन के दौरान समाज के कई वरिष्ठ ब्राह्मणों को उनके उत्कर्ष कार्यों के लिए ब्राह्मण गौरव रत्न से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में एडवोकेट उमेश जोशी, दीपिका गुड़िया, संदीप चतुर्वेदी, लता शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष हेम भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष हौसला मिश्रा, शिवम शर्मा, निशा वैला, दीपा लोनी, दीपा तिवारी, विशेष शर्मा, सुरेश शर्मा, अनिल मिश्रा समेत कई अन्य नाम शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राजेंद्र शर्मा ने की, जबकि शांति जीना और तरुण तिवारी ने भी इस महापर्व का हिस्सा बनकर अपनी उपस्थिति दर्ज की। सम्मेलन में पूर्व राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट उमेश चंद्र जोशी, कुलदीप शर्मा, विकास शर्मा, पंकज कौशिक, सत्यवली, सुशील शर्मा, सुनील शर्मा और अन्य ब्राह्मण समाज के सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# स्टार्टअप के लिए कानूनी एवं नैतिक मूल्य जरूरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** स्टार्टअप के लिए कानूनी एवं नैतिक कदम विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन शनिवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय नवाचार एवं इनक्यूबेशन केंद्र तथा द अतिथि प्राध्यापक निदेशालय कुमाऊँ विश्व. विद्यालय नैनीताल के सहयोग से गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता अधिवक्ता सुशांत तिवारी रहे। कार्यक्रम का संच. ालन प्रो. ललित तिवारी तथा धन्यवाद डा. पेनी जोशी ने दिया जबकि प्रो. आशीष तिवारी ने सभी का स्वागत किया। सत्र के आयोजन हेतु प्रो. गीता तिवारी का विशेष आभार व्यक्त किया। एडवोकेट तिवारी ने बताया कि सफल स्टार्टअप के लिए नवाचार, विस्तार क्षमता तथा उच्च लाभ की संभावना आवश्यक हैं। नैनीताल के स्थानीय उत्पादों के उदाहरण से समझाया गया कि उन्हें बड़े बाजारों से जोड़कर व्यापार का विस्तार किया जा सकता है साथ ही डीपीआईआईटी मान्यता, कंपनी पंजीकरण, उचित दस्तावेजीकरण एवं इक्विटी निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। नैतिक रूप से ईमानदारी एवं पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। अंत में विद्यार्थियों को उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही यह भी बताया गया कि सफलता के साथ मानसिक शांति एवं स्वास्थ्य बनाए रखना आवश्यक है। इस दौरान डा. संतोष उपाध्याय, डा. लज्जा भट्ट, डा. नंदन मेहरा, डा. निर्मल कौर, ज्योति कांडपाल, करुणा तथा प्रियंका तिवारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## चारधाम यात्रा 2026 को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल

# ड्रोन से होगी कूड़ा और प्लास्टिक वेस्ट की मॉनिटरिंग



■ सीएम धामी के सख्त निर्देश, कूड़ा फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई ■ कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के निर्देश ■ पूरे प्रदेश में लागू होगी "मनी बैक" प्लास्टिक योजना ■ हर दुकान पर होगा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, जगह-जगह वाटर एटीएम और आरओ प्लांट लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्लास्टिक बोतलों को हतोत्साहित करने के लिए यात्रा मार्ग पर जगह-जगह वाटर एटीएम एवं आरओ प्लांट स्थापित किए जाएं, कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्लास्टिक वेस्ट के लिए "मनी बैक" योजना को पूरे प्रदेश में लागू किया जाए और हर दुकान पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा 2026 को पूर्णतः प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आवास में शहरी विकास विभाग, पर्यटन विभाग तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

चारधाम यात्रा रूट में पड़ने वाले ग्राम पंचायत तथा अन्य संस्थाएं कूड़े एवं प्लास्टिक वेस्ट की ड्रोन के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करेंगी और इसके लिए एक अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यात्रा मार्ग पर स्थित 30 नगर निकायों को मजबूत किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। यात्रा के दौरान सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यावरण मित्रों की तैनाती की गई है तथा अतिरिक्त सफाई कर्मियों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे मार्ग, बाजार, घाट एवं सार्वजनिक स्थल निरंतर स्वच्छ बने रहें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत 37 एमआरएफ केंद्र, 299 कम्पोस्ट पिट, 38 प्लास्टिक कम्पैक्टर/बेलिंग मशीनें तथा 266 कचरा परिवहन वाहन तैनात किए गए हैं, जिससे कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं के अंतर्गत सार्वजनिक शौचालयों का विस्तार किया गया है, जिसमें महिलाओं, पुरुषों एवं दिव्यांगजनों के लिए पृथक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं तथा 74 मोबाइल शौचालय इकाइयां भी संचालित की जाएंगी।

यात्रा के दौरान वाहनों के दबाव को देखते हुए व्यापक पार्किंग व्यवस्था विकसित की गई है, जिसमें छोटे-बड़े वाहनों हेतु हजारों पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं और वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। श्रद्धालुओं के ठहराव हेतु होटल, लॉज, धर्मशालाओं एवं आश्रमों में लगभग 28,395 कमरे तथा 67,278 बिस्तरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रात्रिकालीन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख मार्गों पर 19,604 स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं। चारधाम यात्रा को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष फोकस किया गया है।

### पहली बार केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं को 24 घंटे मुफ्त गर्म पानी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जानकारी दी कि केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को अब ठंडे पानी के स्थान पर शीघ्र ही 24 घंटे गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था पिरूल (चीड़ की पत्तियां) और खच्चरों की लीद से तैयार बायोमास पैलेट्स के माध्यम से संचालित गीजरों द्वारा की जाएगी। यह देश का पहला प्रयोग है, जहां इतनी ऊंचाई वाले क्षेत्र में चौबीसों घंटे गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ये गीजर जीएमवीएन केदारनाथ एवं लिंचोली में लगाए जाएंगे। यह अभिनव प्रयोग केदारनाथ यात्रा मार्ग पर खच्चरों की लीद से होने वाली समस्या का समाधान करेगा, साथ ही जंगल की आग के प्रमुख कारण पिरूल से भी राहत दिलाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रायल के तौर पर मार्ग में स्थित ढाबों को फायर पैलेट से चलने वाले चूल्हे भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत चारधाम यात्रा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी सक्षम अधिकारियों को प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं और प्लास्टिक बोतलों के प्रबंधन के लिए डिजिटल डिपॉजिट रिफंड सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसे जिलाधिकारी एवं पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड क्रियान्वित करेंगे। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत चारधाम यात्रा मार्ग के सभी नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की लीद का वैल्यू एडिशन करते हुए पिरूल के साथ पैलेट तैयार कर एक इनोवेटिव व्यवस्था के तहत उसका प्रबंधन किया जाएगा।

चारधाम यात्रा रूट पर सतत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्वयंसेवी संस्थाएं, एनसीसी कैडेट्स, महिला मंगल दल एवं ग्राम पंचायतों का सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही पूरे यात्रा मार्ग पर कूड़ा प्रबंधन के लिए स्पेशलाइज्ड मैनपावर की तत्काल प्रभाव से तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा (वर्चुअल), सचिव नितेश झा, धीरज गर्ब्याल, मधुकर पराग धकाते, सचिव, पर्यावरण / प्रदूषण नियंत्रण, विशाल मिश्रा, डीएम रुद्रप्रयाग (वर्चुअल), गौरव कुमार, डीएम, चमोली (वर्चुअल), प्रशांत आर्य, डीएम, उत्तरकाशी (वर्चुअल), मयूर दीक्षित, डीएम, हरिद्वार (वर्चुअल), तथा सविन बंसल, डीएम, देहरादून (वर्चुअल) / सीडीओ अभिनव शाह देहरादून मौजूद रहे।

### चारधाम यात्रा के शुभारंभ पर राज्यपाल ने श्रद्धालुओं को दीं शुभकामनाएं

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड में 19 अप्रैल से प्रारम्भ हो रही चारधाम यात्रा पर देश-विदेश से आने वाले समस्त श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखण्ड की पावन धरा पर स्थित श्री बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम एवं हेमकुंड साहिब न केवल आस्था के केंद्र हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और सनातन परंपरा के जीवंत प्रतीक भी हैं। चारधाम यात्रा श्रद्धा, विश्वास और आत्मिक शांति की एक अद्भुत यात्रा है, जो देश की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करती है। राज्यपाल ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे यात्रा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि हिमालय की यह पवित्र धरा हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसकी स्वच्छता और संरक्षण में सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

# श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में 27 से दो दिवसीय स्टार नाइट

■ 27 अप्रैल को प्रियंका मेहर और 28 अप्रैल को बॉलीवुड गायक विशाल मिश्रा का लाइव कॉन्सर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में 27 और 28 अप्रैल को सुर-संगीत की भव्य महफिल सजने जा रही है। 27 अप्रैल को प्रियंका मेहर अपनी मधुर आवाज से उत्तराखण्डी लोक संगीत की छटा बिखेरेंगी। डीजे निक के हाई-वोल्टेज साउंड के साथ धमाकेदार म्यूजिक का ऐसा जबरदस्त संगम होगा, जो हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देगा। वहीं 28 अप्रैल की शाम बॉलीवुड सिंगर विशाल मिश्रा के लाइव कॉन्सर्ट से गुलजार होगी। एसजीआरआर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में इस दो दिवसीय आयोजन को लेकर खासा उत्साह और बेसब्री देखी जा रही है। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. लोकेश गम्भीर ने जानकारी दी कि विश्वविद्यालय के वार्षिक फैस्ट जैनिथ 2026 को लेकर जोरशोर से तैयारियों को पूरा किया जा रहा है।

पथरी बाग स्थित विश्वविद्यालय के हैलीपैड को कार्यक्रम स्थल के रूप में विशेष रूप से सजाया जा रहा है, जहां हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। 27 अप्रैल को प्रियंका मेहर उत्तराखण्ड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक धुनों से इस आयोजन को और खास बनाएंग, जहां पहाड़ की मिट्टी की खुशबू गीतों के जरिए हर दिल तक पहुंचेगी। लोक संगीत की मधुर तानें न केवल संस्कृति से जोड़ेंगी बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से भी रूबरू कराएंगी। 28 अप्रैल को बॉलीवुड का तड़का युवाओं की धड़कनों को और तेज कर देगा। विशाल मिश्रा की सुरीली आवाज और हिट गानों की प्रस्तुति से माहौल रोमांचक और यादगार बनने वाला है, जहां हर बीट पर युवाओं का उत्साह चरम पर नजर आएगा। दो दिनों तक चलने वाला यह संगीत उत्सव सांस्कृतिक और युवा जोश का अनूठा संगम साबित होगा।

# सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता पर करें पूरा : जोशी



■ कैबिनेट मंत्री ने की मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में मसूरी विधानसभा क्षेत्र की विकास योजनओं की समीक्षा बैठक शनिवार को देहरादून के कालीदास रोड़ स्थित सैनिक कल्याण निदेशालय में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने बैठक में मसूरी में वेडिंग जोन के विकास के लिए समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त, सुवाखोली के भुवनेश्वरी देवी मंदिर में सौन्दर्यीकरण के निर्माण कार्य एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यों को शीघ्र गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने न्यू कैंट रोड, नैशविला रोड तथा संतला देवी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही, मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में सालावाला एवं पुरकुल में सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने मसूरी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिये गये। इसके अतिरिक्त मसूरी क्षेत्र के भवनों के वन-टाइम सेटलमेंट के संबंध में नियमानुसार प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने मसूरी में खुली पड़ी पेयजल लाइनों को भूमिगत करने तथा बिलासपुर कांडली, नैशविला रोड एवं कैनाल रोड की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में मसूरी नगरपालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, ईई एनएच विजय कुमार जलसंसथान के ईई सतेन्द्र पाल सिंह, राजीव सेनी, जिला खेल अधिकारी रविन्द्र भण्डारी, एमडीडीए के ईई सुनील कुमार, लोक निर्माण विभाग के ईई राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बेहतर तैयारी से सभी रिकॉर्ड तोड़ेगी यात्रा : भट्ट



■ आस्था, विश्वास की चार धाम यात्रा के लिए भाजपा परिवार की शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने आस्था और विश्वास की चार धाम यात्रा की शुरुआत के लिए सभी सनातनियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि, ईश्वर के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री का स्वयं तैयारियों का धरातलीय निरीक्षण, सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से जारी शुभकामना संदेश में कहा कि सदियों से जारी भगवान के साक्षात् दर्शनों की चार धाम यात्रा का दैवीय अवसर पुनः आ गया है। कल (आज) से दुनिया के 120 करोड़ सनातनियों का 6 महीने का इंतजार समाप्त होने जा रहा है, उनके स्वागत के लिए देवभूमि पूरी तरह तैयार है। विगत वर्षो से मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में यात्रा प्रबंधन को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसका नतीजा है कि लगातार तीर्थयात्रियों की संख्या नए नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है।

इस वर्ष भी यात्रा पर आने वाले लोगों का उत्साह चरण पर पहुंच गया है, आगाज से पहले ही 18 लाख से अधिक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करा चुके हैं। और ये सब संभव हुआ है, भाजपा की पूर्ववर्ती सरकारों और सीएम धामी के नेतृत्व में यात्रा व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर किए ऐतिहासिक कार्यों से। उन्होंने इस वर्ष भी यात्रा तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री धामी की गंभीरता और सक्रियता की जमकर प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा, सीएम द्वारा जिस तरह यात्रा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है, आपदा संभावित स्थलों का निरीक्षण और यात्रा से जुड़े स्थानीय हितधारकों से चर्चा की है।

वो कहीं न कहीं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद से सफल, सुगम और सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिस तरह का रुझान तीर्थयात्रियों में नजर आ रहा है और जितनी तैयारी सरकार और देवभूमिवासियों द्वारा की है, उससे इस साल की यात्रा अब तक के सभी रिकॉर्डो को तोड़ने जा रही है। जिससे प्रदेश के पर्यटन व्यवसाय और उसकी आर्थिकी में बड़ा बूम आएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट ने कहा कि हमे विश्वास है कि भगवान बद्रीविशाल और केदारनाथ की कृपा से हमारे स्थानीय कारोबारियों, उनसे जुड़े रोजगार और स्वरोजगार को असीम अवसर मिलेंगे।

## सीएम ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में रविवार 19 अप्रैल से प्रारम्भ हो रही चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा हेतु आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि वे बाबा केदार, मां गंगोत्री और मां यमनोत्री एवं बद्री विशाल से प्रार्थना करते हैं कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चारधाम यात्रा सकुशल संपन्न हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा अपने पिछले सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगी। राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में प्रत्येक स्तर पर चारधाम यात्रा संबंधी तैयारियों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि जो भी श्रद्धालु, यात्रा पर आये वे वापस लौटने पर देवभूमि उत्तराखंड में बिताए गए समय की स्वर्णिम यादों को साथ लेकर जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम यात्रा राज्य के लिए एक उत्सव के समान है। चारधाम यात्रा में देश विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड आते हैं। सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम तथा सुरक्षित हो इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम व सफल हो इसके लिये हम सबको सहयोगी बनना होगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु हमारी देवभूमि के संदेश को देश व दुनिया में पहुंचाने में भी मददगार बने।

## एक नजर .......

### मुख्यमंत्री ने अक्षय तृतीया पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष बैशाख माह की तृतीया तिथि को मनाये जाने वाला यह पर्व मांगलिक कार्यों के लिए शुभ माना जाता है। यह पर्व हम सबके जीवन में सौभाग्य एवं समृद्धि लेकर आए इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### राज्यपाल ने हरमंदिर साहिब में मत्था टेका



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को अमृतसर स्थित पवित्र श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। इस अवसर पर उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अरदास की। राज्यपाल ने कहा, "श्री हरमंदिर साहिब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि मानवता, समानता और निस्वार्थ सेवा का दिव्य संगम है। यहाँ गूंजती गुरुवाणी, सरोवर की अलौकिक शांति और हर ओर दिखाई देने वाली सेवा भावना आत्मा को गहराई से स्पर्श करती है।" उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थल हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा केवल प्रार्थना में नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और प्रेम में निहित है।

### उत्तराखंड में किसना के चौथे शोरूम की शुरुआत

**देहरादून ।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने देहरादून में अपने चौथे एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। यह नया शोरूम राजपुर रोड, किशनपुर में स्थित है। इस अवसर पर योगऋषि स्वामी रामदेव , सह-संस्थापक, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एवं घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस भव्य उद्घाटन के उपलक्ष्य में किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है। घनश्याम ढोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा, उत्तराखंड में हमारे चौथे एक्सक्लूसिव शोरूम के लॉन्च के साथ, हमें देहरादून में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए खुशी हो रही है। पराग शाह, सीईओ, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने कहा, "देहरादून में हमारे नए शोरूम के साथ, हम एक भव्य और शानदार रिटेल स्पेस प्रस्तुत कर रहे हैं, जो ग्राहकों को सहज और उत्कृष्ट शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा।

## राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण: प्री ऑथराइजेशन में उत्तराखंड देशभर में टॉप




■ पुणे में आयोजित चिंतन शिविर में एसएचए उत्तराखंड की सीईओ ने लिया अवार्ड

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड: नेशनल हेल्थ ऑथोरिटी से राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड के लिए अच्छी खबर आई है। देशभर के सभी राज्यों में उत्तराखंड को प्री ऑथराइजेशन में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। पुणे में आयाजित चिंतन शिविर में एसएचए उत्तराखंड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने यह अवार्ड ग्रहण किया।

बता दें कि एनएचए की ओर से आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के उपचार के अनुमोदन के लिए टर्न एराउंड टाइम टैट की व्यवस्था दी गई है। टैट के मानकों में अस्पताल से उपचार की पूर्व स्वीकृति का आवेदन किया जाता है। इसमें एनएचए ने छह घंटे के अंदर ऑटो अप्रुव की व्यवस्था की है। लेकिन मरीज को तुरंत उपचार मिल सके इसके लिए निर्धारित अवधि से पूर्व ही अनुमोदन का प्रावधान है।

एसएचए उत्तराखंड ने अस्पतालों से उपचार हेतु आए प्री ऑथराइजेशन को ससमय अनुमोदन देने में प्रथम स्थान पाया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यकारी अधिकारी ने एसएचए की पूरी टीम को बधाई दी है। चिंतन शिविर में एसएचए की निदेशक क्लेम डा सरोज नैथानी भी मौजूद रहीं।

# नारी शक्ति वंदन में व्यवधान डालना महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय : दीप्ति रावत



■ बाधा डालकर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी असंवेदनशीलता की उजागर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा उत्तराखंड की प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि "महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में 'नारी शक्ति वंदन' जैसे ऐतिहासिक प्रयास, जिसका उद्देश्य देश की मातृशक्ति को उनका अधिकार दिलाना है, उसमें कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा डाली गई बाधाएं अत्यंत निंदनीय हैं।" उन्होंने कहा कि "संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर, जहाँ इस महत्वपूर्ण विषय पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी, वहाँ विपक्ष ने केवल व्यवधान और विरोध की राजनीति की। यह केवल एक विधेयक को रोकने का प्रयास नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान के मार्ग में बाधा डालने का प्रयास है।"

उन्होंने आगे कहा कि "दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कभी ठोस कदम नहीं उठाए। जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक पहल साकार होने की दिशा में अग्रसर हुई, तब भी उनका विरोध यह दर्शाता है कि महिला सशक्तिकरण उनके लिए केवल एक राजनीतिक नारा है।" उन्होंने कहा कि "देश की मातृशक्ति अब जागरूक है और सब कुछ समझती है। वह जान चुकी है कि किसने वर्षों तक उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा और कौन वास्तव में उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।" उन्होंने कहा कि "देश की महिलाएँ इस महिला-विरोधी मानसिकता का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देंगी और अपने अधिकारों की इस लड़ाई को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगी।"

### महिला अधिकारों के ऐतिहासिक कानून पर विपक्षी रुख निराशाजनक: रुचि भट्ट

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने महिला आरक्षण बिल जैसे ऐतिहासिक और देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर विपक्षी रवैए को अत्यंत निराशाजनक और गैर-जिम्मेदाराना बताया है। कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब देश की महिलाओं को सशक्त बनाने का अवसर सामने था, तब विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों को प्राथमिकता दी और इस ऐतिहासिक पहल को बाधित करने का प्रयास किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.04.26 को टर्नर रोड से आई.एस.बी.टी. जाते समय मेरा एक भूरा बैग गुम हो गया था। उक्त बैग में मेरे कुछ जरूरी कागजात जिनमें एक मूल बैनामा जो कि भूमि खाता सं. 02171, फसली वर्ष 1417 से 1422, खसरा नं. 468 रकबा 40.89 वर्गमीटर स्थित मौजा माजरा, परगना केन्द्रीयदून, जिला देहरादून से सम्बन्धित है एवं जो कि श्री इरशाद अहमद पुत्र श्री अली हसन द्वारा मेरे व मेरी पत्नी श्रीमती रूबीना के हक में अंकित किया गया था, जिसका पंजीकरण कार्यालय उप निबन्धक तृतीय, देहरादून में बही नं. 1, जिल्द नं. 5026 के पृष्ठ 127 से 156 पर क्रमांक 2116 पर दिनांक 25.02.2022 को दर्ज है जो कि वास्तव में कही गुम हो गया है। तथा काफी ढूंढने पर भी अभी तक नहीं मिला हैं'' जिस किसी को प्राप्त हो वह उक्त दस्तावेज मेरे निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

पताः- मौ. अहसान
सी-15, रहमत कालोनी,
टर्नर रोड, देहरादून

**सूचना**

मेरे पुत्र सिद्धार्थ पुण्डीर के शैक्षिक दस्तावेजों तथा आधार कार्ड में मेरा नाम JAGBEER SINGH PUNDIR अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम JAGVEER SINGH PUNDIR है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए । यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।

श्री जगवीर सिंह पुण्डीर पुत्र श्री बचन सिंह
पुण्डीर निवासी- EQ 301 तृतीय फ्लोर,
एम.डी.डी.ए. कॉलोनी, आमवाला तरला,
सहस्त्रधारा रोड, जिला- देहरादून,
उत्तराखण्ड- 248001

UJVNL
**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-315 **निविदा सूचना** दिनांक- 18/04/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), ढकरानी विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**1.निविदा सं0: 02/अ0अ0(अनु0एवंउत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2026-27"** अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0) हेतु एक नग नॉन ए0सी0 डीजल वाहन वार्षिक अनुबन्ध पर लेने हेतु"।

**2. निविदा सं0 :03/अ0अ0(अनु0एवंउत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2026-27:** "विद्युत गृह की पर्यावरणीय स्थितियों के परीक्षण का कार्य" ।

**अनुमानित लागतः** रू 4,86,845.00 +जीएसटी एवं 4,34,998.00 +जीएसटी क्रमशः

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 18.04.2026 को 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 11.05.2026 को 13:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# रोटरी क्लब ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को बांटे उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की द्वारा आज गोपालपुर गाधारोणा के राजकीय जू हा स्कूल में नन्हे दीपक कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल के 50बच्चो को आधुनिक सज्जा युक्त स्कूल बैग देकर बच्चों के अन्दर आत्मविश्वास की भावना भरकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब रुड़की की अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी ने कहा कि हम सरकारी उपेक्षा का डंक छेल रहे सरकारी स्कूलों के बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न कर उन्हें आधुनिक एवं कम्प्यूटरी शिक्षा से ओत-प्रोत करना चाहते हैं जिसके लिए इस स्कूल को रोटरी ने कम्प्यूटर स्कूल बैग एवं अन्य आवश्यक सामग्री देकर अग्रणी भूमिका में लाने का कार्य किया है। ।नव नियुक्त अध्यक्षा रोटे अल्का मित्तल ने कहा रोटरी क्लब द्वारा वे सभी सुविधाएं स्कूल को दी जाएंगी जिससे इस स्कूल के बच्चे अपने को कम न समझें। पूर्व रोटरी अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि इस वर्ष की थीम थी चलो गांव की ओर उस थीम के अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे रवि प्रकाश जी के मार्ग दर्शन में जहां स्कूली बच्चों को बैग दिए जा रहे हैं वहीं सदूर ग्रामीण इलाकों में बारिकियों को घातक विमारियो जैसे सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निशुल्क वैक्सीन लगाकर जीवन सुरक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में नीलम शर्मा, वीरेंद्र जैन, स्कूल प्रध ानाध्यापक श्री मनोज कुमार, रोविन सिंह, अंजना , संयम आदि स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



# डीएम को लिखा पत्र, स्कूलों का समय पूर्व की भांती करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन (उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ) हरिद्वार ने जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित को पत्र लिखकर विद्यालयों के समय को पूर्व की भाँती करने की माँग की है।

गौरतलब है कि नवीन शिक्षा सत्र में सचिव विद्यालयी शिक्षा उत्तराखंड द्वारा प्रदेश के समस्त विद्यालयों का समय सुबह 7:45 से 02:05 कर दिया था जिसका विरोध शिक्षक संगठन पूर्व से ही विभागीय अधिकारियों से लेकर मंत्रियों तक के समक्ष कर रहे है।

उत्तरांचल स्टेट प्राईमरी टीचर्स एसोसिएशन(उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ)हरिद्वार के जिलाध्यक्ष अश्वनी चौहान महामंत्री हेमेंद्र चौहान एवं कोषाध्यक्ष अरविंद शर्मा द्वारा जिला अधिकारी हरिद्वार को आज पत्र भेजकर जनपद हरिद्वार के समस्त विद्यालयों के समय को पूर्ववत करने की माँग की है पत्र में कहा है कि जनपद हरिद्वार की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियां प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से भिन्न है पूरे उत्तराखंड में एक समान समय सारणी लागू करना व्यवहारिक एवं तार्किक नहीं है। जनोद हरिद्वार में वर्तमान में अत्यधिक तापमान एवं लू के कारण प्राथमिक स्तर के बच्चों का इस नवीन समय सारणी अनुसार विद्यालय में बने रहना बच्चों के स्वास्थ्य के लिये जोखिमपूर्ण हो सकता है।इस सम्बंध में बच्चों के अभिभावकों में भी गहरी चिंता बनी हुई है। संगठन ने पत्र में उल्लेख करते हुए मांग की है कि अधिकांश विद्यालयों में पर्याप्त मूलभूत सुविधाओं का अभाव है उसके बावजूद भी अत्यधिक गर्मी एवं लू के चलते विद्यालयो का समय पूर्व की भांति किया जाए।

# अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** फायर स्टेशन रुड़की जनपद हरिद्वार ने अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न बैंको प्रतिष्ठानों में जाकर प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि की विस्तार से जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देश के अनुपालन के क्रम में अग्निशमन सेवा सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुड़की के नेतृत्व में टीम द्वारा रुड़की क्षेत्रांतर्गत 1.भारतीय स्टेट बैंक 2. आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक आदि विभिन्न बेको प्रतिष्ठानों में जाकर प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि एलपीजी सिलेंडर लिकेज से होने वाली अग्नि दुर्घनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। आपातकालीन नंबर 112 के महत्व को भी अवगत कराया गया आम जनमानस से अपील की गई कि अग्नि दुर्घटना को न्यूनतम करने राष्ट्र की संपत्ति जनहानि रोकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। संस्थानो में उपलब्ध अग्निशमन यंत्रों की स्थिति, आपातकालीन निकास व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन की सुरक्षा तथा कर्मचारियों की तत्परता की जाँच की गई। साथ ही प्रबंधन को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले त्वरित कार्रवाई, प्राथमिक उपकरणों के प्रयोग एवं सुरक्षा उपायों के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# लक्सर पुलिस की मुस्तैदी से 10 वर्षीय बालक सुरक्षित बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस की मानवीय संवेदना और मुस्तैदी का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। शिव चौक लक्सर पर तैनात पुलिसकर्मियों को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी, जब उन्होंने रास्ता भटके हुए एक मासूम बच्चे को कुछ ही घंटों में सुरक्षित ढूंढ निकालकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार, लक्ष्मी पत्नी राहुल निवासी अंबुवाला, लक्सर ने शिव चौक पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को अत्यंत भावुक और परेशान स्थिति में सूचना दी कि उनका 10 वर्षीय भतीजा अर्पित जो देवबंद से अंबुवाला पथरी आ रहा था, रास्ते में कहीं गुम हो गया हैपुलिस की त्वरित कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचित किया और सहानुभूति पूर्वक त्वरित कार्यवाही शुरू की पुलिस टीम ने तत्काल:क्षेत्र में कार्यरत अन्य पुलिसकर्मियों को अलर्ट कियास्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से संपर्क साध कर जानकारी साझा कीबच्चे के हुलिए के आधार पर संभावित



रास्तों पर सघन तलाशी अभियान चलायापरिजनों ने जताया आभार पुलिस के अथक प्रयासों और सार्थक पहल के परिणामस्वरूप, बालक अर्पित को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसकी चाची और परिजनों के सुपुर्द किया गया अपने जिगर के टुकड़े को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। परिजनों ने लक्सर पुलिस की कार्यप्रणाली और उनकी संवेदनशीलता की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

# पुलिस ने नकदी सहित एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रुड़की पुलिस के द्वारा अवैध कार्यो सट्टे की खाई बाड़ी मे संलिप्त व्यक्तियों के विरुध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत एक सटोरिये को गिरफ्तार कर उसके पास से नकदी भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार एसएसपी हरिद्वार महोदय द्वारा अवैध कारोबार मे संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये गये हैं। इसी के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोत0 रुड़की द्वारा अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों /माफियो के विरुद्ध थाना पुलिस को टास्क दिया गया जिसके फलस्वरुप एक अभियुक्त को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मय सट्टा डायरी एक पेन व 1650 रुपए नाजायज, बरामद कर पुरानी सब्जी मंडी पार्किंग रुड़की से गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुध कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 150/26 धारा 13 जुआ अधिनियम में पंजीकृत किया गया। नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त-अजय सोनकर उर्फ बंटी पुत्र अशोक सोनकर निवासी पूर्वी अंबर तालाब रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को पकडा है।

## जांच करने पहुंची टीम के सामने फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

# ग्राम प्रधान पर लगाये भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नेहन्दपुर सुठारी लक्सर ब्लॉक के ग्राम पंचायत नेहन्दपुर सुठारी में विकास कार्यों में धांधली की शिकायतों के बाद ब्लॉक प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने प्रधान और ब्लॉक कर्मियों की मिलीभगत पर जमकर हंगामा काटा।

मशीनों से तालाब की खुदाई और सरकारी धन का बंदरबांट : निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि मछली पालन के लिए आवंटित तालाब की खुदाई जेसीबी मशीनों द्वारा कराई गई थी और मेढ़ बनाकर भारी भरकम धनराशि निकाल ली गई चौंकाने वाली बात यह है कि जिस तालाब के नाम पर पैसे निकाले गए, वह मौके पर पूरी तरह सुख पाया गया पात्रों के नाम पर फर्जीवाड़ाग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोपजांच टीम के सामने ग्रामीणों ने प्रधान पर सीधे आरोप लगाएटीन शेड घोटाला ग्रामीण एहसान ने बताया कि उनके घर पर लगा टीन शेड उन्होंने स्वयं के खर्च पर लगवाया है जबकि कागजों में प्रधान और ब्लॉक कर्मियों ने ₹11,000 से अधिक की राशि निकाल लीआवास के नाम पर वसूली एक महिला ने आरोप लगाया कि प्रधान ने मकान बनवाने के नाम पर उससे ₹5,000 लिए, लेकिन न तो उसे कोई सरकारी मदद मिली और न ही उसका काम हुआ महिला ने स्पष्ट कहा कि उसे ब्लॉक से एक भी पैसा प्राप्त नहीं हुआ हैजांच अधिकारी की चुप्पी और शिकायतकर्ता की चेतावनीजब इस पूरे प्रकरण पर जांच अधिकारी से जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया अधिकारी केवल इतना कहकर बचते नजर आए कि जांच कर ली गई है, कागजात देखने के बाद ही बयान दिया जाएगावहीं, शिकायतकर्ता ने जांच प्रक्रिया पर संतोष तो जताया, लेकिन अधिकारियों को चेतावनी भी दी उन्होंने कहा, अगर अधिकारियों ने दबाव में आकर रिपोर्ट गलत बनाई, तो हम उच्चाधिकारियों की शरण लेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।



# भगवानपुर पुलिस ने गोकशी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** गौकशी को लेकर ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इसी के तहत थाना क्षेत्र में गौकशी करके अवैध धनौपार्जन करने वाले 04 आरोपितों के विरूद्ध गैगस्टर का अभियोग पंजीकृत करते हुए 02 आरोपितों पकडा है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत भगवानपुर क्षेत्र में सुसंगठित गैंग बनाकर अपने दैनिक खर्चो की पूर्ति हेतु गौकशी/चोरी/ वाहन चोरी जैसे अपराधों में लिप्त रहकर अवैध रुप से धनोपार्जन करने वालो के विरूध्द गुण्डा अधिनियम में कार्यवाही के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के कुशल नेतृव में थाना भगवानपुर क्षेत्र में सुसंगठित गैंग बनाकर अपने दैनिक खर्चो की पूर्ति हेतु गौकशी/पशु क्रुरता जैसे अपराधों में लिप्त रहकर अवैध रुप से धनोपार्जन करने वालो के विरूद्ध गुण्डा अधिनियम में कार्यवाही करते हुये थाना भगवानपुर पर प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा आरोपित पर जनपद हरिद्वार द्वारा सुसंगठित गैंग बनाकर अपने दैनिक खर्चो की पूर्ति के लिए गौकशी/पशु क्रुरता जैसे अपराधों में लिप्त रहकर अवैध रुप से धनोपार्जन करके जनता व समाज में अपना रूतबा व दबदबा बनाते है। जिस कारण आम जनमानस मे इनका भय व्याप्त है समाज में उपरोक्त गैंग का स्वच्छन्द विचरण करना जनहित में न्यायोचित नही है। इनके विरुद्ध गवाही के लिए कोई भी व्यक्ति तैयार नही होता है। जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग पर त्वारित कार्यवाही करते हुये प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा मय पुलिस टीम के साथ आरोपितों के मस्कनो व सम्भावित स्थानो पर दबिश दी गई जिसके फलस्वरूप आरोपी 1. कलीम पुत्र सलीम उर्फ बुच्चा निवासी ग्राम सिकरोडा जनपद हरिद्वार 2. हसीन पुत्र नसीम निवासी ग्राम सिकरौड़ा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को ग्राम सिकरोडा से पकडा गया।

# मामूली कहासुनी पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के बेडपुर में मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कलियर बेडपुर निवासी शहरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अप्रैल की शाम उनके कस्बे के ही आजाद के पालतू कुत्ते ने उसकी बकरी के बच्चे को काटकर मार दिया था। जब शहरान ने इसकी शिकायत आजाद से की तो वह आग बबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी। ‍आरोप है कि कुछ ही देर बाद आजाद अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे, सरियों और बलकटी धारदार हथियार के साथ उसकी डेयरी में जबरन घुस आए। हमलावरों ने डेयरी में मौजूद उसके और भाई इदरीश और भतीजों पर हमला बोल दिया।हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से गुलशान की गर्दन पर बलकटी से वार किया। जिससे उसका बायां कान कटकर अलग हो गया। और उसके सुनने की शक्ति कम हो गई है। इसके अलावा इदरीश और फैजान भी गम्भीर घायल हो गए। भीड़ को इकट्ठा होते देख हमलावर घायलों को धमकी देकर मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आजाद ,अरशद, अनवर, हय्यात,दिलशाद, सय्याद,नोशा, अंग्रेजा, प्रवेज,नवाजिस, रिफान, वसीम, नदीम, सुहेल,रहमान, गुडडू,सुहैब, ताजीम,सुएब ,इकबाल ओर शहजाद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनगणना को लेकर हज हाउस में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** भारत सरकार की ओर से कराई जाने वाली जनगणना को लेकर पिरान कलियर नगर पंचायत क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में हज हाउस में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

जानकारी के अनुसार चार्ज अधिकारी एवं ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 47 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। ये सभी कर्मचारी क्षेत्र में घर-घर जाकर जनगणना से संबंधित कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण (एचएलबी) एवं स्व-गणना से संबंधित सूचनाएं एकत्र की जाएंगी।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्राप्त की गई सभी जानकारियां पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत प्रत्येक नागरिक के लिए सही जानकारी देना और सहयोग करना अनिवार्य है।अधिशासी अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना कार्य में सहयोग करें ताकि यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि किसी प्रकार की दुविधा या जानकारी के लिए नगर पंचायत कार्यालय, अध्यक्ष या संबंधित सभासदों से संपर्क किया जा सकता है।उन्होंने उम्मीद जताई है कि जनता के सहयोग से जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होगा।इस दौरान फील्ड ट्रेनर नंदराम नौटियाल संदीप भारद्वाज, पर्यवेक्षक अंजलि गॉड, डॉ रुचि शर्मा, डॉ कृष्णन बिष्ट, डॉ निशा रानी, डॉ आयुषी, डॉ प्रिया, डॉ प्रियंका,प्रगणक मोहम्मद इकराम, नूर आलम ,शिवसिंह गौरव पाल आदि मौजूद रहें।



# गंगनहर में नहाते समय युवक बहकर लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर में नहाते समय एक युवक तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी। लापता युवक का कोई सुराग नही लग सका।

यूपी के साहनपुर नजीबाबाद हाल निवासी सलेमपुर दादुपुर बहादराबाद निवासी शादाब(25) शनिवार को अपने साले इकबाल और एक अन्य दोस्त के साथ कलियर घूमने आया था। दोपहर के समय तीनों गंगनहर घाट पर नहाने चले गए । बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान इकबाल अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों और साथियों ने उसे पहली बार किसी तरह बाहर निकाल लिया। हालांकि कुछ देर बाद वह दोबारा नहर में नहाने के लिए कूद गया और इस बार तेज बहाव में बहकर लापता हो गया।घटना की सूचना मिलने पर मोके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से काफी देर तक युवक की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि जल पुलिस और गोताखोरों की मदद से डुबकर लापता हुए युवक की तलाश की जा रही है।

## गणेशपुर पुल पर यूकेडी कार्यकर्ता गिरफ्तार

# भाजपा पर वीआईपी को बचाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करने जा रहे उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गणेशपुर पुल के समीप रोककर हिरासत में ले लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोंकझोंक भी हुई, जिससे कुछ देर तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी रही।

यूकेडी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अंकिता हत्याकांड मामले में भाजपा एक वीआईपी को बचाने का प्रयास कर रही है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें सूचना मिली थी कि संबंधित वीआईपी भाजपा जिला मुख्यालय पहुंचने वाला है, जिसके विरोध में वे घेराव करने जा रहे थे। उनका आरोप है कि भाजपा ने पुलिस का सहारा लेकर उनके शांतिपूर्ण प्रदर्शन को रोकने का प्रयास किया।

जिला अध्यक्ष दीपक लाखवान ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मनमानी कर रही है और उत्तराखंड की जनता से जुड़े मुद्दों को दबाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल इस "तानाशाही रवैये" को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और सड़कों पर उतरकर विरोध जारी रखेगा। यूकेडी नेत्री रीतू कंडियाल ने कहा कि महिलाओं, युवाओं और आम जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। उनके अनुसार भाजपा सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने हक की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। फिलहाल पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। हालांकि यूकेडी ने स्पष्ट किया है कि उनका आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।



# लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल बने मैन ऑफ द मंथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** मार्च व अप्रैल माह में अपनी कार्यकुशलता का परिचय देकर क्राइम कंट्रोल एवं बड़ी वारदातों के खुलासा व अपनी मेहनत और कौशल से आमजनता के बीच पुलिस की छवि सुधारने में अहम भूमिका निभाने वाले मैन ऑफ द मंथ चुने गए 31 पुलिसकर्मियों को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने प्रशस्तिपत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया है।

मंगलौर कोतवाली की लंढौरा पुलिस चौकी का चार्ज संभालने के बाद उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल ने क्षेत्र में अपराध, नशा, अवैध धंधों के अलावा कई बड़ी और छोटी घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 8 मार्च को संदिग्ध लोगों की तलाशी को लेकर चलाए अभियान में लंढौरा के अयान पुत्र इरफान को एक तमंचा एक खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। इसके अलावा उन्होंने 24 मार्च को लंढौरा निवासी साजिद हसन पुत्र शईद को 5.53 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। 15 अप्रैल को ऑपरेशन प्रहार के तहत उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल ने 6 माह से फरार 5 हजार के इनामी गोतस्कर शाकू पुत्र छोटा निवासी बुक्कनपुर को भी गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है।



उनकी कार्यकुशलता पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल की पीठ थपथपाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मैन ऑफ द मंथ से नवाजा है। उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल के उनके मैन ऑफ द मंथ से सम्मानित होने पर कोतवाली प्रभारी भगवान सिंह मेहर, एसएसआई सुखपाल सिंह मान नारसन चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज मंगलौर कस्बा चौकी प्रभारी नितिन बिष्ट समेत पुलिसकर्मियों, पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों उन्हें बधाई दी है।

# अमेरिका ने दी जहाजों पर लदे रूसी तेल पर लगी रोक पर अस्थायी छूट

**वॉशिंगटन।** अमरीकी वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को 17 अप्रैल तक जहाजों पर पहले से लदे रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बिक्री की इजाजत के लिए एक अस्थाई छूट देने की घोषणा की है। यह छूट 16 मई तक मान्य है। यह छूट सुनिश्चित करती है कि समुद्र में अभी मौजूद तेल अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच सके, साथ ही रूस पर कुल मिलाकर रोक का दबाव बना रहे। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे बातचीत आगे बढ़ रही है, मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि तेल उन लोगों को मिले जिन्हें इसकी जरूरत है कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम बाजार को स्थिर करने के लिए है, न कि रोक नीति में बदलाव के लिए। यह फैसला अमरीकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के इस संकेत के कुछ ही दिनों बाद आया है कि प्रशासन रूसी तेल के लिए जनरल लाइसेंस नहीं बढ़ाएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि ईरान युद्ध के बीच एशिया में बढ़ती ऊर्जा लागत का सामना कर रहे कई साझेदार देशों ने जी-20, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठक में चर्चा के दौरान वॉशिंगटन पर छूट बढ़ाने का दबाव डाला। यह घोषणा ईरान के विदेश मंत्री के इस टिप्पणी के बाद आई है कि युद्धविराम के दौरान होर्मुज जलमार्ग वाणिज्यिक जहाजों के लिए खुला रहेगा।



**श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में हज यात्रियों का पहला जत्था मक्का के लिए रवाना होते समय एक हज यात्री बच्ची को दुलारते हुए।**

## यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद नहीं करेगा रूस: ग्रुश्को

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा कि रूस, रूसियों के लिए शेंगेन वीजा नियमों में सख्ती के जवाब में यूरोपीय लोगों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने की योजना नहीं बना रहा है। ग्रुश्को ने कहा कि हमारी ओर से, हम यूरोपीय नागरिकों के लिए अपनी सीमाएं बंद करने या रूस में उनके प्रवेश को प्रतिबंधित करने की योजना नहीं बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानवीय संपर्क, पर्यटन, व्यापार और मानवीय संबंध बनाए रखना आवश्यक है। ग्रुश्को ने कहा कि यूरोपीय संघ द्वारा इन संबंधों को नष्ट करने के सभी प्रयासों के बावजूद, हमारा देश लोगों के बीच संबंध बनाने में रुचि रखता है।

# फिसा नवीनीकरण पर ट्रम्प को झटका

## रिपब्लिकन सांसदों की बगावत से अटका विधेयक, अपनी ही पार्टी के भीतर विरोध का सामना करना पड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उस समय अपनी ही पार्टी के भीतर दुर्लभ विरोध का सामना करना पड़ा, जब रिपब्लिकन सांसदों ने फॉरेन इंटेलिजेंस सर्विलांस एक्ट (फिसा) के नवीनीकरण को रोक दिया। इस घटनाक्रम से न सिर्फ सदन अध्यक्ष माइक जॉनसन को बड़ा झटका लगा, बल्कि ट्रम्प के प्रभाव पर भी सवाल खड़े हो गए, क्योंकि अब तक अधिकांश मामलों में रिपब्लिकन सांसद उनके समर्थन में एकजुट रहते थे।



■ **जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है**

विवाद के केंद्र में फिसा की धारा 702 है, जिसका उपयोग अमेरिकी खुफिया एजेंसियां विदेशी लक्ष्यों की निगरानी के लिए करती रही हैं। व्हाइट हाउस के जोरदार प्रयासों के बावजूद 20 से ज्यादा रिपब्लिकन सांसदों ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया और प्रक्रिया को रोक दिया। इस असफलता के बाद पार्टी नेतृत्व को मजबूरन इस निगरानी कार्यक्रम के लिए 10 दिन का अस्थाई विस्तार लागू करना पड़ा, जो अंतिम विकल्प था। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि ट्रम्प, जो आमतौर पर प्रमुख मतदानों में पार्टी को एकजुट रखने में सफल रहते हैं, इस बार असंतुष्ट सांसदों को मनाने में विफल रहे। जॉनसन के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उनकी रणनीति काफी हद तक ट्रम्प के प्रभाव पर निर्भर रही है। प्रशासन ने सांसदों को मनाने के लिए व्यापक प्रयास किए थे। इसमें ब्रीफिंग आयोजित करना, सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सीधे सांसदों से संवाद के लिए लाना और हाउस परिसर के पास एक अस्थाई सुरक्षित सुविधा स्थापित करना शामिल था, ताकि सदस्य आसानी से गोपनीय जानकारी देख सकें। शुरुआत में 'क्लीन एक्सटेंशन' पर जोर देने के बाद भी जब नेतृत्व ने बदलावों के संकेत दिए, तब तक कई सांसदों के लिए ये रियायतें अपर्याप्त साबित हुईं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने आरोप लगाया कि प्रक्रिया जल्दबाजी में चलाई गई और देर रात मतदान तथा अंतिम समय के बदलाव नागरिक स्वतंत्रता और निगरानी से जुड़े गंभीर मुद्दों को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं कर पाए। अन्य नेताओं ने आंतरिक मतभेदों को जिम्मेदार ठहराया। फिसा पर बहस लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा समर्थक धड़े और निजता पर जोर देने वाले धड़े के बीच विभाजन का कारण रही है। इस बार यह मतभेद इतना गहरा रहा कि समय रहते सहमति नहीं बन पाई।

# अफ्रीका के रास्ते मिडिल ईस्ट जा रहा अमेरिकी वॉरशिप

## हूती विद्रोहियों के हमलों से डरकर रास्ता बदला, 6000 नाविक और 3 डेस्ट्रायर भी साथ

**वाशिंगटन।** समुद्र में दुनिया के सबसे ताकतवर जंगी जहाजों में शामिल अमेरिका का विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश सीधा रास्ता छोड़कर लंबा चक्कर लगा रहा है। यह जहाज अब डेढ़ गुना ज्यादा दूरी तय करते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाकर ईरान के करीब पहुंच रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रेड सी का रास्ता हूती विद्रोहियों के खतरे से भरा है। जिससे बचने के लिए यह अमेरिकी सुपरकैरियर लंबा रास्ता लेने को मजबूर है।

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी कैरियर जिब्राल्टर, भूमध्य सागर और स्वेज नहर होते हुए रेड सी से गुजरते हैं। लेकिन इस बार अमेरिकी नौसेना ने यह रास्ता नहीं चुना है। इस कैरियर के साथ तीन डेस्ट्रायर और करीब 6000 नाविक हैं। दो अमेरिकी अधिकारियों ने एपी को बताया कि यह स्ट्राइक ग्रुप मिडिल ईस्ट तैनाती के लिए रवाना हुआ है। इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है। पेंटागन ने आधिकारिक तौर पर वजह नहीं बताई है, लेकिन संकेत साफ हैं कि अफ्रीका का रास्ता लेने से यह जहाज लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट से बच रहा है। हाल के सालों में इस इलाके को यमन के हूती विद्रोही ने असुरक्षित बना दिया है। इन हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन है और पहले भी वे लाल सागर और बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट जैसे अहम समुद्री रास्तों पर ड्रोन और मिसाइल हमले कर चुके हैं। यही वजह है कि दुनिया की सबसे ताकतवर नौसेना भी अब उस रास्ते से जाने से बच रही है। 2024 और 2025 में हूती हमलों में अमेरिकी और व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया गया था। हाल के महीनों में भी उन्होंने हमले फिर शुरू करने की धमकी दी है, जिससे यह इलाका असुरक्षित बना हुआ है। बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में गिना जाता है। यह रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और हर साल करीब 20 हजार जहाज यहां से गुजरते हैं। वैश्विक व्यापार का लगभग 10 प्रतिशत इसी रास्ते से होता है, खासकर तेल और गैस की सप्लाई के लिए यह बेहद जरूरी है। यह रास्ता भौगोलिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण है। इसकी सबसे संकरी जगह करीब 32 किलोमीटर चौड़ी है और यह दो हिस्सों में बंटा है। एक गहरा और चौड़ा रास्ता, पश्चिमी डक्ट-एल-मयून चौनल करीब 16 मील चौड़ा है जहां बड़े जहाज चलते हैं। दूसरा संकरा रास्ता पूर्वी चैनल बाब इस्कंदर करीब दो मील चौड़ा है जिसका इस्तेमाल छोटे जहाज करते हैं। पहले यहां खतरा प्राकृतिक कारणों जैसे चट्टानों और तेज हवाओं से था, लेकिन अब सबसे बड़ा खतरा बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से बन गया है। यूएसएस जार्ज एचडब्ल्यू बुश अमेरिका का 10वां और आखिरी निमिट्ज क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सुपरकैरियर है। निमिट्ज अमेरिका के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर युद्धपोतों की एक खास श्रेणी (क्लास) है, जो परमाणु ऊर्जा से चलते हैं और जिन पर लड़ाकू विमान तैनात होते हैं। यह जहाज करीब 6000 नाविकों और एयरक्रू के साथ तैनात है और इसके साथ तीन डेस्ट्रायर भी चल रहे हैं। मार्च के आखिर में यह अमेरिका के नारफोक बेस से रवाना हुआ था और हाल ही में नामीबिया के तट के पास देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह मिडिल ईस्ट की ओर जा रहा है। जहां यह यूएसएस अब्राहम लिंकन के साथ जुड़ सकता है, जो फरवरी से ही उस इलाके में आपरेशन कर रहा है।




■ **इस सबसे ताकतवर माने जाने अमेरिकी जहाज का इतना लंबा रूट लेना कोई आम बात नहीं है**

## अमेरिका-ईरान वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीद: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें ईरान के साथ वार्ता के अच्छे परिणाम की उम्मीद है और उन्हें विश्वास है कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब कुछ ही मतभेदों को सुलझाना बाकी है। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि वार्ता जारी है और सप्ताहांत में भी जारी रहेगी, और कई अच्छी बातें हो रही हैं। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा को 'बहुत अच्छी' बताया और उम्मीद जताई कि यह सिलसिला 'बहुत अच्छा' बना रहेगा। अमेरिकी नेता ने कहा कि ईरान के साथ सभी मतभेद सुलझ जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कोई बहुत महत्वपूर्ण मतभेद बचे हैं। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका-ईरान समझौते के अधिकांश बिंदुओं पर बातचीत हो चुकी है। ट्रम्प ने एरिजोना में कंजरवेटिव टर्निंग पॉइंट के एक कार्यक्रम में कहा कि इस प्रक्रिया में हम अच्छे से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन कौन जानता है? किसी के साथ भी कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन ईरान के साथ तो और भी ज्यादा। यह प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़नी चाहिए, और ज्यादातर मुद्दों पर पहले ही बातचीत हो चुकी है और सहमति बन चुकी है। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान समेत ईरान में ठिकानों पर हमले किए, जिससे नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए।

## कुश्नर, विटकॉफ और संभवतः वेंस ईरान के साथ बातचीत में लेंगे भाग: ट्रम्प

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत करने वाले दल में उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, उनके दामाद जारेड कुश्नर और संभवतः उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल होंगे। ट्रम्प ने इससे पहले कहा था कि उन्हें ईरान के साथ बातचीत की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि समझौते तक पहुंचने के लिए अब बहुत कम मतभेद सुलझाने शेष रह गए हैं। ट्रम्प ने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि स्टीव (विटकॉफ) और जारेड (कुश्नर) जाएंगे, और शायद उनके साथ जेडी (वेंस) भी। अभी इस बारे में जेडी से बात नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत 'केवल इस्लामाबाद' में होगी क्योंकि उनकी 'उन देशों में जाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, जिन्होंने मदद नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे नुकसान हुआ था और आम नागरिक हताहत हुए थे। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

## पाकिस्तान सेना-बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना व बलोच विद्रोहियों में भीषण गोलीबारी चल रही है। स्थिति यह है कि सैन्य अभियानों के बीच खारान, खुजदार और मस्तुंग सहित कई जिलों में हिंसा से विद्रोह और व्यापक हो गया है। सेना-विद्रोहियों में सशस्त्र झड़पों के बीच बड़ी संख्या में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। हालांकि, सीमित पहुंच के कारण इन खबरों पर पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बल खामोशी बनाए हैं। जबकि खारान में नया सैन्य अभियान शुरू होने का दावा निवासियों ने किया। सेना ने अलमार्क और किसान जैसे इलाकों में तड़के एक अभियान शुरू कर दिया। इस अभियान के दौरान, कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सेना के दस वाहनों के काफिले पर घात लगाकर हमला किया और दोनों पक्षों में गोलीबारी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने अपने ऊपर ड्रोन उड़ने की भी जानकारी दी, लेकिन हताहतों या अभियान के नतीजों के बारे में कोई भी पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। अधिकारी इन घटनाक्रमों पर चुप्पी साधे हैं। इसके बाद सोहिंदा में काफी देर तक गोलीबारी होती रही।

# होर्मुज सुरक्षा को लेकर पेरिस में हुआ बड़ा सम्मेलन

**पेरिस।** होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े वैश्विक व्यापार और सुरक्षा को लेकर फ्रांस और ब्रिटेन की मेजबानी में पेरिस में एक बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इस बैठक में कई देशों ने हिस्सा लिया, जिनका मकसद इस अहम समुद्री मार्ग से बिना रुकावट व्यापार सुनिश्चित करना था। भारत ने इस सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले भी वे अप्रैल में इसी तरह की एक बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए थे। बता दें कि भारत को इस सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी मिला था, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने की थी। यह बैठक फ्रांस की राजधानी पेरिस में स्थित एलिसी पैलेस में हुई। इसकी अध्यक्षता फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने की। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान गुजरता है। इसी कारण यहां किसी भी तरह की रुकावट का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। फिलहाल जहां एक तरफ ईरान इसे खुला बता रहा है, वहीं दूसरी तरफ दुनिया के कई देश इस रास्ते की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर रणनीति बना रहे हैं।

■ **भारत पर्यवेक्षक बना, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रतिनिधित्व किया मैक्रों-स्टार्मर ने की अध्यक्षता**

# लेबनान की स्थायी समझौते पर बातचीत का ऐलान

## लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गया: औन

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इजरायल के साथ सीजफायर के बाद स्थायी समझौते पर बातचीत करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम लेबनान के लोगों के अधिकारों, क्षेत्रीय एकता और देश की संप्रभुता की सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह घोषणा गुरुवार और शुक्रवार की आधी रात से लागू हुए 10 दिवसीय सीजफायर के बाद आई है, जिसका उद्देश्य इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच भीषण तनाव को कम करना है। राष्ट्रपति औन ने लेबनान के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश अब सीजफायर लागू करने से आगे बढ़कर लंबे समय तक स्थिरता बनाए रखने के बड़े चरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सीजफायर का श्रेय लेबनान के लोगों के संयुक्त प्रयासों और कुर्बानियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनयिक जुड़ाव को दिया। आउन ने स्पष्ट किया कि बातचीत कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह लेबनान के हितों की रक्षा करने और जानमाल के नुकसान व विस्थापन को रोकने का एक संप्रभु निर्णय है। उन्होंने कहा कि हजारों लेबनानी मारे गए हैं और विदेशी हितों के लिए अब और जानें नहीं जानी चाहिए। राष्ट्रपति औन ने कहा कि मैं इन फैसलों की पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं। उन्होंने एक ही सरकारी अथारिटी, संविधान और सेना के तहत देश की एकता की भी अपील की। औन ने आने वाले चरण के मुख्य मकसद बताए। इनमें लेबनानी क्षेत्र पर इजरायली हमलों को रोकना शामिल है। इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं। बेघर हुए नागरिकों की सुरक्षित वापसी मुमकिन बनाना भी एक अहम उद्देश्य है। इसके साथ ही सभी लेबनानी क्षेत्रों में सरकार का पूरा अधिकार वापस लाना भी इसमें शामिल है। इस बीच, हिजबुल्लाह की पालिटिकल काउंसिल के सदस्य वाफिक सफा ने बेरूत में बीबीसी अरबी को बताया कि समूह के हथियारों पर कोई मोलभाव नहीं हो सकता। सफा ने जोर देकर कहा कि हिजबुल्लाह कभी भी हथियार नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमले रुकने इजरायल के हटने, कैदियों की वापसी और बेघर हुए लोगों के अपने वतन लौटने से पहले, हिजबुल्लाह के हथियारों पर बात नहीं हो सकती। सफा ने चेतावनी दी कि हिजबुल्लाह नवम्बर 2024 से लागू सीजफायर जैसा कोई भी समझौता नहीं मानेगा, जो 2 मार्च 2026 को टूट गया था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल लेबनान सरकार के साथ राजनयिक और सैन्य समाधान का मौका देगा।



■ **इजरायली सेना की वापसी सुनिश्चित करना और कैदियों की वापसी भी प्रमुख लक्ष्य हैं: औन**

# जापान में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो।** जापान के उत्तरी नागानो प्रांत में शनिवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, स्थानीय समय के अनुसार दोपहर 1.20 बजे यह भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.0 मापी गई। प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने इस प्राकृतिक आपदा पर तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि भूकंप का केंद्र उत्तरी नागानो में था।

ओमाची शहर में सबसे ज्यादा असर देखा गया। प्रधानमंत्री ने स्थिति को संभालने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक विशेष संपर्क कक्ष स्थापित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नुकसान का जल्द से जल्द पता लगाएं और जनता तक सटीक जानकारी पहुंचाएं। प्रधानमंत्री ने प्रभावित इलाकों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में भी इसी तरह की तीव्रता वाले झटके महसूस हो सकते हैं। 'द जापान टाइम्स' के अनुसार, मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल इस भूकंप से सुनामी आने का कोई खतरा नहीं है। भूकंप का केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कई शहरों में भूकंप का असर अलग-अलग रहा। ओमाची शहर में तीव्रता पांच (ऊपरी स्तर) और नागानो शहर में तीव्रता पांच (निचली स्तर) दर्ज हुई।

■ **पीएम सनाए ताकाइची ने लोगों से अलर्ट रहने की अपील की**

# तुर्की में चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

## पाक, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री आपसी सहयोग बढ़ाने पर एकजुट हुए

अंकारा। तुर्की के अंटाल्या शहर में पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में चारों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। यह तीसरी परामर्श बैठक थी, जो ऐसे समय में हुई जब पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं।

इस बैठक को कूटनीतिक स्तर पर बड़ी पहल माना जा रहा है। इस बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार, सऊदी अरब के प्रिंस फैसल बिन फरहान, तुर्की के हाकन फिदान और मिस्र के बद्र अब्देलअती शामिल हुए। यह बैठक अंटाल्या डिप्लोमेसी फोरम के दौरान हुई। सभी नेताओं ने साझा हितों वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और एक मजबूत साझेदारी बनाने पर सहमति जताई। उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने माना कि मौजूदा समय में बातचीत और सहयोग ही तनाव कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के बीच संवाद जारी रहना चाहिए, ताकि किसी भी तरह के टकराव को रोका जा सके और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाया जा सके। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। हाल ही में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत हुई थी, लेकिन कोई ठोस समझौता नहीं हो सका। इन हालातों ने पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में आर्थिक दबाव और अस्थिरता का खतरा बढ़ा दिया है, जिस पर भी इस बैठक में चर्चा हुई। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री भी रहे इशाक डार ने चारों देशों के बीच एक सहयोगी ढांचा बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मिस्र, पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्की मिलकर शांति, समृद्धि और आर्थिक विकास के लिए साझा योजना तैयार करें।

■ **बैठक में बदलते क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा की गई**

## राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका यात्रा पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार से दो दिन की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह भारत के उपराष्ट्रपति की श्रीलंका की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति श्रीलंका के राष्ट्रपति महामहिम अनुरा कुमारा दिसानायका से मुलाकात करेंगे। वह रविवार को श्रीलंका की प्रधानमंत्री डा. हरिणी अमरासुरिया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मिलेंगे। वह भारतीय मूल के तमिल समुदाय के नेताओं और श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों के तमिल नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उपराष्ट्रपति कोलंबो में एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे।

# 48 घंटे में चार चीनी विमान गायब!

## ईरान में लैंडिंग के दावे से मचा हड़कंप, जानें क्या है मामला

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अब एक नया दावा सामने आया है, जिसने पहले से ही संवेदनशील भू-राजनीतिक माहौल को और पेचीदा बना दिया है। इस बार चर्चा जमीन पर नहीं, बल्कि आसमान में हुई कथित गतिविधियों को लेकर है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तेजी से वायरल हो रहे पोस्ट में टिप्पणीकार मारियो नवाफल ने मोसाद कमेंट्री का हवाला देते हुए दावा किया कि चीन के चार कार्गो विमान 48 घंटे के भीतर ईरान पहुंचे, लेकिन उससे पहले उन्होंने उड़ान के दौरान अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए। पोस्ट में कहा गया कि ये विमान ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से पहले गायब हो गए, जिसे एविएशन विशेषज्ञ अक्सर जानबूझकर लोकेशन छिपाने से जोड़ते हैं, न कि तकनीकी खराबी से। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि इन विमानों में हथियार और गोला-बारूद ले जाया जा रहा था। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। हालांकि, इन दावों की किसी भी सरकार या स्वतंत्र एजेंसी ने पुष्टि नहीं की है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर इनकी सत्यता स्थापित नहीं हो सकी है। इन दावों ने इसलिए भी ध्यान खींचा है क्योंकि ये ऐसे समय में सामने आए हैं जब चीन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आश्वस्त किया था कि वह ईरान को हथियार नहीं देगा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और हालिया संघर्षविराम के बीच यह मुद्दा पहले से ही बेहद संवेदनशील बना हुआ है। बीजिंग ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ईरान को सैन्य सहायता देने से जुड़े सभी मीडिया रिपोर्ट पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर कोई कदम उठाता है, तो चीन जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यह बयान उस व्यापक संदर्भ में आया है, जहां वाशिंगटन की ओर से उन देशों पर संभावित टैरिफ बढ़ाने के संकेत दिए गए हैं, जो ईरान की किसी भी तरह मदद करते पाए जाते हैं।



## फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक पहुंचीं अभिनेत्री, प्रतिदिन आठ घंटे कर रहीं मेहनत

# रश्मिका ले रहीं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग



**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने फिल्म मायसा के लिए बैंकॉक में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली है। नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में कदम रख रही हैं और इसकी वजह उनकी आने वाली पैन-इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म मायसा है। फिल्म की इंटेंस झलक ने पहले ही काफी चर्चा बटोर ली थी, लेकिन अब रश्मिका की ऑफ-स्क्रीन मेहनत उम्मीदों को और भी ज्यादा बढ़ा रही है। डेब्यू डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले के निर्देशन और अनफॉर्मुला फिल्म्स के प्रोडक्शन में बन रही मायसा में रश्मिका एक आदिवासी गोंड लड़की के रोल में हैं, एक ऐसा किरदार जिसमें इमोशनल गहराई के साथ-साथ जबरदस्त शारीरिक ताकत की भी जरूरत है। इंटरनेशनल एक्शन डायरेक्टर एंडी लॉन्ग की देखरेख में इसके स्टंट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा में फीमेल-लेड एक्शन के लिए एक नया पैमाना सेट करने की तैयारी में है।

फिल्म की स्क्रिप्ट सुनने के बाद रश्मिका ने एक बड़ा फैसला लिया और वह है खुद को इस रोल के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार करने का। एक्शन को एकदम असली और दमदार दिखाने के लिए रश्मिका बैंकॉक गई हैं, जहां वो एक इंटेंस स्टंट और कॉम्बैट बूटकैंप में हिस्सा ले रही हैं। वहां उनका डेली रूटीन काफी मुश्किल भरा है। वो हर दिन लगभग आठ घंटे ट्रेनिंग कर रही हैं, जिसमें वो दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है। रश्मिका की इस कड़ी मेहनत को देखकर साफ है कि मायसा उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक बड़ा बदलाव और मील का पत्थर है, जिसे वो हर हाल में हासिल करना चाहती हैं। जैसे-जैसे शूटिंग और तैयारी जोर-शोर से आगे बढ़ रही है, उनके इस अनोखे अवतार को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ती जा रही है। इस फिल्म में ईश्वरी राव, गुरु सोमसुंदरम और राव रमेश जैसे बेहतरीन कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। श्रेयस पी कृष्णा सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं, जबकि जेक्स बिजॉय ने संगीत दिया है। इंटरनेशनल स्टंट कोरियोग्राफर एंडी लॉन्ग इस बड़े प्रोजेक्ट के एक्शन सीन्स की देखरेख कर रहे हैं।

**अभिनेत्री दुनिया भर के एक्सपर्ट्स से एडवांस स्टंट तकनीक, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन सीख रही हैं। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में रश्मिका का एक अलग ही रूप दिख रहा है, बेहद फोकस्ड और निडर, जो उनके अब तक के सॉफ्ट किरदारों से बिल्कुल अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का एक अहम 16 दिनों का एक्शन शेड्यूल शुरू करेगी और रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग खास तौर पर इसी मुश्किल हिस्से के लिए तैयार की गई है।**

# विजय-शौर्ययुव ने नए प्रोजेक्ट के लिए मिलाया हाथ



**मुंबई।** अभिनेता विजय देवरकोंडा और निर्देशक शौर्ययुव एक ऐसे प्रोजेक्ट के लिए साथ आए हैं जो बड़े स्केल, ऊंचे इरादों और ग्लोबल सिनेमा की तरफ एक साहसी कदम का इशारा देता है। अनाउंसमेंट पोस्टर में विजय देवरकोंडा को लोहे की जंजीरों से बंधे चार कुत्तों के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है, जबकि उनके पीछे 6-7 आदमी चल रहे हैं। यह पोस्टर सिर्फ एक फिल्म का ऐलान नहीं है, बल्कि यह उस चीज को बनाने के बारे में है जो तभी मुमकिन है जब यह सब एक साथ आएं। टीम ने दैट्स यह रोर नाम से एक थीम सॉन्ग भी जारी किया है। यह गाना इस बारे में है कि जिंदगी आपके सामने कैसी भी मुश्किलें क्यों न खड़ी कर दे, आपको हार नहीं माननी है। यह दिखाता है कि कैसे एक इंसान दर्द, संघर्ष और नाक. ामियों का सामना करने के बावजूद फिर से खड़े होने और आगे बढ़ने का फैसला करता है। यह कहता है कि ताकतवर होने के लिए आपको नाम या शोहरत की जरूरत नहीं है, असली ताकत कभी हार न मानने में है। जब आप मुश्किल वक्त में भी एक छोटा कदम बढ़ाते हैं, तो वही आपकी असली दहाड़ है। यह प्रोजेक्ट एक पैरेलल माइथोलॉजिकल यूनिवर्स में सेट है।एक ऐसी दुनिया जो प्राचीन तो लगती है पर पूरी तरह काल्पनिक है। यह जानी-पहचानी होते हुए भी एकदम नई और ओरिजिनल है। यह पौराणिक कथाओं की आत्मा से जुघी है लेकिन उनकी सीमाओं में बंधने से इनकार करती है। यह एक ऐसा धमाका है जो उम्मीदों को आसमान पर ले जाता है। टीम में बघे ग्लोबल नामों के जुघ्ने से विजय देवरकोंडा और शौर्ययुव दुनिया भर में छा जाने के लिए तैयार हैं और इस प्रोजेक्ट की हर एक चीज एकदम किलर लग रही है।

### 1100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर: द रिवेंज ने भारतीय बाजार में 1103 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सीक्वल धुरंधर: द रिवेंज बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। फिल्म का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धुरंधर: द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674.17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 263.65 करोड़ की जोरदार कमाई की।

# एक समय था जब बॉलीवुड पर छा गई थीं पूनम ढिल्लो

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पूनम ढिल्लों आज 64 वर्ष की हो गई। पूनम ढिल्लों का जन्म 18 अप्रैल 1962 को उत्तरप्रदेश के कानपुर में हुआ था। उनके पिता अमरीक सिंह भारतीय वायु सेना में विमान इंजीनियर थे। पूनम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चंडीगढ़ कार्मेल कान्वेंट हाई स्कूल से पूरी की।

1977 में पूनम ढिल्लो को अखिल भारतीय सौन्दर्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला, जिसमें वह पहले स्थान पर आईं। इस बीच पूनम की खूबसूरती से प्रभावित होकर निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा ने अपनी फिल्म त्रिशूल में उनसे काम करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी में कार्यरत उनके करीबी दोस्त गार्गी ने उन्हें



समझाया कि फिल्मों में काम करना कोई बुरी बात नहीं है। पूनम ढिल्लो के परिजनों ने उन्हें इस शर्त पर फिल्मों में काम करने की इजाजत दी कि वह स्कूल की छुट्टियों के दौरान ही फिल्मों में एक्टिग करेंगी। फिल्म त्रिशूल में पूनम को संजीव कुमार, शशि कपूर और अमिताभ बच्चन जैसे धुरंधर सितारों के साथ काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उन्होंने संजीव कुमार की बेटी की भूमिका निभाई, जो अभिनेता सचिन से प्रेम करती है। फिल्म में उन पर फिल्माया गया गाना गप्पूजी उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गया था। फिल्म त्रिशूल टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद कई फिल्मकारों ने पूनम ढिल्लों से अपनी फिल्म में काम करने कीपेशकश की लेकिन उन्होंने उन सारे प्रस्तावों को ठुकरा दिया क्योंकि वह अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थी। वर्ष 1979 में यश चोपड़ा के ही बैनर तले बनी फिल्म नूरी में पूनम को काम करने का अवसर मिला। बेहत. रीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने न सिर्फ उन्हें बल्कि एक्टर फारूख शेख को भी स्टार के रूप में स्थापित कर दिया।

### मटका किंग ने प्राइम वीडियो इंडिया पर नंबर 1 पर एंट्री मारी



**मुंबई।** सीरीज मटका किंग 17 अप्रैल 2026 को रिलीज होते ही सिर्फ 24 घंटे में प्राइम वीडियो इंडिया पर सबसे ज्यादा देखने जाने वाली सीरीज बन गई। यह शो बेल्जियम जैसे इंटरनेशनल मार्केट्स में भी टॉप ट्रेंड कर रहा है। इस सीरीज का निर्देशन नागराज पोपटराव मंजुले ने किया है, जिसमें लीड रोल में विजय वर्मा हैं। इस सीरीज में कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदार में नजर आ रहे हैं। मटका किंग को सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपने बैनर रॉय कपूर फिल्म्स के तहत प्रोडयूस किया है।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया ने तृप्ति को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** ग्लोबल फैशन और लाइफस्टाइल रिटेल कंपनी, अपैरल ग्रुप ने तृप्ति डिमरी को विक्टोरिया सीक्रेट इंडिया का पहली ब्रांड एंबेसडर बनाया है। विक्टोरिया सीक्रेट, जिसमें इसके प्रमुख ब्रांड्स विक्टोरिया सीक्रेट और पिक शामिल हैं, ने भारत में अपना समर सिग्नेचर कैंपेन लॉन्च किया है। यह ब्रांड्स आत्मविश्वास, खुशी और आकर्षण को बढ़ावा देने पर फोकस करते हैं। इस कैंपेन में जानी-मानी भारतीय अभिनेत्री और नई ब्रांड एंबेसडर तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। समर सिग्नेचर कलेक्शन में आरामदायक और आसानी से पहनने वाली लॉन्जरी और स्लीपवियर शामिल हैं, जिनमें ब्रांड का सिग्नेचर स्ट्राइप डिजाइन देखने को मिलता है। इस कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो रोजमर्रा के आराम के लिए बनाए गए हैं। वहीं, स्लीपवेयर में सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन स्लिप और सिग्नेचर स्ट्राइप्ड साटन लॉन्ग पायजामा सेट शामिल हैं, जो आराम के साथ हल्कापन और लक्जरी एहसास देते हैं। इसके साथ ही समर सिग्नेचर के साथ कूल एयर कलेक्शन और कैंपेन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी ने कहा, विक्टोरिया सीक्रेट के साथ जुड़कर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो हर महिला की अपनी पहचान को सेलिब्रेट करता है और उसे आत्मविश्वास के साथ खुद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। सिग्नेचर कूलब्रा और समर सिग्नेचर कलेक्शन खास तौर पर आराम और सहजता पर आधारित हैं और यही बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई।

**कलेक्शन की सादगी और ग्लैमर के साथ तृप्ति का सहज आत्मविश्वास इस कैंपेन को और भी खास बनाता है। इस कलेक्शन में सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो टी-शर्ट, वायरलेस ब्रा और सिग्नेचर स्ट्राइप लोगो पैंटी जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं।**